







# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 204

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

बुधवार | 08 मई, 2024


**11 राज्यों की 93 सीटों पर वोटिंग खत्मः** 65 प्रतिशत मतदान, असम में सबसे ज्यादा 75.53 प्रतिशत, सबसे कम महाराष्ट्र में 55.54 प्रतिशत

# लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 65 प्रतिशत से अधिक मतदान

**यूपी की 10 सीटों पर 57.34 प्रतिशत मतदानः** हंगामे के बीच संभल में सबसे ज्यादा 62.81 प्रतिशत, सबसे कम आगरा में 53.99 प्रतिशत वोटिंग

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 लोकसभा सीटों पर मंगलवार सुबह 7 बजे से जारी वोटिंग शाम छह बजे खत्म हो गई है। चुनाव आयोग के वोटर टर्नआउट ऐप पर रात 9 बजे तक के अपडेट के मुताबिक, 65.07 प्रतिशत लोगों ने वोट डाले। असम में सबसे ज्यादा 75.53 प्रतिशत, सबसे कम महाराष्ट्र में 55.54 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। इससे पहले शाम पांच बजे तक 63.77 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 73.93 प्रतिशत और सबसे कम महाराष्ट्र में 53.40 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। वहीं दोपहर तीन बजे तक 53.60 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 63.11 प्रतिशत वोटिंग हुई और सबसे कम महाराष्ट्र में 42.63 प्रतिशत लोगों ने वोट डाले थे। बिहार में वोटिंग के दौरान पीठासीन अधिकारी और होमगार्ड जवान की मौत हो गई है। छत्तीसगढ़ के जशपुर में मतदान करने पहुंचे एक बुजुर्ग वोटर की मौत हो गई। वहीं, पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के भाजपा कैंडिडेट और टीएमसी समर्थक के बीच झड़प हुई है। यूपी के संभल में पुलिस ने लोगों पर लाठीचार्ज किया। इसमें कुछ लोग घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद स्थित निशान हायर सेकेंडरी स्कूल में वोट डाला। उनके साथ गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री सफेद कुर्ता-पायजामा और भगवा जैकेट पहने हुए थे। वहीं अमित शाह सफेद कुर्ता-पायजामा के साथ भगवा रंग का गमछा लिए हुए थे। पीएम मोदी कार से उतरने के बाद अमित शाह के साथ पैदल ही लोगों का अभिवादन करते हुए बूथ तक पहुंचे और मतदान किया। वोट डालने के बाद प्रधानमंत्री ने बच्चों के हाथ पर ऑटोग्राफ दिया। लोगों के साथ तस्वीरें क्लिक करवाईं। एक बच्ची को गोद में लेकर हवा में उछाला। मीडिया से बातचीत में उन्होंने लोगों से बड़ी संख्या में वोटिंग की अपील की। साथ ही गर्मी को देखते हुए खूब सारा पानी पीने को कहा।

### फिलीपीन्स और श्रीलंका के दल ने देखी मतदान प्रक्रिया

लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया देखने आए फिलीपीन्स और श्रीलंका के 11 सदस्यीय दल ने सांची विधानसभा के दीवानगंज के मतदान केंद्र पहुंचकर चुनाव प्रक्रिया का जायजा लिया। यहां डेलीगेशन का फूल माला पहनाकर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

### बग्गी में सवार होकर वोट डालने पहुंचे युवा मतदाता

मध्य प्रदेश की सागर लोकसभा सीट के जैसीनगर में पहली बार वोट डाल रहे युवा मतदाता बग्गी में सवार होकर मतदान केंद्र पहुंचे। सभी ने उत्साह के साथ मतदान कर वोट डालने की अपील की।

### 50 के खिलाफ होगी कार्रवाई

संभल पुलिस ने कहा है कि जिले में 50 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों को फर्जी मतदान का प्रयास करते हुए पकड़ा गया है। उनकी जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### चुनाव में निष्पक्षता तार-तार

फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र में चुनाव में निष्पक्षता तार-तार हो गई। बैलेट यूनिट का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है। भाजपा कार्यकर्ता मोबाइल लेकर बूथ के अंदर पहुंचा। वोट डालने के दौरान बैलेट यूनिट का फोटो खींच लिया और फिर वायरल कर दिया।



### रायपुर में जिंदा व्यक्ति को मरा बताकर मतदान करने से रोका

रायपुर के श्याम नगर इलाके से सचदेवा इंटरनेशनल स्कूल स्थित मतदान केंद्र में तेलीबांधा के रहने वाले सुधीर कुमार मंडपे मतदान करने पहुंचे। उन्होंने बताया कि निर्वाचन अधिकारियों ने उन्हें वोटिंग पर्ची दी। जब वे बूथ नंबर 10 के अंदर गए तो वहां कर्मचारियों ने रिकॉर्ड चेक करने के बाद उन्हें मृत बता दिया। खुद को मृत सुनकर वे हड़बड़ा गए। इसके बाद उन्होंने उच्च अधिकारियों से शिकायत की। इसके बाद अफसरों ने रिकॉर्ड की जांच करने की बात की है।





## पीएम मोदी और अमित शाह ने अहमदाबाद में किया मतदान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को अहमदाबाद में मतदान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पैदल चलकर पोलिंग बूथ तक पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उनके स्वागत में जुटे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी लोगों का अभिवादन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद के निशान हायर सेकेंडरी स्कूल में अपना वोट डाला। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने परिवार के साथ नारनपुरा के मतदान केंद्र पर वोट डाला। बता दें कि गांधीनगर लोकसभा सीट से अमित शाह दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं।

### बुजुर्ग महिला ने बांधी राखी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब मतदान करने पहुंचे तो अहमदाबाद की जनता से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सड़क के दोनों तरफ लोगों की भीड़ थी। बच्चे-बूढ़े सभी पीएम की एक झलक पाने को बेताब दिख रहे थे। पीएम मोदी ने कई बच्चों को ऑटोग्राफ दिया तो वहीं एक बच्चे को खिलाया भी। इसी दौरान एक बुजुर्ग महिला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कलाई पर राखी भी बांधी।

### मतदान के बाद क्या बोले पीएम मोदी?

मतदान करने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि भारत की चुनाव प्रक्रिया, चुनाव प्रबंधन दुनिया के लोकतंत्रों के लिए सीखने का एक उदाहरण है। दुनिया के सबसे बड़े विश्वविद्यालयों को एक केस स्टडी करनी चाहिए।

### गुजरात की 5 विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव

लोकसभा चुनावों के साथ गुजरात में वीजापुर, पोरबंदर, माणावदर, खंभात और वाघोडिया विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव हो रहे हैं। इन पांच सीटों में वीजापुर, पोरबंदर, माणावदर, खंभात से कांग्रेस के विधायको और वाघोडिया विधानसभा सीट से निर्दलीय विधायक धर्मेंद्र सिंह वाघेला ने इस्तीफा दिया था। ये सभी अब बीजेपी में शामिल हो चुके हैं और बीजेपी के टिकट पर दोबारा इन्हीं सीटों से विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

### यूपी में संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, बरेली और आंवला में वोटिंग हुई

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में वेस्ट यूपी की 10 सीटों पर मतदान खत्म हो गया है। 57.34 प्रतिशत वोटिंग हुई है। सबसे ज्यादा संभल में 62.81 प्रतिशत और सबसे कम आगरा में 53.99 प्रतिशत वोटिंग हुई। संभल में पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पुलिस ने लोगों को दौड़ाकर पीटा। पुलिस का कहना है, सभी मतदान को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे थे, इसलिए हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। शिवपाल ने आरोप लगाया है कि अधिकारी बईमानी कर रहे हैं, वोटर की नजर में टेरर फैला रहे हैं। यूपी में आज संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, बरेली और आंवला में वोटिंग हुई। फिरोजाबाद पुलिस ने 42 फर्जी वोटर्स को पकड़ा है। मैनपुरी में भाजपा कार्यकर्ताओं पर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। इसमें कार के शीशे टूट गए। हालांकि किसी को चोट नहीं आई है। सैफई में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पत्नी डिंपल यादव के साथ मतदान किया। 10 सीटों पर 100 कैंडिडेट चुनावी मैदान में हैं। इनमें 8 महिला प्रत्याशी हैं। थर्ड फेज में मुलायम परिवार से तीन सदस्य चुनावी मैदान में हैं। मैनपुरी से डिंपल यादव, फिरोजाबाद से अक्षय यादव और बदायूं से आदित्य यादव की प्रतिष्ठा दांव पर है। मोदी सरकार के कैबिनेट मंत्री एसपी सिंह बघेल (आगरा) और योगी सरकार के दो कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह (मैनपुरी) और अनूप प्रधान वाल्मीकि (हाथरस) के सामने खुद को साबित करने की चुनौती है।

### आगरा में वोट डालने गए युवक पर कहर बनकर टूटे पुलिसकर्मी

आगरा में तीसरे चरण के मतदान के दौरान वोट डालने के लिए गया युवक पुलिसकर्मियों की बर्बरता का शिकार हो गया। मामला थाना ताजगंज क्षेत्र के पुरानी मंडी स्थित नगर निगम पोलिंग बूथ का बताया जा रहा है। युवक ने बताया कि वो वोट डालने के बाद बूथ के अंदर से आ रही अपनी पत्नी का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उस पर लाठी बरसाना शुरू कर दीं। वो अपनी सफाई देता रहा, लेकिन पुलिस वालों ने उसकी एक न सुनी।

### भगदड़ का वीडियो आया सामने

संभल की असमोली विधानसभा क्षेत्र के गांव ओबरी में मतदान केंद्र पर लोगों के भागने का वीडियो सामने आया है। आरोप है कि पुलिस मतदान नहीं करने दे रही है। इसे लेकर कांग्रेस और सपा ने एक्स पर पोस्ट किया है। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि संभल लोकसभा में प्रशासन खुलेआम सत्ता के संरक्षण में चुनाव प्रभावित कर रहा है। आरोप लगाया कि असमोली विधानसभा के ग्राम ओवरी में पुलिस बल मतदाताओं के साथ अभद्रता और मारपीट कर रहा है। इसके अलावा उन्हें वोट डालने से रोका जा रहा है। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क और गठबंधन दल के घटक दलों के नेता और कार्यकर्ताओं ने जब इसका विरोध किया तो प्रशासन ने उसके साथ बल प्रयोग किया।



### मैनपुरी में प्रभावित किया जा रहा मतदानः डिंपल यादव

मैनपुरी से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने भाजपा प्रत्याशी और उनके रिश्तेदारों पर मतदान को प्रभावित करने का आरोप लगाया। डिंपल यादव ने कहा कि सत्ता में बैठे लोग असुर प्रवृत्ति के हैं। संविधान को खत्म करने की साजिश हो रही है। राम को मानने वाले सभी का सम्मान करते हैं। भाजपा राम के नाम पर सिर्फ वोट मांगती है।

## राम-कृष्ण का अपमान करने वालों को वोट की ताकत से औकात पर ला दीजिएः योगी

जन एक्सप्रेस | सीतापुर

- मुख्यमंत्री योगी ने सीतापुर के सांसद व भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा को फिर से जिताने की अपील की

आप नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में हैं। कई पीढ़ियां जिस कार्य को नहीं देख पाईं, उसे हम सबने अपनी आंखों से देखा। अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बन गया, लेकिन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ने बयान दिया है कि राम मंदिर का निर्माण बेकार हुआ है। यही बयान अगर वह किसी मुसलमान के खिलाफ दिये होते तो मुसलमान बर्दाश्त नहीं करता, लेकिन आपके लिए उनके मन में जो भी आ जाए, वह बोल देंगे। क्या आप यह बर्दाश्त कर पाएंगे। सीएम ने आह्वान किया कि जो राम-कृष्ण व आस्था का अपमान कर रहे हैं। उन्हें चुनाव में वोट की ताकत दिखा दीजिए और औकात पर ला दीजिए। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने मंगलवार को सेउता-बिसवां रोड पर आयोजित जनसभा में सीतापुर के सांसद व 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा को फिर से जिताने की अपील की। सीएम ने बिन नाम लिए सपा को चेताया कि यह लोग सत्ता से कोसों दूर हैं। चुनाव के बाद इनकी गर्मी अपने आप ठीक हो जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि सपा नौजवानों के हाथों में तमंचे देती थी, हमने उन्हें टैबलेट दे दिया। अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं तो माफिया-अपराधियों का रामनाम सत्य की यात्रा भी निकल रही है। सपा के लोग रामभक्तों पर गोली चलाते हैं और आतंकियों की आरती उतारते हैं। उनके मुकदमे वापस लेते हैं। रामभक्तों के निधन पर खुशी मनाते हैं और माफिया की मौत पर घड़ियाली आंसू बहाते हैं।



### सर्वाधिक आवास व शौचालय सीतापुर में बने

सीएम ने सीतापुर व सेवता के नागरिकों के प्रति अपना लगाव प्रदर्शित किया। बोले कि यह जनपद भाजपा प्रत्याशियों के लिए शुभ है। जब भी मेरा आगमन हुआ है तो आपका आशीर्वाद भाजपा प्रत्याशियों को मिला। आपके आशीर्वाद से ज्ञान तिवारी विधायक बने और सांसद राजेश वर्मा के साथ मिलकर बाढ़ की समस्या के समाधान में लगभग पूरी सफलता प्राप्त कर ली है। देश में गरीबों को सबसे अधिक आवास व शौचालय सेवता विधानसभा और सीतापुर जनपद को मिला। सर्वाधिक किसान सम्मान निधि का लाभ सीतापुर जनपद को मिला है। आपने अच्छे जनप्रतिनिधियों को चुना है।

### जल्द ही सीतापुर में चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें

सीएम योगी ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश में हाइवे बन रहे हैं। नमो भारत, वंदे भारत, अमृत भारत ट्रेनें चल रही हैं। एक्सप्रेसवे के साथ-साथ सीतापुर में हमारी सरकार ने नैमिषारण्य का भव्य पुनरोद्धार किया है। अब हम सीतापुर को इलेक्ट्रिक बस से जोड़ने की कार्रवाई बढ़ा रहे हैं। यहां की सभी समस्याओं का निदान कर रहे हैं। सीएम योगी ने विपक्षियों पर तंज कसते हुए कहा कि पाकिस्तान के हिमायती लोगों को बताइए कि भारत को तोड़कर बने पाकिस्तान में लोग भूखों मर रहे हैं। एक किलो आटा के लिए छीनझपटी हो रही है और भारत 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन दिया जा रहा है।

### गरीबों की पीड़ा के साथ खड़े हैं हमारे विधायक-सांसद

सीएम योगी ने कहा कि हमारे विधायक व सांसद गरीबों की पीड़ा के साथ खड़े हैं। इन लोगों ने इलाज के लिए शासन से गरीबों को सुविधाएं और पैसे उपलब्ध करवाए हैं। सपा-कांग्रेस के समय यह पैसा गरीबों को नहीं देते थे, बल्कि बांट लेते थे। लेकिन उप्र सरकार बेटी के जन्म से लेकर शादी-विवाह के योग्य होने तक का खर्च उठा रही है। भाजपा गरीब कल्याणकारी योजना, सुरक्षा, विकास व सम्मान दे रही है। पीएम मोदी ने तीन करोड़ ड्रोन दीदी लखपति दीदी के रूप में बनाने का संकल्प लिया है। डबल इंजन सरकार इन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने का कार्य करेगी। सीएम ने सीतापुर वासियों से भावनात्मक संवाद भी स्थापित किया। बोले कि परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पांडेय यहां की माटी का लाल है। उन्होंने भारत के लिए कारगिल में विजयश्री का वरण किया और दुश्मनों के छक्का छुड़ाते हुए बलिदान हो गए। यह कांग्रेसी-सपाई आतंकवादियों, गोहत्या का समर्थन और राम मंदिर का विरोध करते हैं।

## शिक्षक भर्ती घोटाले में कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले पर 'सुप्रीम' रोक

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है। दरअसल कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राज्य में 25,753 शिक्षकों और गैर शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती को अवैध करार दिया था।

### सीबीआई को जांच जारी रखने की अनुमति

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पादरीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिसरा की पीठ ने सीबीआई को इस मामले में अपनी जांच जारी रखने की भी अनुमति दी है। सीबीआई को निर्देश दिया गया है कि जांच के दौरान किसी के भी खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। इससे पहले मुख्य न्यायाधीश ने राज्य सरकार के वकील से सवाल पूछा कि शिक्षक भर्ती से जुड़ी कॉपियां क्यों खत्म की गईं? जिसके जवाब में वकील ने कहा कि कॉपियां अब नहीं मिल सकती। सुप्रीम कोर्ट ने फिर पूछा कि आखिर ऐसा कैसे हो सकता है? ऐसे तो लोग सरकार से भरोसा खो देंगे।



### सभी नियुक्तियों को रद्द करना नासमझीः सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पूरी तरह से नियुक्तियों को रद्द करना नासमझी है। वैध और अवैध भर्तियों को अलग करने की जरूरत है। पश्चिम बंगाल सरकार इसके तरीके को तय कर सकती है।

### निजी कंपनी के सीनियर मैनेजर के परिसर में तलाशी अभियान, 1.42 करोड़ रुपये से अधिक का कैश जब्त

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के सहायक निदेशक की गिरफ्तारी के मामले में सीबीआई ने मंगलवार को भी कार्रवाई की। सीबीआई ने रिलायबल एनालिटिकल लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंधक हर्षल चौगुले के परिसर की तलाशी ली। इस दौरान 1.42 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गई।

**रिपोर्ट** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बीच समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने राम मंदिर को लेकर विवादित बयान दिया

## अयोध्या का राम मंदिर बेकार का मंदिर हैः रामगोपाल यादव

जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा

- कहा, राम मंदिर का नक्शा ठीक नहीं बना है
- वास्तु के हिसाब से ठीक नहीं बनाया गया है
- लोग अपने-अपने ढंग से इस बयान के गुणा भाग लगा रहे हैं

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बीच समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने राम मंदिर को लेकर विवादित बयान दिया है। इसके बाद भाजपा ने भी उन पर पलटवार किया है। इस तरह के बयान पर राजनीति गरमा गई है। लोग अपने-अपने ढंग से इस बयान के गुणा भाग लगा रहे हैं। सपा नेता रामगोपाल यादव ने मंदिर पर टिप्पणी करते हुए कहा, 'वो मंदिर बेकार का है। मंदिर ऐसे नहीं बनते। राम मंदिर का नक्शा ठीक नहीं बना है। वास्तु के हिसाब से ठीक नहीं बनाया गया है'।



### 'भगवान राम इन लोगों को दंड देंगे'

इससे पहले रामनवमी के मौके पर समाजवादी पार्टी के सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने एक बड़ा बयान दिया था। एक सवाल के जवाब में बीजेपी पर हमला बोलते हुए रामगोपाल यादव ने कहा था कि रामनवमी हमेशा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती रही है। रामनवमी के कुछ लोगों ने पेटेंट करा लिया है। यह उनकी बपौती नहीं है। इसके अलावा उन्होंने कहा था, 'करोड़ों लोग हजारों वर्षों से रामनवमी मनाते आ रहे हैं और इस देश में केवल एक राम मंदिर नहीं है। उन्होंने अधूरी प्राण-प्रतिष्ठा की है और शंकराचार्य इसके खिलाफ थे। बीजेपी को सजा देंगे। मैंने कभी किसी की पूजा नहीं की। मैं दिखावा नहीं करता हूं। मैं भगवान का नाम लेता हूं। लेकिन पाखंडी नहीं हूं। पाखंडी लोग ये सब करते हैं। भगवान राम इन लोगों को दंड देंगे'।

### ये राम के अस्तित्व को नकारने वाले लोग हैंः योगी

रामगोपाल यादव के बयान पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने पलटवार करते हुए कहा, 'समाजवादी पार्टी आस्था का सम्मान नहीं करती है। ये राम के अस्तित्व को नकारने वाले लोग हैं'।

### प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं

इसी साल अयोध्या में तैयार हुए राम मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम को समूचे भारत में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। करोड़ों लोगों की निगाहें उस दिन प्रभु श्रीराम पर टिकी हुई थीं। मंदिर के उद्घाटन होने के बाद से औसतन प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। शुरुआती दौर में मंदिर में रखे गए दानपात्र को दिन भर में कई बार खाली करना पड़ता था।

# अलग-अलग 3 स्थानों में नलकूप खराब होने से आधा दर्जन मोहल्लों की जलापूर्ति ठप्प

**जन एक्सप्रेस। कालपी**



भीषण गर्मी का मौसम शुरू होते ही नगरीय पेयजल आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। नगर के 3 अलग-अलग स्थानों में नलकूपों में खराबी आ जाने के कारण आधा दर्जन से अधिक मोहल्ले में पानी की आपूर्ति ठप्प हो गई है। भीष्ण गर्मी को देखते हुए मोहल्लेवासी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं।

नगर में जलापूर्ति करने के लिए अलग-अलग 15 स्थानों में जल संस्थान के नलकूप स्थापित हैं। नई बस्ती में इंदिरा पार्क के समीप में स्थित नलकूप में बिजली का तगड़ा फाल्ट आने से विधुत पैनल आदि उपकरणों में गड़बड़ी होने से संचालन बंद हो गया। राम चबूतरा, नई बस्ती आदि मोहल्लों में जलापूर्ति ठप्प हो गई। विगत 5 मई को महमूदपुरा नलकूप की सब्सेबिल की मोटर फुक गयी। जिससे नलकूप का संचालन ठप्प हो गया। नलकूप बन्द हो जाने से मुहल्लों में जलापूर्ति ठप्प हो गयी। मुहल्ला निवासियों लखन लाल, दीपक कुमार आदि नागरिकों ने बताया कि हम लोगों को तीन दिन से पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। अवर अभियंता आलोक श्रीवास्तव के निर्देशन पर मंगलवार को नलकूप की मोटर को बदलने का काम शुरू कराया गया है। इसी प्रकार शनिवार की दोपहर को बंदरो के द्वारा हाईटेंशन लाइन में फाल्ट हो गया। जिससे सब्जी मंडी स्थित नलकूप नम्बर-12 में खराबी आ जाने से राजेपुरा आदि मुहल्ले में आपूर्ति व्यवस्था ठप्प हो गई। वरिष्ठ लिपिक शुजाउत हुसैन ने बताया कि नलकूपों को सुधारने का काम तेजी से चल रहा है। दो नलकूपों को दुरुस्त करा दिया गया है। एक नलकूप में समसरसेविल मोटर बदलने का काम चल रहा है।जल्द ही आपूर्ति व्यवस्था पटरी पर आ जायेगी।

# रन फार वोट मतदाता जागरूकता रैली डीएम ने किया शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन के क्रम में मंगलवार को नगर पालिका परिषद कर्वी कार्यालय के पास से रन फार वोट मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर नगर पालिका परिषद कर्वी से रवाना किया। रैली नगर पालिका परिषद कर्वी के पास से चलकर पुरानी बाजार, बस स्टाप, धनुष चैराहा होते हुए पटेल तिराहा पर समाप्त की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी ने कहा कि रैली का मुख्य उद्देश्य जनपद में मतदान प्रतिशत को बढाना है। उन्होंने जनपद वासियों से अपील की है कि 20 मई को अपने मतदान केन्द्रों पर जाकर अधिक से अधिक अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, उप जिलाधिकारी आलोक सिंह, क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव, अपर सांख्यिकी अधिकारी बी एल यादव, सफाई निरीक्षक नगर पालिका परिषद कर्वी कमलाकांत शुक्ला आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में आज शहर के किंग्सन इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों ने नगर पालिका के पास मतदान प्रतिशत को बढाने के लिए जागरूकता संदेश दिया। इस मौके पर मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य सत्यप्रकाश द्विवेदी ने बच्चों से कहा कि सभी बच्चे अपने घर के मतदाताओं को आगामी 20 मई को मतदान केंद्र पर जरूर भेजें और स्वतंत्र रूप से बिना किसी दबाव के मतदान करने की अपील करें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दुष्कर्म के आरोपी को सुनाई गई बीस वर्ष के कठोर कारावास की सजा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** न्यायालय की पॉक्सो एक्ट कोर्ट में करीब साढ़े तीन वर्ष चले ट्रायल के बाद दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर फैसला के साथ 72 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया। शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह राजपूत ने बताया बीते वर्ष 2020 की 31 दिसंबर को एक युवक ने कुठौंद थाने में तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि उसकी नाबालिग बहन घर में अकेली गेहूं पीस रही थी। तभी पियूष ने उसके साथ जबरजस्ती दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया और पीड़िता के चिल्लाने पर आरोपी मौके से भाग गया। पीड़िता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। जिसका ट्रायल स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट मोहम्मद कमर की अदालत में चल रहा था। मंगलवार को सुनवाई पूरी हुई जिसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस गवाहों बयानों और सबूतों के आधार पर पियूष को दोषी पाया गया। न्यायधीश ने दोष सिद्ध होने के बाद आरोपी को बीस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 72 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया।

### कोहना के खेतों में लगी आग, मौके पर पहुंचे दमकल कर्मी

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोहना के खेतों में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल कर्मियों की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोहना में अज्ञात कारणों के चलते खेत के डंठल में आग सुलगने लगी और धीरे-धीरे आग की लपटे तेज हो गई। ग्रामीणों की सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग के प्रभारी अधिकारी महेंद्र प्रताप बाजपेई के नेतृत्व में दमकल विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में कामयाबी हासिल कर ली। उन्होंने बताया कि कोहना गांव के खेत में आग लग गई थी। आग लगने की सूचना पर अग्निशमन केंद्र के एफएसओ महेंद्र प्रसाद वाजपेई, विनोद नायक, फायरमैन रवि प्रकाश शर्मा, वीरेंद्र सिंह, होमगार्ड सुधीर सिंह, वीरेंद्र सिंह की टीम अग्निशन वाहन के साथ मौके पर पहुंची और भारी मशक्कत के बाद आग में काबू पाया गया। आग लगने की घटनाओं की वजह से क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। अग्निशमन अधिकारी ने आग की घटनाओं पर नियंत्रण करने के लिए जागरूक करने का आव्हान किया है।

### पत्नी की हत्या करने के मामले में आजीवन कारावास की सजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** घर में सो रही पत्नी की कुल्हाडी से काटकर हत्या करने के बाद गांव के विरोधियों के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने हत्यारोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10000 रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि रैपुरा थाना क्षेत्र के खजुरिहा कला गांव के निवासी रामराज कुशवाहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार 29 नवंबर 2020 की रात उसके घर में घुसकर गांव के कुछ लोगों ने उसकी पत्नी संगीता देवी की हत्या कर दिया। उसने बचाने की गुहार लगाते हुए शोरगुल किया तो हमलावर उसे भी घसीट कर ले जाने लगे। इस दौरान पत्नी की लाश देख कर वह बेहोश हो गया। वादी ने इस मामले में अपनी भाभी गायत्री देवी व संतोष कुशवाहा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आए थे कि वादी रामराज कुशवाहा ने ही अपनी पत्नी की हत्या की है। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद से अब तक हत्यारोपी रामराज जेल में बंद है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर हत्यारोपी रामराज को आजीवन कारावास की सजा के साथ 10 हजार के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।

### केन्द्रीय प्रेक्षक ने 4 पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण, परखी हकीकत

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** लोकसभा चुनाव की व्यवस्थाओं में कोई कमी न रहने पाए इसलिये सब कुछ बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा इंतजाम किये गये हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुये सोमवार को एसडीएम हेमंत पटेल के साथ भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा नामित केन्द्रीय प्रेक्षक प्रदीप केशवराव ने 4 पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पोलिंग बूथों में मतदाताओं की सुविधाओं के लिए व्यवस्था का जायजा लिया। महेवा बिकास खंड के ग्राम के कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में स्थापित 4 पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। केन्द्रीय प्रेक्षक ने कहा पोलिंग बूथों पर बिजली, पानी, सफाई, रोशनी तथा रैंम्प की व्यवस्था की जानी चाहिये। पोलिंग बूथों में बाल पेंटिंग की भी हकीकत परखी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के मुताबिक पोलिंग बूथों में उचित व्यवस्था रहेगी ।उन्होंने कहा कि सभी पोलिंग बूथों मे मतदाताओं की सुविधाओं की किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। केन्द्रीय प्रेक्षक ने निर्देश दिए कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिये मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाये। इस अवसर पर जिम्मेदार कर्मचारियों के अलावा क्षेत्रीय लेखपाल सुपरवाइजर शिव मंगल सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




### अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 3 आरोपियों के कब्जे से 54 लीटर कच्ची शराब बरामद की। कोतवाली कर्वी के उप निरीक्षक राजीव कुमार सिंह तथा उनके हमराही द्वारा अवधेश निषाद निवासी डिलौरा को 14 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार मारकुण्डी थाना के उप निरीक्षक रमजानी खान तथा उनके हमराही द्वारा रामचरन निवासी धोबहरा मजरा माराचन्द्रा को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा मारकुण्डी थाना के उप निरीक्षक यूटी हर्षित मिश्रा तथा उनके हमराही द्वारा परशु निवासी धोबहरा मजरा माराचन्द्रा को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

# बूथ लेवल ऑफिसर समय से कराएं मतदान पर्ची का वितरण: डीएम

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने के सम्बन्ध में निर्वाचन से ईवीएम कमिशनिग की तैयारी, वृद्ध, दिव्यांग, असक्त मतदाताओं द्वारा पोस्टल वोटिंग सेंटर, मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण, पोस्टल वैलेट फैसिलिटेशन सेंटर, बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची वितरण मतदाता रोल वर्किंग व अन्य विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा बैठक हुई। मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह ने बताया कि समय से प्रशिक्षण कर दिया जाएगा। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण दो बडे कमरों में एक साथ कराएं। उन्होंने बूथ लेवल ऑफीसरों द्वारा मतदाता पर्ची वितरण के सम्बन्ध में कहा कि समय के अनुरूप पर्ची वितरण कराएं। उन्होंने कहा कि समय से ट्रेंनिग भी कराएं एवं वैलेट बॉक्स भी रखना सुनिश्चित कराएं। उप जिलाधिकारी कर्वी व मऊ को निर्देशित किया कि दोनों विधानसभा में ईडीसी रजिस्टर भी बनाना सुनिश्चित करें। कमिश्निंग की तैयारी के बारे में जानकारी ली। साथ ही अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया कि समय से तैयारी सुनिश्चित कराए। उन्होंने कहा कि कमिश्निंग स्टाफ को आई डी कार्ड समय से देना सुनिश्चित कराएं। साथ ही कमिश्निंग की सूचना आरो के स्तर से जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि कमिश्निंग हाल में लाइट, पंखा, पानी भी लगाना सुनिश्चित करें। साथ ही स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरा भी लगवाए। उन्होंने कहा कि वेब कास्टिंग के लिए कलेक्ट्रेट में व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि कंट्रोल रूम में पीठासीन, आरों आदि का नंबर सहित 6-7 लैंडलाइन फोन भी सुनिश्चित कराएं। उन्होंने पिंक बूथ के लिए उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिशासी अधिकारियों से उसे सजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि आदर्श बूथ के लिए ग्राम पंचायत से बात कर इसको सुनिश्चित कराएं।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसीएनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह आदि मौजूद रहे।

## 9 से 14 तक सम्पन्न कराई जाएगी पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान प्रक्रिया

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** उपायुक्त स्वतः रोजगार प्रभारी अधिकारी डाक मत पत्र ओमप्रकाश मिश्र ने समस्त राजनैतिक दल लोकसभा सामान्य निर्वाचन संसदीय क्षेत्र- 48 बांदा चित्रकूट से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 में मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण स्थल पर ही फैसिलिटेशन सेंटर की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान कार्मिकों एवं अन्य जनपदों में निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात ऐसे मतदान कार्मिक जो जनपद में मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं, को पोस्टल बैलेट, ईडीसी के माध्यम से मतदान की सुविधा 9 मई से 14 मई तक प्रातः 9 बजे से सांय 5 बजे तक चित्रकूट इण्टर कॉलिज कर्वी चित्रकूट में उपलब्ध रहेगी। इस सम्बन्ध में 9 मई से 14 मई के मध्य चित्रकूट इण्टर कॉलिज कर्वी में अपने राजनैतिक दल से सम्बन्धित प्रतिनिधि को भेजें ताकि जिनकी देखरेख में पोस्टल बैलेट, ईडीसी के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जा सके।

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ चोर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में राजापुर पुलिस टीम ने एक चोर को चोरी के 1500 रुपये, अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

राजापुर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि बीती 14 अक्टूबर 2023 को वादी राजरानी पत्नी बृजकिशोर निवासी नादिन कुर्मियांन ने थाना राजापुर में सूचना दी थी कि उनके घर से अज्ञात चोरों ने नगदी व सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिये है। इस सूचना पर थाना राजापुर में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। मुकदमें की विवेचना एवं घटना के अनावरण के लिए उप निरीक्षक कन्हैया बक्स सिंह को निर्देशित किया गया। उप निरीक्षक कन्हैया बक्स सिंह द्वारा एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। उप निरीक्षक कन्हैया बक्स सिंह तथा उनकी टीम द्वारा कल्लू निवासी मीशन का डेरा मजरा चिल्लीराकस को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की जमा तलाशी से उसके कब्जे से 1 तमंचा व कारतूस तथा चोरी के 1500 रुपये बरामद किये गये। अवैध तमंचा कारतूस बरामदगी के सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी के दौरान उप निरीक्षक इमरान खान, आरक्षी प्रकाश मिश्रा, शुभम मिश्रा, साकिर अली आदि मौजूद रहे।

# साइकिल रैली निकालकर किया गया मतदाताओं को जागरूक

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान 20 मई को जनपद में अधिकाधिक मतदान कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं नोडल अधिकारी स्वीप मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर के निर्देश पर स्वीप योजना के अंतर्गत कराए जाने वाले मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए बनाई गई स्वीप कार्ययोजना के अनुसार मंगलवार को आदर्श इण्टर कॉलिज मानिकपुर के प्रधानाचार्य राकेश प्रताप सिंह चंदेल के नेतृत्व में स्काउट-गाइड द्वारा साइकिल रैली निकालकर तथा राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर के एनएसएस द्वारा रैली निकाल कर मानिकपुर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। यह रैली मानिकपुर के विभिन्न मार्गों से घूमती हुई तहसील प्रांगण में समाप्त हुई।

इस रैली में लगभग 50 स्काउट गाइड व एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने अपने हाथ में स्लोगन तख्तियां लेकर पहले मतदान फिर जलपान आदि का नारा लगाते हुए जन सामान्य व युवा मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया। जिससे शहरी क्षेत्र में विगत चुनाव की तुलना में अधिक मतदान हो सके। प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है कि आने वाले 20 मई को जनपद में मतदान के दिन सभी लोग अपने घरों से निकलकर बूथों में जाएं और अपने पसंद के उम्मीदवार को सांसद बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें।

# मंडलायुक्त झांसी ने मध्यप्रदेश बॉर्डरों का किया निरीक्षण, सम्बन्धितों को किया निर्देशित

**जन एक्सप्रेस। उरई**



लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष व निर्विघ्न मतदान के लिए सुरक्षा के दृष्टिगत मंडलायुक्त झांसी विमल कुमार दुबे व पुलिस उपमहानिरीक्षक कलानिधि नैथानी, डीएम राजेश कुमार पांडे व एसपी डॉ. ईरज राजा ने जिले में भ्रमण किया। इस दौरान माधौगढ़ क्षेत्र में पांच नदियों के संगम एवं तीन जनपदों जालौन, इटावा, औरैया के बॉर्डर पंचनद व बंगरा भिंड मार्ग पर गोपालपुरा के पास मध्यप्रदेश वार्डर पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान पंचनद पर बने पुल के पास इटावा बैरियर पर तैनात पुलिस जवानों से सुरक्षा बंदोबस्त के संबंध में पूछताछ की। पंचनद की भौगोलिक स्थिति को देखकर जनपद जालौन के सभी वार्डर पर चुनाव तक चौकसी बरतने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त व डीआईजी झांसी ने जालौन जिले के मार्गों का भी निरीक्षण किया। जहां से भिंड, इटावा, औरैया के लोगों का जालौन जिला की सीमा में व्यवहारिक आना-जाना होता है। इस दौरान कोई असमाजिक तत्व अथवा कोई अवांछनीय वास्तु बॉर्डर पार करके जालौन की सीमा में न आ सके। जिससे लोकसभा चुनाव प्रभावित न हो। इसके पुख्ता इंतजामों पर चर्चा की। इस अवसर पर मंडलायुक्त झांसी श्री दुबे व डीआईजी श्री नैथानी ने स्पष्ट कहा कि प्रशासन का संकल्प है कि लोकसभा चुनाव निर्विघ्न संपन्न कराए जाएंगे। किसी को भी गड़बड़ी फैलाने का अवसर नहीं दिया जाएगा।

इसके लिए सड़क मार्ग पर निरीक्षण के साथ-साथ जल मार्ग की भी निगेहवानी की जाएगी। पंचनद बॉर्डर निरीक्षण के बाद गोपालपुर के पास मध्य प्रदेश बॉर्डर का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित विश्वेश्वर सिंह, एसडीएम माधौगढ़, सीओ माधौगढ़ शैलेन्द कुमार बाजपेई व थाना अध्यक्ष रामपुरा सहित अनेक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी के चलते एडीएम ने मतदान कार्मिकों को किया धूप से बचाव के लिए जागरूक

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान ग्रीष्म ऋतु में भीषण गर्मी, लू, हीट वैव के कारण मतदाताओं को स्वास्थ्य जनित समस्याओं का सामना करना पड संकता है। आवश्यक हैं कि इनसे बचते हुए अधिकाधिक संख्या में मतदेय स्थलों पर पहुँचकर मतदान करने के लिए मतदान दलों एवं मतदाताओं के मध्य सावधानियों के बारे में जागरुकता सुनिश्चित किया जाए।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान दिवस 19 अप्रैल से प्रारम्भ होकर 1 जून तक तय किए गए हैं। इन दिवसों पर भीषण गर्मी की संभावना है। पोलिंग पार्टी प्रस्थान एवं मतदान दिवसों पर सभी मतदान कार्मिक हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें एव अपने साथ तेज धूप से बचाव के लिए छाता एवं सर को ढकने के लिए सफेद सूती गमछा या अन्य कोई कपडा रखें, पैरों में आरामदायक जूते या चप्पल पहने। साथ ही पीने योग्य शीतल जल का बोतल रखें, समय-समय पर आवश्यकतानुसार सादा जल, नींबू पानी या ओआरएस का प्रयोग कर अपने आपको तरो ताजा रखें। अत्यधिक चाय, कॉफी या कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक का सेवन न करें, इनसे शरीर में पानी की मात्रा कम होने की संभावना रहती है। बासी भोजन से बचें, हल्के एवं ताजे बने भोजन लें। प्रत्येक मतदान दल को फास्ट एड किट प्रदान की जाएगी। आवश्यकतानुसार उसमें उपलब्ध ओआरएस मतदान दल के कर्मियों अथवा जरूरतमंद मतदाताओं को मानक के अनुसार जल में घोलकर पिला दें।प्रत्येक मतदान दल को फास्ट एड किट प्रदान की जाएगी। आवश्यकतानुसार उसमें उपलब्ध ओआरएस मतदान दल के कर्मियों अथवा जरूरतमंद मतदाताओं को मानक के अनुसार जल में घोलकर पिला दें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदेय स्थल पर छाया की व्यवस्था करा दें। साथ ही वहां पर्याप्त संख्या में कुर्सी, दरी आदि रखवा दें ताकि तेज धूप से बचने के लिए मतदाता अपनी बारी आने तक छाया में इंतजार कर सकें। छाया की व्यवस्था इस प्रकार करें कि मतदेय स्थलों के ठीक सामने लगने वाली कतार छाया में ही स्थित हो।

## अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई की मांग

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** सदर तहसील के सेमरिया जगन्नाथ वासी गांव के निवासी अवधेश, धीरेन्द्र व नरेन्द्र आदि ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि उनके गांव में रात 9 बजे से सबेरे 4 बजे तक तीन जेसीबी और 10 डम्फर लगाकर खनन माफिया पिछले 15 दिनों से मिट्टी का अवैध खनन कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश क्षेत्र से अवैध खनन की गई मिट्टी को मध्य प्रदेश में बेंचकर राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। आरोप लगाया कि इस मामले में परिक्रमा मार्ग चैकी व सीतापुर की पुलिस अधिकारियों की मिलीभगत है। इसके चलते शिकायत के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। ओवरलोड गाडियों के रात्रि में आवागमन से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# शिक्षक समस्याओं को लेकर शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से रामनगर ब्लाक में शिक्षक समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपे गए। इस दौरान आचार संहिता और धारा 144 का पालन करते हुए सम्बन्धित खण्ड शिक्षाधिकारियों को ज्ञापन सौंपे गए।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने बताया कि शिक्षकों के नियमित वेतन भुगतान के लिए प्रत्येक दशा में प्रत्येक माह की 28 तारीख तक लेखाधिकारी कार्यालय में वैरियेशन प्राप्त करवाएं, समय से वैरियेशन प्राप्त न होने के कारण यदि वेतन विलंब से आता है तो उसकी जिम्मेदारी खण्ड शिक्षाधिकारी की होनी चाहिए। कार्यालय सहायकों की नियुक्ति खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय के लिए की गयी है, इसलिए कार्यालय सहायकों के साथ विद्यालय निरीक्षण करना और कार्यालय सहायकों द्वारा शिक्षकों से सवाल-जवाब करना नियमविरुद्ध है। इसलिए कार्यालय सहायकों को साथ लेकर विद्यालय निरीक्षण न करें, यदि अपरिहार्य कारणों से साथ में रखना भी पडे तो कार्यालय सहायकों को स्पष्ट निर्देश दें कि वह निरीक्षण अवधि में विद्यालय से बाहर रहें तथा निरीक्षण में किसी प्रकार का सहयोग, हस्तक्षेप न करें। साथ ही कार्यालय सहायकों द्वारा सूचनाओं के बहाने शिक्षकों को फोन किया जाता है और उसी फोन वार्ता में लेनदेन की बातें भी होती हैं, जबकि सूचनाओं की जिम्मेदारी संकुल शिक्षकों की है। इसलिए कार्यालय सहायकों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि कार्यालय सहायक सूचनाओं के लिए नोडल संकुल शिक्षक, संकुल शिक्षक से वार्ता करें और नोडल संकुल शिक्षक, संकुल शिक्षक अपने संकुल के शिक्षकों से फोन करके सूचनाओं का आदान-प्रदान करें। शिक्षकों द्वारा अवगत कराया जाता है कि खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय में उनके प्रत्यावेदन शिकायत को रिसीव नहीं किया जाता है, जबकि महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा शिक्षकों की समस्या सम्बन्धित प्रत्यावेदन प्राप्त करके उनको जन सुनवाई पंजिका में दर्ज करने के स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं। कार्यालय सहायकों को शिक्षकों के प्रत्यावेदन रिसीव करने और उनको जन सुनवाई पंजिका मे दर्ज करने के लिए निर्देशित किया जाना चाहिए। इसी प्रकार वित्त नियंत्रक के आदेशानुसार शिक्षकों के अवशेष देयक के लिए किये गये आनलाइन आवेदन को तीन दिन मे फारवर्ड कराया जाना चाहिए। साथ ही अवकाश के लिए किये गये शिक्षकों के आनलाइन आवेदन को आवेदित अवकाश दिवस से पहले ही अप्रूव, रिजेक्ट कर दिया जाए। आनलाइन अवकाश आवेदन को समय से अप्रूव, रिजेक्ट न करने पर यदि शिक्षक अनुपस्थित होते हैं तो उसकी जिम्मेदारी खण्ड शिक्षाधिकारी की होगी।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 42.2 (+1.7)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 23.4 (-0.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 43 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 12 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# जिस हाथ की कलाई पर बंधवाया था रक्षा सूत्र, उसी से गोली मार कर दिया बहन का कत्ल



मृतका शालनी





हत्या आरोपी बृजेश 48 शुक्ला



**जन एक्सप्रेस | ऋषि श्रीवास्तव**

कानपुर नगर। शहर के साढ़ थाना क्षेत्र से बहन भाई के रिश्तों को कलंकित करने का एक मामला सामने आया है। भाई से जब बहन ने पैसा मांगा तो गुस्साए भाई ने अपनी बहन को गोली मार कर उसका कत्ल कर डाला। बहन को बचाने आए दूसरे भाई पर हत्यारे के पुत्र ने सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर घायल कर दिया, आनन फानन में दोनो घायलों को मौके पर पहुंची पुलिस ने भीतरगांव सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टर ने बहन को मृत घोषित कर दिया। भाई का उपचार किया जा रहा है। साढ़ पुलिस ने आरोपी भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

साढ़ थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर गांव निवासी सतीश चंद्र शुक्ला ने बताया कि उनके चार बेटे रितेश, अभिषेक, श्रवण और ब्रजेश हैं। रितेश अभिषेक जयपुर में रहकर नौकरी करते है। दो बेटी मंजुला वाजपेई और शालिनी उर्फ निधि हैं। पिता ने बताया कि वह दोनो की शादी कई वर्ष पहले कर चुके थे। पिता सतीश ने बताया कि उनकी बेटी शालिनी के पति की बीते दिनो ट्रेन एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। शालिनी उर्फ निधि के एक 19 वर्षीय बेटी राशि है। वह बीते दो दिन पहले ही गांव आई थी। जिसके बाद निधि ने मंगलवार दोपहर में अपने भाई ब्रजेश को दिए हुए दो लाख रुपए मांगे तो ब्रजेश गुस्साकर वहां से चला गया। शाम को ब्रजेश वापस आया तो बहन शालिनी ने ब्रजेश से रुपए देने की बात कही, जिस पर भाई ब्रजेश ने बहन शालिनी उर्फ निधि पर देशी कट्टे से फायर झोंक दिया। बहन को गोली लगने की सूचना पर पहुंचे भाई श्रवण का ब्रजेश से विवाद होने लगा, जिस पर ब्रजेश के नाबालिग बेटे ने कुल्हाड़ी उठाकर चाचा श्रवण के सिर पर मार दी जिससे वह घायल हो गए। घटना की।

सूचना ग्रामीणों ने फोन कर पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची साढ़ पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से भीतरगांव सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टर ने शालिनी उर्फ निधि को मृत घोषित कर दिया। वहीं श्रवण को प्रथमिक उपचार कर घर भेज दिया और ब्रजेश को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।

**डी.सी.पी. साउथ मौके पर पहुंचे**

डी.सी.पी. साउथ रविंद्र कुमार और ए.सी.पी. रंजीत कुमार सिंह ने पहुंचकर परिजनो से घटना की जानकारी जुटाई है। जिसके बाद डीसीपी ने साढ़ पुलिस को फोरेंसिक टीम को बुलाने के साथ कार्रवाई करने को कहा है। डी.सी.पी. साउथ ने यह भी बताया की हत्या पैसों के लेनदेन को लेकर हुई है गहनता से जांच की जा रही है।

# मिट्टी की जांच के लिए मई का महीना होता है सर्वोत्तम



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह के निर्देश क्रम में मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर के मृदा वैज्ञानिक डॉ.खलील खान ने किसानों को बताया कि मिट्टी की जांच के लिए मई का महीना सर्वोत्तम होता है। इसीलिए सभी किसानो को अपने खेतों से मिट्टी का नमूना लेकर परीक्षण अवश्य कराना चाहिए। उन्होंने बताया कि खेत में 5 जगहों से 15 सेंटीमीटर गहराई से मिट्टी का नमूना लिया जाता है। जिसके लिए ङ्क वी आकार का गड्ढा खोदकर पांचों जगहों से नमूना एकत्र कर सभी को मिलाकर समग्र कंपोजिट नमूना बना लिया जाता है। जिसके प्रयोगशाला भेज कर मृदा परीक्षण कराया जाता है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षण के बाद किसानों को उर्वरक संस्तुति पत्र मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्राप्त हो जाता है। जिसके आधार पर किसान अपनी फसलों में उर्वरक प्रयोग करते हैं। डॉ. खान ने बताया कि मृदा की जांच का मुख्य उद्देश मिट्टी की उर्वरता नापना तथा यह पता करना है कि मिट्टी में कौन से पोषक तत्वों की कमी है। उन्होंने किसानो को बताया कि प्रायः मिट्टी के भौतिक और रासायनिक गुणों के आधार पर ही फसलों का चयन करना अधिक श्रेयकर रहता है क्योंकि सभी मिट्टी सभी फसल उगाने के लिए उपयुक्त नहीं होती हैं।

# भोजपुरी महासभा का टास्क फोर्स लोकसभा चुनाव में प्रन्याशियों का करेगा समर्थन

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**





मंगलवार को अखिल भारतीय भोजपुरी महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय छठ पूजा समिति अध्यक्ष संतोष गहमरी ने लोकसभा चुनाव को लेकर शास्त्री नगर स्थित कार्यालय पर बैठक की, इस दौरान बैठक में श्री गहमरी ने कहा कि अभी पूरे पूर्वांचल का दौरा कर कर गांव गांव में जाकर भोजपुरी महासभा की बैठक की जहां तय किया गया कि पूरे प्रदेश में जीतने वाले कैंडिडेट को भोजपुरी महासभा के लोग समर्थन करेंगे । कहा जिस तरह से भोजपुरी समाज के लोगों को तेज पत्ते की तरह इस्तेमाल किया जाता है चुनाव के समय अब भोजपुरी समाज इस्तेमाल नहीं होगा। जो हमारे समाज को सम्मान देगा हम उसे वोट देंगे। यह भी कहा कि पूर्वांचल बिहार के लोगों में वह ताकत है जीत हार का तय कर सकता है। श्री गहमरी ने कहा प्रत्याशियों से मांग होगी हमारे छठ पर्व पर अवकाश और भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए।यह सब मुद्दे लेकर भोजपुरी महासभा टास्क फोर्स बनाकर पूरे प्रदेश में घोषित लोकसभा प्रत्याशियों को चुनाव लड़ाएगा। अगली लोकसभा में भी भोजपुरी महासभा के लोगों ने प्रत्याशियों को चुनाव लड़वाया था जिसमें भारी सफलता भोजपुरी महासभा को को मिली थी गहमरी ने बताया कि कानपुर में 5 लाख के ऊपर पूर्वांचल बिहार के लोग हैं।

बैठक में प्रमुख रूप से डॉक्टर आनंद झा, अमित यादव, रमाकांत, फैजुद्दीन, प्रभात पाल, दीपू, छोटे लाल, मनोज, संजय सिंह, रंग बहादुर, विक्रम सिंह, वीरू जग्गी राकेश झा ठाकुर सनम घनश्याम अजय करण छोटू सोनू राकेश ओझा सुजीत सिंह आदि भोजपुरी महासभा के लोग शामिल थे। उक्त जानकारी इलेक्ट्रॉनिक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

# 12 लाख के जेवर लेकर चोर फरार, दर्ज़ नहीं किया मुकदमा







**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

शहर में जहां एक ओर चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं तो वहीं दूसरी ओर चोरी की बड़ी घटना होने के बाद भी पुलिस चोरी का मुक़दमा दर्ज करने में आनाकानी करते हुए दिखाई देती है। बीती 5 मई को थाना चमनगंज क्षेत्र स्थित एक मकान से चोरों ने लगभग 13 लख रुपए का माल पार कर दिया लेकिन 48 घंटे से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद भी चोरी की घटना खोलना तो दूर चमनगंज पुलिस ने मुकदमा तक दर्ज नहीं किया है। पीड़ित मुकदमा लिखाने और चोरी की घटना का खुलासा कराने के लिए पुलिस के चक्कर काट काट कर परेशान हो रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना चमनगंज क्षेत्र के मकान नम्बर 88/274 में निवास करने वाले मोहम्मद नसीम जो प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनके घर में किसी चोर के द्वारा बीती 5 में को उस समय दिनदहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दिया गया जब उनका परिवार कहीं बाहर गया हुआ था और वह भी घर पर नहीं थे। मोहम्मद नसीम की माने तो जब वह सायं काल अपने घर पर आए तो उन्हें दरवाजा खुला मिला डर के मारे उन्होंने क्षेत्रीय लोगों को भी बुला लिया उन्हें लगा ऐसा तो नहीं की कोई अज्ञात व्यक्ति घर में छुपा हो और उनकी जान पर बन आए। मोहम्मद नसीम का कहना है कि जैसे वह क्षेत्रीय लोगों के साथ अपने घर के अंदर घुसे उनके पैरों तले जमीन खिसक गई क्योंकि अलमारी का सामान फैला हुआ था और जेवरात के डब्बे भी खुले हुए थे जिनमें जेवरात नहीं थे। मोहम्मद नसीम के अनुसार उनके घर में रखे 27000 रुपए और लगभग 12 लख रुपए के जेवरात लेकर चोर फरार हो गया है। थाना चमनगंज पुलिस को सूचना देने पर पुलिस ने आकर तहकीकात की लेकिन मुकदमा अभी तक नहीं लिखा गया है। मोहम्मद नसीम का कहना है कि पुलिस ने एक संदिग्ध को उठाया था लेकिन फिर उसे छोड़ दिया। इस मामले में थानाध्यक्ष चमनगंज से बात करने पर उन्होंने बताया कि घटना संदिग्ध है जॉच की जा रही है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ई रिक्शा पलटने से कई लोग घायल

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** थाना रायपुरवा क्षेत्र स्थित बांस मंडी के छोर पर सोमवार की रात्रि लगभग 12 :30 बजे के करीब ट्रक में बांस लोड करते समय मजदूरों की लापरवाही से बांस ई रिक्शा में जा घुसा जिस कारण ई रिक्शा पलट गया और उसमें बैठी सवारियां भी घायल हो गई। ई-रिक्शा चालक और सवारियों को घायल हुआ देख सारे कर्मचारी मौके से फरार हो गए। किसी के द्वारा पुलिस सूचना दी गई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस में भरकर इलाज के लिए भिजवाया। शिव गोपाल हेम कांत की फर्म के कर्मचारी गैर जिम्मेदाराना तरीके से बांस लोड कर रहे थे जिस कारण कई लोग घायल हुए।



### 7 से 31 मई 2024 तक upmsp.edu.in पर करें ऑनलाइन आवेदन

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित हाई स्कूल परीक्षा में इंप्रूवमेंट/ कंपार्टमेंट व इंटरमीडिएट में कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए अर्ह अच्यर्थी 7 से 31 मई 2024 तक upmsp.edu.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। हाई स्कूल में इंप्रूवमेंट परीक्षा के अंतर्गत परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुए एक विषय में तथा कंपार्टमेंट के अंतर्गत अपने अनुत्तीर्ण हुए दो विषयों में केवल एक विषय मे ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। वही इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट परीक्षा में छात्र मानविकी वैज्ञानिक वाणिज्य वर्ग से सम्मिलित परीक्षार्थी किसी एक विषय में कृषि विभाग एक एवं दो में निर्धारित विषयों में किसी एक प्रश्न पत्र में एवं वेबसाइट वर्ग के ट्रेड विषय के किसी एक प्रश्न पत्र में अनुच्छेद परीक्षार्थी कंपार्टमेंट परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अर्ह माने जाएंगे जिसके लिए परीक्षा शुल्क 306 रुपए देना होगा।

### मतदान कर्मियों की समस्याओं के समाधान की रखी मांग

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष राजा भरत अवस्थी ने मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी कार्मिक से मतदान कार्मियों की समस्याओं के समाधान की मांग की। उन्होंने मांग पत्र में जिला निर्वाचन अधिकारी से मतदान के लिए लगाए गए अस्वस्थ कर्मियों, उनके परिवार के सदस्य की गंभीर बीमारी होने, पति-पत्नी दोनों में से एक की चुनाव ड्यूटी लगाए जाने व महिला कर्मियों की स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए उनकी निर्वाचन ड्यूटी निरस्त किए जाने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने गल्ला मंडी में चुनाव की तैयारी में लगे कर्मियों के लिए ठण्डे पानी की व्यवस्था किए जाने, मतदान कर्मियों को बस से ही रवाना किए जाने,मतदान स्थल पर समुचित व्यवस्था स्वास्थ्य हेल्प डेस्क व ठहरने,खाने-पीने का विशेष इन्तज़ाम किए जाने की बात कही।



# धार्मिक स्थलों पर आए श्रद्धालुओं के मोबाइल पार करने वाला चोर दबोचा



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

भीड़ भाड़ वाले धार्मिक स्थान पर आए हुए श्रद्धालुओं की जेब से उनके कीमती मोबाइल पार करने वाले शातिर चोर को कई मोबाइलों के साथ मंगलवार को ग्वालटोली पुलिस ने उसे धर दबोचा और वैधानिक कार्रवाई कर उसे जेल भेजा गया है।

प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि थाने पर एक व्यक्ति द्वारा सूचना दर्ज कराई गई थी की उनका मोबाइल चोरी हो गया है।

जिस पर थाना ग्वालटोली और कर्नलगंज पुलिस ने टीम गठित कर जांच शुरू की तो जानकारी हुई की कर्नलगंज निवासी मोहम्मद शाहिद भीड़भाड़ वाले धार्मिक स्थान पर जाकर लोगों के पीछे जेब से तथा हाथ में लिए हुए लोगो के मोबाइल को बड़ी सफाई से चोरी कर लिया करता था और उसे अपने घर में एकत्र कर के बेच देता था

जिसको आज थाना ग्वालटोली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया गया है, आरोपी के पास से 20 कीमती मोबाइल तमंचा और कारतूस बरामद किया गया है।

### बलात्कार के आरोपियों को 25 साल की सजा

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** उत्तर प्रदेश पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल के निर्देशन में पूर्व से चिन्हित वाद, गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन की प्रभावी पैरवी से अपराध नियंत्रण के क्रम में नाबालिग बच्ची को मुख्य अभियुक्त अंकित द्वारा दोस्ती का झांसा देकर अपने अन्य दोस्तों के साथ बेड़ी स्कूल के पीछे ले जाकर सह अभियुक्तों के साथ बलात्कार करने सम्बन्धी घटना में थाना पनकी पर दर्ज बलात्कार के मुक़दमे में पांच अभियुक्तों में से चार अभियुक्तों अंकित यादव पुत्र अनूप यादव नि0 ताजखेड़ा थाना सदर बाजार शाहजहापुर, जितेन्द्र कुमार पुत्र ईश्वरी प्रसाद नि0 नर्वल थाना शिवली कानपुर देहात, करन रैदास पुत्र राम नारायण नि0 बैरीअकबरपुर थाना कल्यानपुर कानपुर नगर,विशाल रैदास पुत्र अमर दास नि0 कल्यानपुर को एडीजे 22 पॉक्सो कोर्ट कानपुर नगर द्वारा मुकदमें में दोषसिद्ध होने पर प्रत्येक को 25 वर्ष के कठोर कारावास व 50,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है तथा अभियुक्त कल्लू पुत्र मिहोलाल नि0 कश्यप नगर कल्यानपुर को दोषमुक्त किया गया है।



# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापारियों ने की प्रेस वार्ता

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



शहर में मंगलवार को भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के कोपरगंज स्थित कार्यालय में आगामी लोक सभा चुनाव में मतदाता प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रेस वार्ता का आयोजन किया।वार्ता कर रहे भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रविकांत ने कहा कि व्यापारी और उद्यमी देश की अर्थ व्यवस्था की रोड होता है। देश की वितरण व्यवस्था की रीढ़ है।राष्ट्र के प्रति समर्पित भावनाएं समाज के प्रति समर्पण की भावनाएं लेकर एक विजन बनाया है की 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने। देश की अर्थ व्यवस्था को बढ़ाने का और विश्व की तीसरी अर्थ व्यवस्था बनने का संकल्पित है। जिसमे भारत का व्यापारी और उद्यमी समर्पित है।जिसको लेकर देश में 20 करोड़ व्यापारी प्रधान मंत्री मोदी जी के विजन को साकार करने के लिए प्रयासरत हैं और व्यापार मंडल के सदस्य आम जनता के बीच में जाकर मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे। की आगामी 13 मई को खुद तो मतदान करे और अपने आस पास रहने वालो को भी ले जाकर मतदान कराए। वही व्यापार मंडल के पदाधिकारी गुरुजिंदर सिंह का कहना था की 13 मई मतदान वाले दिन कानपुर व्यापार मंडल के द्वारा शहर के बड़े पोलिंग स्टेशन पर शरबत वितरण का भी काम किया जायेगा।जिससे भीषण गर्मी में मतदान करने वाले मतदाताओं को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो।

# कानपुर पुलिस ने लूट के रुपयों के साथ युवक को दबोचा

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

बीते दिन मंगलवार को थाना बाबूपुरुवा पुलिस को एक सफलता हाथ लगी है। बाबूपुरुवा पुलिस ने कल मगंलवार को एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए 22 वर्षीय युवक ने अपना नाम न्यू श्याम नगर नई बस्ती निवासी अंशुल यादव बताया है। अंशुल यादव को पुलिस ने चेकिंग के दौरान शनिदेव मंदिर चौराहे के आगे यशोदा नगर बाईपास की ओर कूड़ा घर के पास से हिरासत मे लिया था।

अंशुल के पास से पुलिस ने एक मोटरसाइकिल और लूटे हुए 1110 रूपए बरामद किए हैं। वहीं पुलिस ने बताया कि इसके ऊपर थाना नौबस्ता, बाबूपुरुवा और हनुमंत विहार मे कई मुकदमें दर्ज हैं। जिसके उपरान्त पुलिस ने अंशुल को न्यायलय मे पेश कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने मे एनएलसी चौकी प्रभारी ललित शर्मा, उप निरीक्षक राहुल कुमार और हेड कांस्टेबल संजीव कुमार शामिल रहे।

### अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने मैनपुरी में हुए समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव और डिंपल के रोड शो के दौरान महाराणा प्रताप की प्रतिमा के साथ अभद्रता कर अपमानित करने के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के लोगो का कहना था की महाराणा प्रताप के बलिदानों ने हमें आजादी की राह दिखाई थी और आज हम उनकी विरासत को सम्मानित करते हैं लेकिन हाल ही में हुए इस कृत्य से समाज में भारी रोष उत्पन्न है जो की बेहद ही निंदनीय है और ऐसा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और ऐसी पार्टी को चुनाव प्रचार रोका जाए। वहीं ज्ञापन देने आए लोगों का कहना था कि अगर सरकार कार्रवाई नहीं करेगी तो अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सड़कों पर उतर इस कृत्य के खिलाफ प्रदर्शन करेगी।

# चोरी के मुकदमे में फरार चल रहा युवक चढ़ा पुलिस के हन्थे

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



थाना बर्रा पुलिस ने मंगलवार को चोरी के मुकदमें मे वांछित चल रहे अभियुक्त को लखनऊ से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बर्रा पुलिस को कल अचानक सूचना मिली कि चोरी के मुकदमे मे काफी दिनो से फरार चल रहा आरोपी इस वक्त लखनऊ के गुडंबा क्षेत्र मे घूम रहा है। जिसकी सूचना पाकर फौरन पुलिस यहां से लखनऊ के लिए रवाना हुई और पुलिस ने जाल बिछाकर अभियुक्त को दबोच लिया। पकड़े गए अभियुक्त के पास से पुलिस ने चोरी की रकम मे 1750 रुपए भी बरामद किए हैं। वहीं गिरफ्तार हुआ 27 वर्षीय अभियुक्त लखनऊ के मड़ियांव क्षेत्र का रहने वाला है। जिसका नाम मोज़ आमिर है। पुलिस अब अभियुक्त से पूछताछ कर उसे जेल भेजने की तैयारी कर रही है। आमिर को गिरफ्तार करने मे थाना बर्रा प्रभारी तेज बहादुर सिंह के साथ उप निरीक्षक छत्रपाल सिंह, उप निरीक्षक रविकांत और कांस्टेबल देवेंद्र दुबे शामिल रहे।

# फास्ट फॉरवर्ड

## समाजवादी युवजन सभा ने इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी राहुल गांधी को जिताने हेतु कमर कसी

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। समाजवादी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्र पटेल ने लोकसभा चुनाव में युवजन सभा के बेहतर प्रदर्शन तथा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राहुल गांधी को रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करने की मंशा से रायबरेली की सभी विधान सभाओं में प्रभारी नियुक्त किया गया है। नियुक्त किए गए विधानसभा प्रभारी क्रमशः ऊंचाहार विधानसभा में कमलेश कुमार पटेल, बछरावां में शिवम यादव, सलोन में जितेंद्र यादव, सरेनी में योगेश यादव विधानसभा सदर में कुलदीप यादव (के. डी.), हरचंदपुर में आदर्श यादव तथा नगर पालिका क्षेत्र में श्री जफर इकबाल को प्रभारी बनाया गया है। प्रभारी नियुक्त करते हुए जिला अध्यक्ष सुरेश चंद पटेल ने कहा कि रायबरेली से राहुल गांधी को प्रत्याशी बनाया जाना इंडिया गठबंधन का मास्टर स्ट्रोक है, जिसकी वजह से भाजपा पूरी तरह से बौखलाई हुई है और अनाप-शनाप बयान बाजी कर रही है। जिला महासचिव घनश्याम यादव ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी लोग टोलियां बनाकर इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी राहुल गांधी के पक्ष में मतदान करने के लिए आम जनमानस के पास जाए और समाजवादी पार्टी एवं कांग्रेस की सरकार में किये गये जनोपयोगी कार्यो से लोगों को अवगत करायें।

## नबालिग को बहला कर घर से भगा कर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/अम्बेडकरनगर। जनपद के मालीपुर थाना क्षेत्र में नाबालिक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में वांछित चल रहे आरोपी को मालीपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। संबंधित मामला थाना क्षेत्र के एक गांव का है जहां आरोपी युवक नाबालिक को बहला फुसला कर अपने साथ लेकर चला गया था। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ नामजद शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने तत्समय अकबरपुर कोतवाली अंतर्गत शहजादपुर पंडा टोला निवासी अंशु पुत्र जियालाल के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। मंगलवार को आरोपी युवक को मालीपुर पुलिस ने मालीपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया है। मालीपुर थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी ने बताया की आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

## एनटीपीसी के सशक्तीकरण मिशन के तहत आत्मनिर्भर बन रही हैं बेटियां

जन एक्सप्रेस/अम्बेडकरनगर। एनटीपीसी टांडा में बालिका सशक्तीकरण अभियान- (जेम) के आयोजन हेतु बालिकाओं का बेसलाइन सर्वेक्षण और मेडिकल चेकअप कर्मचारी विकास केंद्र में आयोजित किया गया। इस आयोजन में परियोजना के आसपास के प्राथमिक विद्यालयों की 40 बालिकाओं ने बेसलाइन सर्वेक्षण और मेडिकल चेकअप में भाग लिया।एनटीपीसी लिमिटेड, भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनी है7 एनटीपीसी वर्ष 2018 से अपनी प्रमुख सीएसआर गतिविधि के अन्तर्गत बालिका सशक्तीकरण अभियान का आयोजन करती है7 इस बार एनटीपीसी 42 चिन्हित स्थानों पर समाज के वंचित वर्गों के लगभग 3000 मेधावी बच्चों को जोड़ने का प्रयास कर रही है।

# प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों के साथ चुनाव प्रेक्षकों ने की बैठक

जन एक्सप्रेस। अमेठी



लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधियों के साथ मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित प्रेक्षकों व जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत तथा पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बैठक की।बैठक में प्रत्याशियों को आदर्श आचारसंहिता का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित करने,निर्वाचन के दौरान होने वाले व्यय विवरण तथा भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों की जानकारी दी गई। बैठक में सामान्य प्रेक्षक ने चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशियों से कहा कि अमेठी में मतदान प्रतिशत विगत चुनाव में काफी कम रहा है।इस बार चुनाव में सभी लोग अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। आप लोग सभी लोगों को वोट करने के लिए जरूर कहें।मतदाताओं को पैसा,शराब तथा अन्य किसी प्रकार का प्रलोभन देने का प्रयास न करें। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन संबंधी शिकायतों के लिए सी विजिल ऐप विकसित किया गया है।जिस पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन संबंधी शिकायत की जा सकती है। जिसका निस्तारण सौ मिनट के अंदर उड़न दस्ता टीम भेज कर किया जाएगा।उन्होंने कहा कि आप लोग भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का गहनता से अध्ययन कर लें।तथा उसी अनुसार अपना चुनाव प्रचार करें।कहीं कोई ऐसा कृत्य ना करें जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता हो। बैठक में पुलिस प्रेक्षक ने कहा कि मतदान के दिन मतदान अभिकर्ता को बूथ के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा।बूथ के अंदर सिर्फ माक पोल के समय ही प्रवेश दिया जाएगा। बैठक में व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले खर्च के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी को स्वयं अथवा अपने एजेंट के साथ संयुक्त खाता खुलवाना होगा।चुनाव में होने वाले सभी खर्चो का भुगतान उसी खाते के माध्यम से किया जाएगा।उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकतम व्यय सीमा 95 लाख निर्धारित की गई है।व्यय की गई धनराशि के बिल,वाउचर सुरक्षित रखेंगे तथा व्यय रजिस्टर में उसका अंकन करेंगे मतदान से पूर्व व्यय लेखा रजिस्टर का तीन तिथियां 10, 14 व 17 मई को मिलान किया जाएगा।चुनाव अवधि में केवल एक बार दस हजार तक नगद भुगतान किया जा सकता है।उसके उपरांत सभी भुगतान चेक तथा आरटीजीएस के माध्यम से किए जाएंगे।बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव से संबंधित रैली,जुलूस, जनसभा,लाउडस्पीकर,वाहन,अस्थाई चुनाव कार्यालय, हेलीकॉप्टर आदि सभी अनुमतियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था की गई है।डीएम ने सभी प्रत्याशियों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग निर्वाचन के दौरान शांतिपूर्वक ढंग से प्रचार करें।कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो तथा कानून व्यवस्था प्रभावित हो।बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रैली,जनसभा, वाहन,लाउडस्पीकर आदि कार्यक्रमों के आयोजन से पूर्व अनुमति जरूर प्राप्त कर ले।ताकि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।उन्होंने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष,शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

## 85 हज यात्रियों का किया गया टीकाकरण



जन एक्सप्रेस। रायबरेली

हज-2024 पर जाने वाले जनपद रायबरेली के चयनित 87 हज यात्रियों में से 85 हज यात्रियों का टीकाकरण मदरसा जामिया उम्मुल मोमिनीन आयशा अल इस्लामियां लिल बनात बड़ा कुंआ रायबरेली में पूर्वान्ह 10 बजे से नोडल अधिकारी जिला संक्रामक कक्ष कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी की देख रेख में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व अन्य कार्मिको द्वारा सुश्री महिमा, जिला अल्पिसंख्यक कल्याण अधिकारी रायबरेली के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर हरि ओम यादव व0सहायक, मनोज मिश्रा क0सहायक, मो0 कलीम स0अ0, मो0 अलीम, स0अ0 तथा हज ट्रेनर उपस्थित रहे। हज-2024 पर जाने वाले हज यात्रियों को मौलाना मो0 मुबीन, मौलाना जमीर अहमद तथा हज ट्रेनर द्वारा विधिवत रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया।

## प्रियंका गांधी ने संभाली रायबरेली अमेठी की चुनाव प्रचार कमान

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



कांग्रेस स्टार प्रचारक व महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सोमवार की शाम रायबरेली पहुंच गईं हैं। भारी सुरक्षा के बीच प्रियंका गांधी वाड्रा का काफिला रायबरेली के भूएमऊ गेस्ट हाउस पहुंचा। यहां पर रायबरेली व अमेठी के कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग करके प्रियंका चुनावी रणनीति तैयार करेंगी। इसके साथ ही रायबरेली के कार्यकर्ताओं को चुनावी जिम्मेदारी भी सौंपेंगी। अगले कुछ दिन तक प्रियंका गांधी वाड्रा यहीं से रायबरेली तथा अमेठी सीट पर चुनावी प्रबंधन कर भाई राहुल गांधी तथा अमेठी से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा का चुनावी मैनेजमेंट देखेंगी उन्होने कहा जब मै पहली बार अमेठी आई तब मैंने और किशोरी जी ने अपनी माता जी के चुनाव का पूरा संचालन किया तब इनसे मैंने सब कुछ सीखा यह कह रहे थे कि आप चुनाव लड़िये मैंने कहा आपने बहुत चुनाव लड़ाए इस बार मैं आपको चुनाव लड़ाऊँगी और आप चुनाव जीतेगें सूत्रों के मुताबिक 18 मई चुनाव होने तक प्रियंका गांधी कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगी। कैसे बूथ स्तर पर काम किया जाए इसके लिये कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ रणनीति तैयार करेंगी जिनके साथ मैराथन बैठक होने की उम्मीद जताई जा रही है। इससे पहले शाम 5 बजे अमेठी क्षेत्र के फुरसतगंज में प्रियंका गांधी विशेष विमान से पहुंची। बाहर निकलने पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया। उन्होंने भी गाड़ी रोककर उनसे मुलाकात की। इसके बाद प्रियंका का काफिला रायबरेली के भुएमऊ में सोनिया गांधी के सांसद निवास के लिये रवाना हो गया। जहाँ पर कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उनका इंतजार कर रही थी।

# सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षकों ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जनपद में आए हुए सामान्य प्रेक्षक श्री प्रियातू मंडल ने बचत भवन सभागार में नामांकन के उपरांत वैध पाए गए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत बचत भवन सभागार में बैठक की।
श्री मंडल ने निर्देश दिए कि मा0 चुनाव आयोग की गाइडलाइन का गंभीरता से पालन किया जाए। सभी राजनीतिक दल अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को भी आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन कराने का निर्देश दें। क्योंकि जाने अनजाने में आचार संहिता का उल्लंघन होने पर उसका खामियाजा संबंधित राजनीतिक दल को उठाना पड़ता है। पुलिस प्रेक्षक श्री बाबूलाल मीना ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि अगर कहीं पर भी आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा हो तो प्रशासन को अवश्य अवगत कराए,जिससे कि समय रहते उसका निराकरण कराया जा सके। इसके अतिरिक्त उन सभी संवेदनशील क्षेत्रों पर कड़ी नजर रखी जाए जहां पर भी मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा हो। व्यय प्रेक्षक श्री शैलेन समद्दर ने निर्देश दिए की राजनीतिक दल निर्वाचन के दौरान अपने खर्चों का विवरण अवश्य उपलब्ध कराए। दल अपने प्रचार प्रसार के लिए इलेक्ट्रॉनिक,प्रिंट,सोशल मीडिया,पैंपलेट या अन्य कोई माध्यम जिनकी अनुमति मा0 आयोग द्वारा दी गई हो उसका भी व्यय विवरण उपलब्ध कराएंगे। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर,पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल,उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण डॉ0 भावना श्रीवास्तव,अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित चुनाव जीतने का दिया मंत्र

जन एक्सप्रेस। अमेठी



मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी उप्र के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर पार्टी आज भारत की ही नहीं अपितु विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई है।उन्होंने कार्यकर्ताओं को रीड की हड्डी बताते हुए कहा कार्यकर्ताओं के बल पर इस बार भारतीय जनता पार्टी मोदी सरकार के 400 पार नारे को साकार करेगी।उन्होंने कार्यकर्ता बैठक स्नेह मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करती है।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी परिवारवाद,जातिवाद और वंशवाद से कोसों दूर है।पार्टी में कार्यकर्ता ही सर्वेसर्वा है। केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य करते हुए देश और प्रदेश का सर्वांगीण विकास किया है।प्रदेश में राम राज्य की स्थापना की है।बिजली,सड़क, शिक्षा चिकित्सा सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं।और आज देश ही नहीं अपितु पूरी दुनिया भारत की तरफ टकटकी लगाए हुए देख रही है।भारत विश्व गुरु के पथ पर अग्रसर है।उन्होंने कहा कि अमेठी में पांचवें चरण में मतदान होगा सभी पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता घर-घर जाते हुए भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कराए गए विकास कार्यों एवं भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र से लोगों को जानकारी दें।और सभी कार्यकर्ता व्यक्तिगत स्तर पर चुनाव को लेते हुए मतदान 85 से 95 प्रतिशत तक होना सुनिश्चित करायें।उन्होंने सभी बिंदुओं पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए चुनाव जीतने का मूल मंत्र दिया।इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमेठी सांसद स्मृति इरानी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार बनने वाली भाजपा सरकार में एक कमल अमेठी का भी दोबारा शामिल होगा।और यह आप सभी कार्यकर्ताओं के बल पर ही होगा।उन्होंने कहा मंच पर तीन पीढ़ी के नेता बैठे हुए हैं।एक समय था जब भाजपा के लोगों को परेशान किया जाता था।कोई बीजेपी का झंडा लेकर चलता था तो उसे परेशान किया जाता था।आज परेशान करने वाले लोग स्वयं अमेठी से नामांकन करने का हिम्मत नहीं कर रहे हैं।

## मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 दस्तावेज मान्य

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु 36-रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के समस्त मतदाताओं से कहा है कि जनपद में 20 मई को लोकसभा चुनाव होना हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव में मतदाता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसे लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के रूप में 12 वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची जारी की गई है। उन्होंने कहा कि यदि मतदाता के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है लेकिन मतदाता सूची में उसका नाम है तो वह अपनी पहचान दिखाने के लिए 12 वैकल्पिक पहचान दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र एवं भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी में से किसी एक दस्तावेज को दिखाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है।

## पहले मतदान फिर जलपान मतदान करना हमारा अधिकार एवं कर्तव्य है मतदान करें




जन एक्सप्रेस। अयोध्याधाम

प्रॉमिनेंट पब्लिक स्कूल समिति द्वारा संचालित मुस्कान पुनर्वास केंद्र एवं प्रोमिनेंट पब्लिक स्कूल अयोध्या के बच्चों ने मिलकर एक जन जागरूकता रैली निकाली बच्चे हाथों में पोस्टर लिए हुए थे जिसमें लिखा था कि ÷पहले मतदान फिर जलपान÷मतदान करना हमारा अधिकार एवं कर्तव्य है मतदान करें और अपनी मनचाही सरकार बनाएं। आपके एक वोट की भी कीमत है किसी के प्रलोभन में ना आए और देश व धर्म की रक्षा के लिए वोट करें। वोट का दिन अवकाश का दिन नहीं है मताधिकार का प्रयोग करें। अपने लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के लिए वोट करें। दिव्यांग भाई-बहन ,युवा , बुजुर्ग महिलाएं सभी अपने पड़ोसियों के साथ निकले और मतदान करें।आपका और हमारा वोट 20 मई को देश के विकास के लिए देश के निर्माण के लिए एवं देश की सुरक्षा के लिए पड़ेगा। अतः घरों से निकालकर अवश्य मतदान करें और लोकतंत्र की रक्षा करें। उक्त रैली का संचालन कर रही थी समाजसेवी डॉक्टर रानी अवस्थी मतदान जागरूकता रैली की अगवाई कर रहे प्रबंधक राघवेंद्र अवस्थी साथ में थे शिक्षक संगीता , निशा निषाद ,पूजा ,उषा ,मनोज ,अनीता नवनीत एवं प्रॉमिनेंट पब्लिक स्कूल के बच्चे तथा मुस्कान पुनर्वास के दिव्यांग मूकबधिर बच्चे। इसमें कुछ दिव्यांग बच्चे पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे थे इस कारण वे बहुत ही उत्साहित थे।

## जन्मदिन पर याद किए गए गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल त्रिपुला रायबरेली में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती हरसोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाई गई। सवर्प्रथम प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए तदोपरान्त विद्यालय की छात्राओं ने गुरुदेव के गीत 'एकला चलो रे' पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय की संयोजिका संचिता त्रिवेदी ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर का संक्षिप्त जीवन परिचय देते हुए बताया कि गुरू जी विश्वविख्यात कवि, साहित्यकार और दार्शनिक थे, उन्होंने अपनी पहली कविता आठ वर्ष की आयु में लिखी और मात्र सोलह वर्ष की आयु में उनकी प्रथम लघुकथा प्रकाशित हुई थी। वह पहले भारतीय हैं जिन्हे 1913 ई0 में महाकाव्य गीतांजलि की रचना के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया। बंगलादेश का राष्ट्रगान 'आमार सोनार बांग्ला ' व भारत देश का राष्ट्रगान 'जन गण मन' गुरुदेव की ही देन है। गुरुदेव द्वारा स्थापित किया गया विश्व भारती विश्वविद्यालय उनके प्रकृति प्रेम का अनूठा उदाहरण है। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गुरुदेव रवीन्द्रनाथ एक ऐसे व्यक्तित्व हैं, जिनसे प्रेरणा लेकर लोग सफलता के उच्चतम शिखर पर पहुँच सकते हैं। गुरुदेव ने लोगों को सदैव गलतियों से प्रेरणा लेते हुए, उन्हें दोहराये बिना सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। हम सभी को गुरुदेव के व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा लेते हुए सतत ऊर्जावान बने रहने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, शिवकरन पाल, शाहीन खान, धर्मेंद्र शुक्ला,अभिषेक श्रीवास्तव, आरजू यादव, रामदेव, अभिषेक भारद्वाज, पिंकी जायसवाल एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कमर्चारी उपस्थित रहे।

## ग्राम प्रधान सहित दर्जनों लोग शामिल हुए भाजपा में

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



बीकापुर विधान सभा की रैथुआ ग्राम पंचायत के प्रधान मो इश्तियाक सहित दर्जन भर लोग भाजपा में शामिल हुए। लोक सभा कैम्प कार्यालय सहादतगंज में सांसद लल्लू सिंह ने सभी को पार्टी का ध्वज देकर भाजपा में शामिल कराया। भाजपा में शामिल होने वालों में हबीउल रहमान, मो. साहिद, अब्दुल मुस्तली, मो. मुजम्मिल, मो. वारिस, मो. आफताब, मो. असगर, अब्दुल समद, मो. गुफरान सहित अन्य लोग शामिल हैं।
इस दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में जनधन खाता, उज्जवला गैस योजना, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री आवास, इज्जत घर, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, मुत राशन जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से बिना भेदभाव सभी को इसका लाभ मिला है। पीएम मोदी के नेतृत्व में हुए विकास को देश के हर व्यक्ति ने किसी न किसी रूप में महसूस किया है। अयोध्या आज विश्व मानचित्र पर स्थापित हो रहा है।
रैथुआ प्रधान मो इश्तियाक ने कहा कि सरकार की विकास योजनाओं तथा जनकल्याण की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए है। पार्टी की द्वारा जो जिम्मेदारी मिलेगी उसकी पूर्ण रूप से अनुपालन किया जाएगा।इस दौरान सत्यप्रकाश दूबे मंडल उपाध्यक्ष, धर्मराज वर्मा मंडल महामंत्री नंदी ग्राम, बाबा राम सेवक दास सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाई गई पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ. अजित सिंह की तीसरी पुण्यतिथि

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



राष्ट्रीय लोकदल अवध जोन के अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल के आवास लीलापुर में राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई।
कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एनडीए लोकसभा प्रत्याशी सांसद लल्लू सिंह व बीकापुर के विधायक डाक्टर अमित सिंह चौहान मौजूद रहे। । कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकैलाश वर्मा ने किया जिसका संचालन जिला महासचिव संगठन प्रवक्ता रामशंकर वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह, विधायक डाक्टर अमित सिंह चौहान, रालोद अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल, जिला अध्यक्ष बलराम यादव सहित कार्यकर्ताओं व किसानों ने चौधरी अजित सिंह व चौधरी चरण सिंह के चित्र पर फूलमाला चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर सांसद लल्लू सिंह ने चौधरी साहब के चरणों में अपना श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन के संघर्षों को याद किया उन्होंने कहा कि चौधरी साहब जीवन पर्यन्त किसानों के लिए काम किया किसानों के जीवन स्तर को उठाना ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी और कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने किसानों को किसान सम्मान निधि, उत्तर प्रदेश सरकार किसानों को सिंचाई हेतु मुफ्त बिजली दे रही है किसानों गरीबों के लिए देश के प्रधानमंत्री जी ने तमाम कल्याणकारी योजनाएं लाकर गांव गली को सवारने का काम किया है हमे आप सब अपना आशीर्वाद देकर देश के सबसे बड़ी महापंचायत में भेजने का काम करें और जिससे पुनः नरेंद्र मोदी की सरकार बनकर देश और प्रदेश का चौमुखी विकास कर सके
क्षेत्रीय विधायक डाक्टर अमित सिंह चौहान ने चौधरी अजित सिंह को नमन करते हुए कहा कि चौधरी अजित सिंह ने हमारे पिता जी मुन्ना सिंह चौहान को एमएलसी बनाया व सिंचाई विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया ऐसे किसान मसीहा के जीवन से हमें सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व के कारण किसानों को अपनी फसल बेचने के बाद शीघ्र उसका भुगतान मिल पा रहा है धान, गेहूं, केंद्र पर तौल करने के 24 घंटे के अंदर किसानों को भुगतान मिल रहा है क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाने का काम हमारी सरकार में हो रहा है ग्रामीण क्षेत्रों में भी 22 घंटे बिजली मिल रही है आप से लोकसभा चुनाव में सांसद लल्लू सिंह के लिए वोट और सपोर्ट मांगने के लिए आया हूं। राष्ट्रीय लोकदल अवध जोन के अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने चौधरी अजित सिंह को याद करते हुए नमन किया और अपने आवास पर आयोजित कार्यक्रम में आए सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए सबका आभार प्रकट किया और सभी से एनडीए गठबंधन प्रत्याशी सांसद लल्लू सिंह को वोट और सपोर्ट देने का संकल्प दिलाया।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 37°C | 24°C |
| कानपुर | 39°C | 25°C |
| देहरादून | 34°C | 22°C |
| नई दिल्ली | 41°C | 27°C |

# कांग्रेस-सपा व इंडी गठबंधन का चरित्र राम और भारत विरोधी : सीएम योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से की बातचीत

- रामगोपाल यादव पर बिफरे, बोले, उनका बयान कोटि-कोटि रामभक्तों का अपमान
- आतंकवाद समर्थक और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों के विपरीत आचरण करते रहे हैं इंडी गठबंधन के लोग



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को चुनाव प्रचार पर जाने से पूर्व अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत की। इस दौरान मुख्यमंत्री के निशाने पर कांग्रेस, सपा, राजद समेत इंडी गठबंधन के तमाम दल रहे। सपा नेता रामगोपाल यादव और राजद प्रमुख लालू यादव के बयानों पर भी उन्होंने खूब लताड़ा। सीएम ने कहा कि समाजवादी पार्टी-कांग्रेस का चरित्र हिंदू और राम विरोधी है। जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखि तिन तैसी ... यह रामभक्तों पर गोली चलाने, श्रीराम के अस्तित्व को नकारने और मर्यादा प्रभु श्रीराम की ईश्वरीय सत्ता को चुनौती देने वाले लोग हैं। यह भारत की आस्था, भारत के राष्ट्र नायकों का सम्मान कर सकें, आजादी के आंदोलन में योगदान देने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति श्रद्धा का भाव रख सकें। इन लोगों से ऐसी उम्मीद करना बेमानी है। सीएम योगी ने कहा कि रामगोपाल यादव का बयान सपा व कांग्रेस के साथ इंडी गठबंधन की वास्तविकता को प्रदर्शित करता है। यह लोग वोट बैंक के लिए न केवल भारत की आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं, बल्कि प्रभु श्रीराम की ईश्वरीय सत्ता को चुनौती देने का काम कर रहे हैं। इतिहास गवाह है कि जिसने भी ईश्वरीय सत्ता को चुनौती दी है, उसकी दुर्गति हुई है। रामगोपाल यादव का बयान सनातन आस्था के साथ खिलवाड़, कोटि-कोटि रामभक्तों का अपमान है। जिन लोगों ने पूरा जीवन राम मंदिर के लिए समर्पित किया है, उनकी आस्था पर कुठाराघात है। भारतीय समाज इसे कतई स्वीकार नहीं कर सकता। इनका बयान चिढ़ाने वाला है। तुष्टिकरण की नीति पर चलकर वोट बैंक को बचाए रखने की कवायद की जा रही है। ऐसे बयानों से इनकी वास्तविकता साफ झलक रही है।

### इनकी भावनाएं हिंदू व भारत की आस्था के विरोध में

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस, सपा, डीएमके, राजद, नेशनल कॉफ्रेंस एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं। यह लोग हमेशा से अयोध्या में राम मंदिर का विरोध करते रहे हैं। इनकी भावनाएं हिंदुओं और भारत की आस्था के विरोध में रहती हैं। इनका चरित्र तुष्टिकरण की नीति को पोषित करने वाला है। यह आतंकवाद समर्थक और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों के विपरीत आचरण करते रहे हैं। ऐसे लोगों से इससे अधिक उम्मीद नहीं की जा सकती है, लेकिन यह लोग जान लें कि ईश्वरीय सत्ता को चुनौती देने का मतलब- विनाश काले, विपरीत बुद्धि। इनका वास्तविक चरित्र जनता-जनार्दन समझ रही है। कांग्रेस व इंडी गठबंधन से जुड़े लोगों ने शुरू से प्रयास किया कि अयोध्या में राम मंदिर के मामले में माननीय न्यायालय से फैसला न आने पाए। यह लोग बैरियर बनकर रोड़े अटकाते थे। जब मामला उच्चतम न्यायालय में गया, तब 7-8 वर्षों तक इन लोगों ने कुछ नहीं होने दिया पर जब मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र, फिर राज्य में सरकार बनी तो इस प्रक्रिया को तेजी से बढ़ाया गया। इस पर माननीय उच्चतम न्यायालय ने फैसला दिया। पीएम मोदी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण हुआ। देश और दुनिया का कोटि-कोटि श्रद्धालु आकर श्रद्धा व्यक्त करते हुए नई अयोध्या का दर्शन कर रहा है। कांग्रेस-सपा व इंडी गठबंधन के लोग रामद्रोहियों के साथ खड़े हुए हैं।

### भारत के विभाजन की रखी जा रही आधारशिला, इसे नकारते हुए पुरजोर जवाब दें मतदाता

सीएम ने कहा कि पीएम भी कह रहे हैं कि इंडी गठबंधन से जुड़े कांग्रेस, सपा-राजद आदि दल पिछड़ी, अनुसूचित जाति व जनजाति के आरक्षण पर सेंध लगाने का प्रयास करेंगे। इनका घोषणा पत्र इस बात का उल्लेख करता है। कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार जब सत्ता में थी तो राजद व सपा उसके घटक दल थे। उस समय इन लोगों ने रंगनाथ मिश्रा व सच्चर कमेटी गठित की थी। रंगनाथ मिश्रा कमेटी ने उल्लेख किया था कि 27 में से छह फीसदी आरक्षण मुसलमानों को देना चाहिए। भाजपा ने उस समय इसका पुरजोर विरोध करते हुए कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं हो सकता। फिर सच्चर कमेटी गठित करके अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षण में सेंध लगाने का प्रयास किया था। इन लोगों ने मुस्लिमों की कुछ जातियों को अनुसूचित जाति-जनजाति में शामिल करने का प्रयास किया। भाजपा ने इसका भी विरोध किया था, क्योंकि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण के विरोधी थे। उन्होंने कहा था कि धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं हो सकता। यह भारत के विभाजन का कारण बना था, इसलिए हमें ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए। इस कारण अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जाति के अधिकार बच पाए पर कांग्रेस, सपा व राजद को जब भी अवसर मिलेगा, यह इन जातियों के आरक्षण में सेंध लगाकर जबरन अल्पसंख्यकों को देने का प्रयास करेंगे। भारत के विभाजन की आधारशिला रखी जा रही है, जिसे नकारते हुए मतदाताओं को पुरजोर जवाब देना चाहिए।

# भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरी सरोजनीनगर उप जिलाधिकारी, लगे अनियमितता के आरोप



- उप जिलाधिकारी को हटाने की मांग पर अड़े तहसील के अधिवक्ता
- न्यायिक कार्यों में लेट लतीफी से अधिवक्ता नाराज

जन एक्सप्रेस । विश्वामित्र पांडेय

लखनऊ। जब अधीनस्थ कर्मचारियों की लापरवाही या अनियमितता की शिकायत हो तो उच्च अधिकारियों से उनकी शिकायत की जा सकती है, लेकिन एक जिम्मेदार अधिकारी जब अपने दायित्वों से मुंह फेरने लगे तो मामला बेहद गंभीर स्थिति पैदा करने वाला हो जाता है। ऐसा ही मामला राजधानी की सरोजनीनगर तहसील का है जहां उप जिलाधिकारी पर अपने विभागीय एवं न्यायिक कार्य में लापरवाही करने के आरोप लगाए गए हैं।

सरोजनीनगर तहसील बार कौंसिल ने बीते सोमवार को बैठक कर उप जिलाधिकारी की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए विभिन्न आरोप लगाए और न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर विरोध जताया है। सरोजनीनगर तहसील बार कौंसिल के पदाधिकारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि उप जिलाधिकारी और तहसीलदार के यहां जो काम अधिवक्ताओं के कहने से नही होते वही काम पेशकारों के कहने से हो रहे हैं, सारे नियम कानून ताक पर रखे जा चुके हैं। ऐसी स्थिति में जब तक उप जिलाधिकारी को यहां से हटाया नहीं जाता तब तक सभी अधिवक्ता तहसील में न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। वहीं उप जिलाधिकारी की चुप्पी इस बात की ओर इशारा करती नजर आ रही है की अधिवक्ताओं के आंदोलित होने का कुछ तो कारण जरूर है।

### पीपी एक्ट में चल रहे मुकदमे पर हो रही सिर्फ तारीख पर तारीख

सूत्रों की मानें तो जहां सरोजनीनगर उप जिलाधिकारी न्यायालय में पीपी एक्ट के तहत चल रहे मुकदमों को समयबद्ध तरीके से न निपटाने के साथ ही अन्य न्यायिक कार्यों में लेट लतीफी उप जिलाधिकारी की न्यायिक मंशा पर सवाल खड़ा करती नजर आ रही वहीं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने की भू माफियाओं की प्रवृत्ति को भी बढ़ावा मिल रहा है। बताते चलें कि जिला पंचायत की बंथरा सिकंदरपुर स्थित भूमि पर कब्जे को हटाने हेतु पीपी एक्ट में वाद लंबित है, जिसमे उप जिलाधिकारी द्वारा सिर्फ तारीख पर तारीख ही दी जा रही है। जबकि मामला बेहद गंभीर होने के बावजूद उप जिलाधिकारी का रवैया बेहद निराशाजनक माना जा रहा है। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि चुनावी व्यस्तता के कारण न्यायिक कार्यों में लेट लतीफी भी स्वाभाविक है।



"उप जिलाधिकारी अभी नहीं कर रही हैं, न ही कोई तरीका है न ही कोई नियम है, बार एसोसिएशन की ओर से लिखित ज्ञापन दिया गया है लेकिन अभी तक कोई जवाब नही आया, जब तक समस्या का कोई हल नहीं निकलता कोर्ट खुलने के बाद भी न्याकिक कार्यों का बहिष्कार जारी रहेगा।

– एड. कमलेश प्रताप सिंह चौहान, अध्यक्ष सरोजनीनगर बार एसोसिएशन

## फास्ट फॉरवर्ड

### चार आईपीएस अफसरो का तबादला

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। यूपी में चुनाव आयोग ने चार आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया है। डीजी जेल एसएन साबत को हटा दिया गया है। उनकी जगह पीवी रामशास्त्री नए डीजी जेल होंगे। इसके अलावा आईपीएस आनंद स्वरूप को अपर पुलिस महानिदेशक के पद पर पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। डॉ.एन रविंदर को अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक केजीएसओ के पद पर तैनाती दी गई है।वे अभी तक पुलिस मुख्यालय में अपर पुलिस महानिदेशक के पद पर तैनात थे, वह महानिदेशक केजीएसओ का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे थे।

### कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त, निर्वाचन आयोग के निर्देशों का हो रहा अनुपालन

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1802 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 06 मई तक पुलिस ने अपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये। 4704 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये। शांतिभंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 26,90,559 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 23,70,280 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस ने 8886 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8978 कारतूस, 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक व 504 बम बरामद कर सीज किये और अवैध शस्त्र बनाने वाले 3902 केन्द्रों पर रेड डाली और 170 केन्द्रों को सीज किया।06 मई को पुलिस ने निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 25276 लोगों को पाबन्द किया। 80 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 83 कारतूस व 14 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने वाले 53 केन्द्रों पर रेड डाली और 02 केन्द्र सीज किया।

### हटाये गये पोस्टर, बैनर व प्रचार सामग्री

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,44,51,954 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 88,76,828 तथा निजी स्थानों से 55,75,126 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 9,86,832, पोस्टर के 40,64,831, बैनर के 24,84,017 एवं अन्य 13,41,148 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 7,73,152, पोस्टर के 25,80,157 बैनर के 13,94,810 एवं अन्य 8,27,007 मामलों में कार्यवाही की गयी। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1280 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2194 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 123 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित 129 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

### पूर्व मंत्री सलाउद्दीन सिद्दीकी ने बीकेटी में किया जनसंपर्क, कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

जन एक्सप्रेस/बीकेटी, लखनऊ। उत्तर प्रदेश की मायावती सरकार में पूर्व मंत्री सलाउद्दीन सिद्दीकी ने मंगलवार को बीकेटी विधानसभा क्षेत्र के लोगों से मुलाक़ात कर जन संपर्क किया। बता दे कि जनसंपर्क के दौरान सलाउद्दीन सिद्दीकी ने अपने बसपा कार्यकर्ताओं एवं पार्टी पदाधिकारी से मुलाकात कर लोकसभा चुनाव पर चर्चा की। वहीं इस दौरान बसपा पार्टी के पदाधिकारी मंसाराम रावत एवं अन्य पार्टी पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं से हाल हाल-चाल जाना, कई बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खाद्य आयुक्त से मिले राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष और महामंत्री

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी एवं महामंत्री अरुणा शुक्ला ने आज आज खाद्य आयुक्त सौरव बाबू से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर विभागीय कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा किया।संयुक्त परिषद की महामंत्री अरुणा शुक्ला ने बताया कि खाद्य आयुक्त से कर्मचारियों के कैडर रिव्यू , एआरओ से समानता देते हुए राजपत्रित घोषित कियाजाना, एवं गेहूं खरीद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों पर चर्चा हुई।संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने खाद्य आयुक्त से कहा कि मैचिंग सेविंग के सिद्धांत पर कैडर रिव्यू का प्रस्ताव शासन को भेज कर कैडर रिव्यू कराया जाए।

# 'हार की हताशा से बौखलाई बीजेपी'

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभय दुबे, कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की मीडिया कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी तथा चित्रा निषाद बाथम ने संयुक्त बयान जारी करते हुए बताया कि 11 राज्यों की 93 लोकसभा सीटों पर आज तीसरे चरण का मतदान हुआ है। पहले दो चरणों की हार की हताशा से बौखलाई भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के मतदाताओं से दुर्व्यवहार पर उतर आई है और प्रदेश की जनता को वोट देने के उसके संवैधानिक अधिकारों से वंचित करने की कुचेष्टा की गई है। आज उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण की वोटिंग में कई संसदीय क्षेत्रों से यह खबर आई है कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग कर जनता को उनके मत देने के अधिकार से वंचित किया है। कहीं पर लाठीचार्ज किया गया तो कहीं बलपूर्वक जनता को पोलिंग बूथों से भगा दिया गया।संसदीय क्षेत्र संभल, मैनपुरी बदांयु, एटा, ऑवला, आगरा, में व्यापक रूप से मतदाताओं को मतदान करने से रोकने की खबरें आई हैं। संभल संसदीय क्षेत्र में बर्बरतापूर्वक पुलिस द्वारा मतदाताओं पर लाठीचार्ज किये जाने के वीडियो रोंगटे खड़े करने वाले है। संभल लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले कुंदरकी, बिलारी, चन्दौसी, संभल, असमोली समेत सभी विधानसभाओं में मतदाताओं के साथ मारपीट की खबरें आ रही हैं।दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि देश की सांस्कृतिक राजधानी कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश के लोगों के साथ भाजपा की सरकार इतना संवेदनहीन और अमानवीय व्यवहार कर रही है समूचे उत्तर प्रदेश का मतदाता इन घटनाओं का संज्ञान ले रहा है। आने वाले अगले चार चरणों में भारतीय जनता पार्टी को इस अराजकता पूर्ण व्यवहार के लिए चौतरफा हार का मुंह देखना पड़ेगा।कांग्रेस पार्टी चुनाव आयोग से निष्पक्ष चुनाव की अपेक्षा करती है और उम्मीद करती है कि आने वाले चार चरणों में भाजपा सरकार के ऐसे प्रशासकीय दुरूपयोग की पुनरावृत्ति नहीं होने देगा।

# प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने की ओर बढ़ रही बीजेपी : स्वतंत्र देव



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के साथ प्रेस वार्ता को संबोधित किया। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि तीन चरणों के चुनाव के पश्चात यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि भारतीय जनता पार्टी गरीब, किसान, नारीशक्ति एवं युवाओं के अपार समर्थन से प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने की ओर तेजी से बढ़ रही है। तीनों ही चरणो में जनता ने विपक्ष का पूरी तरह से सफाया कर दिया है। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी मोदी के लिए स्वयं चुनाव लड़ रहे है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में स्थापित कानून के राज से जनता भाजपा को आशीर्वाद दे रही है। स्वतंत्र देव सिंह कहा कि सपा नेता अपनी पार्टी की निश्चित हार के आभास से बौखला गए हैं और यही कारण है कि अपने बेटे की हार से रामगोपाल यादव तथा शिवपाल यादव बौखला गए हैं। इससे स्पष्ट है कि अखिलेश यादव, डिंपल यादव सहित पूरा सैफई परिवार अपने निश्चित हार से हताशा में है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन बुरी तरह पराजित हो रहे हैं, वे जनता का विश्वास पाने में असफल रहे है।श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश की देवतुल्य जनता ने मोदी को पुनः सेवा करने के लिए चुन लिया है। पहले दो चरणों की जीत को आगे बढाते हुए भाजपा तीसरे चरण की सभी दस सीटों को भारी अंतर से जीत रही है। इंडी गठबंधन के नेताओं की संदिग्ध नीयत और नीति का पर्दाफाश हो चुका है। इस बार के चुनाव में जनता ने विपक्ष के मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के विरोध में कमल के फूल पर दनादन बटन दबाकर अपना मत स्पष्ट कर दिया है।जलशक्ति मंत्री ने कहा कि चुनाव के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर चुनाव आयोग, मतदान कर्मियों, सुरक्षा बलों सहित सभी मतदाताओं का अभिनंदन। लोकतंत्र के महायज्ञ को निर्विघ्नता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए इस पुनीत कार्य में लगे सभी लोगों और जनता जनार्दन के प्रति आभार।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने गांधी परिवार को बताया सीजनल, बोले, तीसरे चरण की सभी सीटें जीतेंगे

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने मंगलवार को गांधी परिवार पर हमला बोला। कहा कि ये सब सीजनल लोग हैं। जब चुनाव आता है तो राहुल गांधी अमेठी छोड़कर रायबरेली चले जाते हैं। प्रियंका गांधी जनसंपर्क के कार्यक्रम में आ गए हैं। ये लोग चुनावी लोग है और चुनाव के बीच में ही इनकी उपस्थिति होती है। लेकिन, यूपी की जनता इन्हें नकार चुकी है। अमेठी और रायबरेली की जनता सब जानती है कि ये सब सीजनल लोग है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया है कि मंगलवार को हो रहे तीसरे चरण में यूपी की दस सीटों पर चुनाव में भाजपा जीत रही है। साथ ही कहा कि यूपी की सभी सीटों पर भाजपा चुनाव जीतेगी। इससे पहले कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर भारतीय जनता पार्टी आज भारत की ही नहीं अपितु विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को रीढ़ की हड्डी बताते हुए कहा कार्यकर्ताओं के बल पर इस बार भारतीय जनता पार्टी मोदी सरकार के 400 पार नारे को सरकार करेगी। कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करती है, भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की 10 साल तथा प्रदेश की 7 साल की सरकार में जो भी घोषणा पत्र में शामिल था भारतीय जनता पार्टी ने शत प्रतिशत घोषणा पत्र को पूरा करने का काम किया है।

## हज यात्रियों की पहली उडान आज 08 :10 बजे दूसरी उड़ान 05 बजे व 06.10 बजे होगी तीसरी उड़ान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



हज-2024 के हज यात्रियों की लखनऊ उडान स्थल से प्रथम उडान 09 मई को प्रातः 08-10 बजे प्रस्थान करेगी, उसी दिन दूसरी उड़ान सांय 05 बजे व तीसरी उड़ान सांय 06.10 बजे प्रस्थान करेगी। सचिव हज कमेटी एस पी तिवारी ने बताया कि 09 मई को जाने वाले हज यात्रियों ने आज हज हाउस के प्रशासनिक भवन में पहुँचकर अपनी रिपोर्टिंग करायी। प्रथम उड़ान के 281, दूसरी उड़ान के 279 व तीसरी उड़ान के 281 हज यात्रियों ने अपनी बुकिंग करा ली है। जिन हज यात्रियों ने अपनी बुकिंग करा ली है उन्हें अब उड़ान से छः घण्टे पूर्व हज हाउस में पहुँच कर अपने पासपोर्ट, टिकट आदि प्राप्त करना होगा व एयरलाइंस के काउण्टर पर अपना लगेज कराकर यहीं से बसों से एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करना होगा। हज हाउस में हज यात्रियों के सुविधार्थ विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण आज जे रीभा, निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय द्वारा किया गया। सचिव हज कमेटी ने बताया कि लखनऊ के हज यायियों का टीकाकरण आज पूर्ण हो गया, चार दिनों से चल रहे टीकाकरण कार्यक्रम में कुल 866 हज यात्रियों का टीकाकरण हुआ, जिसमें 452 पुरुष व 414 महिलाएं हैं।

# सातवां चरण : 13 लोकसभा सीट व दुद्धी सु. विधानसभा उप निर्वाचन के लिए नामांकन शुरू

- पहले दिन 05 प्रत्याशियों ने किया नामांकन
- नामांकन की अंतिम तिथि 14 मई, 01 जून को मतदान
- 2.49 करोड़ मतदाता करेंगे मतदान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने की प्रक्रिया संचालित है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सातवें चरण में 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 403-दुद्धी अजजा विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 07 मई को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। नामांकन के पहले दिन 07 मई को लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 05 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे के मध्य किये जा सकेंगे। प्रदेश में सातवें चरण की 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 07 मई को नामांकन के पहले दिन 05 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें 65 कुशीनगर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी से विजय ने नामांकन किया।75-गाजीपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्दलीय प्रत्याशी सत्यदेव यादव ने नामांकन किया।77-वाराणसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बहादुर आदमी पार्टी से अभिषेक प्रजापति, युग तुलसी पार्टी से कोलिसेट्टी शिव कुमार ने नामांकन किया। 79-मिर्जापुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अपना दल कमेरावादी से दौलत सिंह ने नामांकन किया।इसके अतिरिक्त अन्य सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों एवं सोनभद्र की दुद्धी अजजा विधानसभा उप निर्वाचन के लिए नामांकन शून्य रहा।

प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन के सातवें चरण के अंतर्गत 13 लोकसभा सीटों में 63-महराजगंज, 64-गोरखपुर, 65-कुशीनगर, 66-देवरिया, 67-बांसगांव अजा, 70-घोसी, 71-सलेमपुर, 72-बलिया, 75-गाजीपुर, 76-चन्दौली, 77-वाराणसी, 79-मिर्जापुर, 80-राबर्ट्सगंज अजा हेतु चुनाव सम्पन्न किया जाना है। सातवें चरण की 13 लोकसभा सीटों में 11 सीटें सामान्य श्रेणी और 02 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। सातवें चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया, गाजीपुर, चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर तथा सोनभद्र सहित 11 जिलों के अंतर्गत आते हैं। 403-दुद्धी अजजा विधानसभा क्षेत्र जिला सोनभद्र के अन्तर्गत आता है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सातवें चरण की 13 लोकसभा सीटों तथा 403-दुद्धी अजजाविधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 14 मई निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 15 मई को की जायेगी। 17 मई नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। इन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की सूची अन्तिम हो जायेगी। सातवें चरण का मतदान 01 जून को सम्पन्न होगा। उत्तर प्रदेश के सभी निर्वाचन क्षेत्रों की 04 जून को मतगणना की जायेगी। सातवें चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2.49 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.32 करोड़ पुरुष मतदाता, 1.17 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में 14,183 मतदान केन्द्र तथा 25,658 मतदेय स्थल पोलिंग बूथ हैं। 403-दुद्धी अजजा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में 3.43 लाख मतदाता है, जिसमें 1.80 लाख पुरुष मतदाता तथा 1.63 लाख महिला मतदाता है। उन्होंने कहा कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा सुरक्षा हेतु तैनात पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिये गये है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# जनता–जनार्दन की जय!

**सामाजिक, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर सार्थक बहस की जगह नेता को जिताने और उसके एवज में कुछ लाभ देने तक सारी बातचीत चुक जाती है। हां, यह जरूर हुआ है कि आपसी असहिष्णुता बढ़ रही है और एक–दूसरे के प्रति आदर और सम्मान की जगह अपमानजनक और चिढ़ाने वाली भाषा के उपयोग की ओर नेताओं की रुझान बढ़ रही है। आए दिन चुनावी हिंसा की वारदात भी सुर्खियों में होती हैं। राजनीतिक निर्णयहीनता को 'सरप्राइज' का पूर्वरंग कहा जा रहा है। कुल मिला कर किसी प्रत्याशी की विजय की संभावना ही चुनावी रण में खास बात होती है।**

*इस बार देश में चल रहा चुनावी महाभारत कुछ ज्यादा ही लम्बा खिंच रहा है और कई महारथी पशोपेश में पड़ते दिख रहे हैं। सेनापतियों पर शामत आ रही है कि वे अपनी-अपनी सेना को कैसे संभालें? तेज गर्मी और लू के मौसम में महीने भर से कुछ ज्यादा चलने वाले गणतंत्र के इस लोक-उत्सव में राजनीतिक पार्टियों को बीच-बीच में सांस लेने का अवसर मिल पा रहा है यह कुछ राहत की बात है। पर 'स्टैमिना' बनाए रखने के लिए जरूरी राजनीतिक दांवपेंच कम पड़ रहे हैं और कई दलों की तैयारी कुछ ढीली पड़ती नजर आ रही है। बेहद बुजुर्ग हो रहे नेताओं को कमान संभालने में थकान भी जाहिर है पर अगली (या दूसरी) कतार के नेता ज्यादातर बयानबाजी में मशगूल हैं। चूंकि बहुत से नेता ऊपर से थोपे हुए हैं उनकी जन-रुचि बेहद सतही होती है और उनके खोखले हो रहे जन-लगाव की पोल जल्दी ही खुलती जाती है। ऐसे में नेतागण पर थोड़ी देर के लिए ही सही सार्थक प्रयोजन खोजने का दबाव और बेचैनी बढ़ती जा रही है। इस प्रयास में वे तथ्यों को तोड़मोड़ कर और इतिहास की यथेच्छ प्रस्तुति और व्याख्या करने में जुट जाते हैं। अपने सामने वाले को पटखनी देने, कमजोर साबित करने और वोट काटने के लिए नए-नए पैंतरे ढूढते रहना उनके लिए मजबूरी हो गई है। सत्तारूढ़ दल एक दशक तक का रिपोर्ट कार्ड पेश कर आर्थिक प्रगति, समाज के उपेक्षित जनों के लिए सुविधाओं का विस्तार, आईआईएम, आईआईटी और एम्स जैसी संस्थाओं का निर्माण, स्वदेशी उत्पादन और निर्यात में वृद्धि, कश्मीर के मसले में प्रगति, राम मंदिर निर्माण, एक्सप्रेस-वे का विस्तार आदि को अपने हिस्से की उपलब्धि के रूप में पेश कर रहा है। जनता भी बदलाव महसूस कर रही है। पर यह भी हकीकत है कि संसद में सत्ता पक्ष को चुनौती देने के लिए प्रतिपक्ष भी होना चाहिए। चुनावी मौसम आने पर मजबूत सत्ता पक्ष को चुनौती देने के लिए कई विपक्षी दलों का एक गठबंधन 'इंडी' खड़ा हुआ। इंडी में शुरू से ही आपसी सहमति और संवाद का अभाव बना रहा है। चुनाव के बीच राजनीतिक पार्टियों के बीच जिस किसी तरह बना सहयोग अभी तक इस अर्थ में बहुत हद तक दिशाहीन है कि साझे का कोई एक फार्मूला नहीं बन सका है और न कोई दृष्टि ही पनप सकी है। राष्ट्र की जगह दलों की अपनी निजी क्षेत्रीय सत्ता की सुरक्षा पहली वरीयता है। उनका भविष्य वहीं पर है इस सच्चाई के साथ वे समझौता नहीं कर पा रहे और बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। इस तरह एक विलक्षण प्रकार का सहयोग और कलह का मिला जुला नक्शा उभर रहा है जिसके तहत इंडी की सहयोगी पार्टियों के बीच आपसी समझौते पूरे देश के लिए नहीं बल्कि सीमित और क्षेत्र-विशेष तक चुकने लगे। इसका परिणाम है वे ही दल एक जगह अगर एक दूसरे के विरोधी हैं तो दूसरी जगह सहयोगी हैं। बंगाल इसका प्रमुख उदाहरण है। बिखरे होने के कारण समवेत रूप से विरोधी दलों का कोई ठोस कार्यक्रम नहीं बन पा रहा है। इंडी के सभी सदस्य दलों के अपने-अपने मंसूबे हैं और इंडी के संगठन के प्रति या देश के प्रति निष्ठा को लेकर दलों में किसी तरह की गंभीरता नहीं आ पा रही है। इसका एक बड़ा कारण उन दलों की वे अंदरूनी कमजोरियां भी हैं जिससे उनकी छवि धूमिल हो रही है। पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाला में शिक्षामंत्री जेल में हैं, करोड़ों की नकदी उनसे मिली और अब पचीस हजार शिक्षकों की नौकरी पर बन आई है। साथ ही वहां की सत्तारूढ़ टीएमसी का दूसरे दलों के साथ स्थानीय अंतर्विरोध भी है जो अन्य दलों से जुड़ने में बाधा पहुंचा रहा है। कांग्रेस का जोर संविधान के लिए खतरे का आगाज, ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग, आरक्षण की ऊपरी सीमा को बढ़ाने, अल्पसंख्यक हितों की रक्षा, सेकूलर दृष्टि अपनाने और बेरोजगारी पर है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**वस्तुतः प्रधानमंत्री मोदी जो कह रहे हैं, उसकी सच्चाई यह है कि इस्लामिक मामलों के जानकार डॉ. फैयाज अहमद फैजी, राजनीतिक विश्लेषक अमाना बेगम अंसारी जैसे अनेक विद्वान एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं जो यह खुले मन से स्वीकारते हैं कि इस बात में कोई संदेह नहीं है कि मुसलमान मतदाता भाजपा को लेकर आशंकित रहते हैं। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के पिछले 10 साल के शासनकाल में मुसलमानों ने यह देखा है कि उन्हें केंद्र सरकार की योजनाओं का ठीक उसी प्रकार लाभ मिल रहा है, जैसे कि हिंदुओं या समाज के किसी अन्य वर्ग को मिल रहा है। बल्कि ज्यादा गरीबी होने के कारण कई स्थानों पर मुसलमान लोग केंद्र सरकार की योजनाओं का ज्यादा लाभ उठा रहे हैं।**



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

# ओवैसी! देश से झूठ मत बोलो, मोदी राज में ही हुआ है मुसलमानों का सही विकास

**प्रधानमंत्री मोदी से पूछा गया कि भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यक का क्या भविष्य है, इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने साफ तौर पर बताया भी कि कैसे 'भारत में रहने वाले धार्मिक माइक्रो माइनॉरिटी' तक 'दुनिया में अन्य जगहों पर उत्पीड़न का सामना करने के बावजूद, उन्हें (मुस्लिम अल्पसंख्यक) भारत में एक सेफ हैवन मिल गया है। वे खुशी से रह रहे हैं और समृद्ध हो रहे हैं।**

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी द्वारा भारत में मुसलमानों की स्थिति की तुलना तानाशाह एडॉल्फ हिटलर के दौर में जर्मनी में यहूदियों से की जा रही है। ओवैसी अपने भाषणों में कह रहे हैं, 'आज के भारत में मुसलमानों की स्थिति वैसी ही है जैसी स्थिति 1930 के दशक में हिटलर के दौर में यहूदियों ने देखी या अनुभव की थी। गैस चैंबर आखिरी पड़ाव था, उससे पहले फिल्में बनती थीं, नफरत फैलाने वाले भाषण होते थे, इसकी एक पूरी प्रक्रिया थी। चुनाव जीतने के लिए मुसलमानों को घुसपैठिया कहा जा रहा है। हिटलर भी यहूदियों के लिए यही कहता था कि वे मूल जर्मन नहीं थे।' वस्तुतः असदुद्दीन ओवैसी के नफरती भाषण की तरह ही कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन के कई नेता मुलसमानों के विकास को लेकर भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार को घेर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन सभी की नजरों में मुसलमानों के अपराधी हैं। किंतु क्या वास्तविकता में ऐसा है? देखा जाए तो हकीकत इसके उलट है। विकास के आंकड़े खास तौर पर मुसलमानों को लेकर बता रहे हैं कि उनका हर तरह से विकास मोदी युग के भारत में संभव हुआ है, जोकि इससे पहले कभी देखने को नहीं मिला। पहले पांच साल में मोदी सरकार ने इस समाज के लिए 22 हजार करोड़ रुपये की अलग-अलग योजनाएं शुरू की थीं। सरकार ने कानून बनाकर तीन तलाक को खत्म किया। हज कोटे को दो लाख तक बढ़ाया गया था। इसके बाद तो जैसे एक के बाद एक नई योजनाएं एवं कार्य मुस्लिमों के हक में मोदी सरकार द्वारा किए जाने की झड़ी सी लगते हुए देखा गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, उज्जवला योजना, सौभाग्य योजना, उस्ताद योजना, मुद्रा योजना समेत जितनी भी योजनाएं केंद्र सरकार की चल रही हैं उसका सबसे ज्यादा लाभ जनसंख्यात्मक आंकड़ों में मुसलमानों को ही मिला है। उड़ान योजना में सरकार ने मुस्लिम छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए फ्री कोचिंग व्यवस्था उपलब्ध कराई है। इस स्कीम के तहत घर में रहकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले



**मोदी के सत्ता में आने के बाद उसके साथ किसी तरह का भेदभाव होता है। आप कई अन्य चीजों के लिए भाजपा की आलोचना कर सकते हैं, लेकिन इस सरकार के अलावा किसी के पास व्यक्तिगत कानूनों में सुधार करने की इच्छा दिखाई नहीं दी है।**

मुसलमान विद्यार्थियों को 1500 रुपये और बाहर रहकर पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को 3000 रुपये दिए जा रहे हैं। शादी शगुन योजना के तहत ग्रेजुएशन करने वाली मुस्लिम लड़कियों को 51000 रुपये की राशि शादी शगुन के तौर पर देने का काम किया जा रहा है। इसी प्रकार की एक उस्ताद योजना है जोकि मुस्लिम कारीगरों को और ज्यादा एक्सपर्ट बनाने के लिए उन्हें ट्रेनिंग देने का काम करती है। इसके तहत कारीगरों को मुसलमानों के पारंपरिक कला और हस्तकला को धार देने के लिए कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित करने का काम किया जा रहा है। इस दृष्टि से एक योजना सीखो और कमाओ योजना को भी देखा जा सकता है। मोदी की सरकार ने मुस्लिम युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से इस स्कीम को शुरू किया है। मुस्लिम युवाओं को कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार की ओर प्रोत्साहित करने के साथ ही प्रशिक्षित 75 प्रतिशत मुस्लिम युवाओं को रोजगार मुहैया कराने की अनिवार्यता इसमें रखी गई है। ईदी योजना पर कोई बात नहीं करता, किंतु केंद्र की मोदी सरकार पांच करोड़ मुस्लिम विद्यार्थियों को %प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति% देने का कार्य इसके अंतर्गत होता है। इस योजना में खास बात यह है कि योजना का लाभ उठाने वाले में 50 प्रतिशत मुस्लिम छात्राएं ही होती हैं। योजना मुसलमानों में शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने के लिए शुरू की गई है। केंद्र की मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता संभालते ही अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए बजट की राशि बढ़ाई है। तीन तलाक का दंश झेल रही मुस्लिम महिलाओं को कानून बनाकर उन्हें बराबर का हक दिलाने का काम मोदी सरकार के रहते ही पूरा हो सका है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने मुसलमानों के लिए सऊदी अरब से आग्रह कर न सिर्फ हज का कोटा बढ़वाया बल्कि उस पर लगने वाली जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया। वह नरेन्द्र मोदी की सरकार ही है, जिसके केंद्र में रहते छह लाख से अधिक वक्फ बोर्ड और वक्फ संपत्तियों के कागजातों का डिजिटलीकरण करवाने का काम पूरा हो सका है। ऐसे ही मुस्लिम विकास के जुड़े मोदी युग के अन्य भी तमाम आंकड़ें मौजूद हैं। यदि यहां इसके बारे में लिखने जाएंगे तो एक लाख शब्द भी कम हैं। यहां मुलसमानों के हक में केंद्र सरकार द्वारा उनके कल्याण के लिए प्रधानमंत्री का 15 सूत्री कार्यक्रम का जिक्र करना भी अनिवार्य लगता है। जिसमें एकीकृत बाल विकास सेवाओं की समुचित उपलब्धता, विद्यालयीन शिक्षा की उपलब्धता को सुधारना, उर्दू शिक्षण के लिये और अधिक संसाधन, मदरसा शिक्षा आधुनिकीकरण, अल्पसंख्यक समुदाय के मेधावी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति, मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान के माध्यम से शैक्षिक अधोसंरचना को उन्नत करना, गरीबों के लिए स्वरोजगार एवं मजदूरी रोजगार योजना, तकनीकी शिक्षा के माध्यम से कौशल का उन्नयन, आर्थिक क्रियाकलापों के लिए अभिवृद्धित ऋण सहायता, राज्य एवं केंद्रीय सेवाओं में भर्ती, ग्रामीण आवास योजना में उचित हिस्सेदारी, अल्पसंख्यक समुदायों वाली मलिन (गंदी) बस्तियों की स्थिति में सुधार, सांप्रदायिक घटनाओं की रोकथाम, सांप्रदायिक अपराधों के लिये अभियोजन, सांप्रदायिक दंगों के पीड़ितों का पुनर्वास को प्रमुखता से रखा है।

## एक्सप्रेस कविता

*इनकी छोटी-छोटी हथेलियों में, पूरे ब्रह्मांड को समा जाने दो, संपूर्ण संभावना के साथ पैदा हुआ नवजात, एक नन्हा पंछी तो है। आंखों में भविष्य के सपने जल की निश्छलता, सूरज की किरणों की ताजगी, चंद्रमा की स्निग्धतता, सागर की गहराई और गंभीरता लिए हुए इन मासूमों को आकाश की अनंत ऊंचाइयों दो, इनकी नन्ही छोटी आंखों में अपनी आकांक्षाएं, अपनी जिद, अपना अहम मत लादिए, इन्हें गगनचुंबी ऊंचाइयों सी आशाओं के दीप जलाने दो, यह नन्हें ही ब्रह्म है, ब्रह्मांड हैं, और ईश्वर है, इन्हें न रोकिए ना टोकिए, इनके छोटे-छोटे होठों में सच्चाई के गीत गाने दो, इनकी निर्दोष आंखों में कल का सूरज चंदा और सितारा चमकने दो, यह अबोध अभी नई उड़ान के आकांक्षी हैं।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

**मौसम बदले या न बदले हमें उम्मीद की कम से कम एक खिड़की तो खुली ही रखनी चाहिए**




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अमावस्या 08:51 तक |
| नक्षत्रः | भरणी 13:33 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | बुधवार |
| योगः | सौभाग्य, 17:40 |
| सूर्योदयः | 05:36 |
| सूर्यास्तः | 18:59 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 12:17-13:58 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | वैशाख |
| शुभ मुहूर्तः | नहीं है |

# जन एक्सप्रेस

**लगे खेलने खेल !**

*है अभी शुरुआत ये ।
लगे खेलने खेल ।।
रहा यही यदि हाल ।
होगा कैसे मेल ?
सारे चतुर खिलाड़ी ।
रहे हैं पासा फेंक ।।
है गद्दी का मामला ।
मतभेद भी अनेक ।।
होंगे कैसे एकजुट ?
है वही सवाल ।।
हो रही ना शांति ।
बस केवल बवाल ।।
एकता की बात थी ।
होते दरकिनार ।।
झलक रहा है बहुत कुछ ।
करते जो व्यवहार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# त्वचा की समस्याएं कम करने के लिए फायदेमंद हैं ये माइकोन्यूट्रिएंट्स

**त्वचा** से जुड़ी समस्याएं चेहरे का निखार कम कर सकती हैं। कई लोगों को एक्ने, ब्लैक हेड्स और व्हाइट हेड्स जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इसका कारण स्किन इंफ्लामेशन भी हो सकती है। इस कंडीशन में त्वचा में सूजन बढ़ने लगती है। साथ ही, स्किन पर लालिमा, दर्द और सूखापन रहने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में त्वचा को माइकोन्यूट्रिएंट्स का पोषण देने की जरूरत होती है। माइकोन्यूट्रिएंट्स त्वचा को हेल्दी रखने में मदद करते हैं। यह स्किन को क्लीन और डिटॉक्स करने में भी मदद करते हैं। हर माइकोन्यूट्रिएंट के अपने अलग फायदे होते हैं। यह आपकी स्किन प्रॉब्लम पर निर्भर करता है कि आपको किस माइकोन्यूट्रिएंट की जरूरत है।



**विटामिन–एः** यहस्किन को हेल्दी रखने के लिए आवश्यक न्यूट्रिएंट है। यह स्किन को स्मूद और टोन रखने के लिए जरूरी है। यह माइकोन्यूट्रिएंट्स एक्ने को ट्रीट करने और स्किन एक्सफोलिएट करने में मदद करता है। डाइट में विटामिन-ए शामिल करने के लिए आप गाजर, शकरकंद और कद्दू डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**विटामिन–बी3:** स्किन को हेल्दी रखने के लिए आप विटामिन-बी3 भी डाइट में एड कर सकते हैं। यह त्वचा में ब्लड फ्लो बढ़ाता है, जिससे स्किन हील होती है। डाइट में विटामिन-बी3 बढ़ाने के लिए आप मटर, ब्रोकली, मशरूम और दालें डाइट में शामिल कर सकते हैं। यह त्वचा में नमी बनाए रखने में मदद करता है। साथ ही स्किन को सॉफ्ट और स्मूद बनाए भी रखता है।

**विटामिन–ईः** स्किन में नमी बनाए रखने के लिए विटामिन-ई जरूरी है। अगर आपकी स्किन धूप से डैमेज हो गई है, तो ऐसे में यह माइकोन्यूट्रिएंट्स डाइट में शामिल कर सकते हैं। यह स्किन को हाइड्रेटेड रखता है और टिशु हील करने में मदद करता है। इसके लिए आप डाइट में बादाम, सूरजमुखी के बीज और मटर एड कर सकते हैं।

**जिंकः** त्वचा के लिए जिंक भी आवश्यक माइकोन्यूट्रिएंट है। यह त्वचा में ऑयल प्रोडक्शन कंट्रोल करने में मदद करता है। इसके सेवन से चोट के निशान भी जल्दी खत्म होते हैं। अपनी डाइट में जिंक शामिल करने के लिए छोले, काजू, कद्दू के बीज शामिल कर सकते हैं।

**प्रोबायोटिक्सः** शरीर के साथ त्वचा के लिए भी प्रोबायोटिक्स फायदेमंद होते हैं। प्रोबायोटिक्स स्किन की ड्राईनेस दूर करने में मदद करते हैं। यह स्किन में मॉइस्चर बनाए रखते हैं। साथ ही स्किन को बैक्टीरिया से दूर करने में मदद करते हैं। इसके लिए आप दही, छाछ, डोसा और चीला डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**क्लोरोफिलः** क्लोरोफिल एक जरूरी माइकोन्यूट्रिएंट है, जो इन्फेक्शन का खतरा कम करने में मदद करता है। यह स्किन को अंदर से डिटॉक्स करता है जिससे स्किन हेल्दी रहती है। इसे डाइट में शामिल करने के लिए आप मटर, पालक, ब्रोकली और बीन्स भी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**पोटेशियमः** त्वचा की समस्याएं कम करने के लिए आप पोटेशियम भी डाइट में एड कर पसकते हैं। यह स्किन को हील होने और हेल्दी रखने में मदद करता है। डाइट में पोटेशियम एड करने के लिए आप केला, नारियल पानी और नींबू डाइट में शामिल कर सकते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष



सुरेश हिंदुस्तानी

# राहुल गांधी, आसान नहीं रायबरेली की डगर...!

**कुछ खबरें तो राहुल गांधी के हारने तक की बात कह रही हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि इसलिए ही राहुल गांधी को फिर से दो स्थानों से चुनाव लड़ाया जा रहा है। राहुल गांधी का उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ना कोई नया नहीं है, वे अमेठी से भी चुनाव लड़ चुके हैं।**

**राहुल गांधी को जिताना कांग्रेस की मजबूरी है, क्योंकि अब राहुल गांधी ही नहीं, पूरी कांग्रेस की साख दांव पर लगी है। अगर कांग्रेस रायबरेली से चुनाव हारती है तो देश में कांग्रेस के बारे में गलत सन्देश जाएगा। यहां पर एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह भी आ रहा है कि राहुल गांधी द्वारा पिछले चुनाव में भी दो स्थानों से चुनाव लड़े थे, जिसमें अमेठी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव न लड़ पाने की हिम्मत के बाद आखिर परम्परागत रायबरेली से नामांकन दाखिल कर दिया। यह बात सही है कि राहुल गांधी के अमेठी छोड़ने के बाद कांग्रेस राजनीति में कोई ठोस सन्देश देने में सफल नहीं हो रही थी, जिसके कारण कांग्रेस के कई नेता अमेठी के बारे में बोलने से किनारा करने लगे थे। अब राहुल गांधी अपने दादा फिरोज खान, दादी इंदिरा गांधी और मां सोनिया गांधी की विरासत को बचाने के लिए मैदान में आ गए हैं। यहां सवाल यह नहीं हैं कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस ने रायबरेली को क्यों चुना, बल्कि सवाल यह है कि राहुल गांधी ने अमेठी को क्यों छोड़ा। क्या वास्तव में राहुल गांधी को फिर से अपनी पराजय का डर लगने लगा था? अगर यह सही है तो फिर ऐसा क्यों है कि राहुल गांधी हर बार अपने लिए सुरक्षित स्थान की तलाश क्यों करते हैं। उल्लेखनीय है कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अमेठी में अपनी जमीन खिसकती दिखाई दी, तब उन्होंने एकदम सुरक्षित लगने वाली सीट केरल की वायनाड को चुना। वहां से चुनाव जीते जरूर, लेकिन अमेठी की हार कांग्रेस परिवार की हार थी, जिसे कांग्रेस आज तक भुला नहीं पाई है। ऐसे में कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ाना खतरे से खाली नहीं था। कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी के नामांकन जमा करने के समय जिस प्रकार से बड़े नेताओं का जमघट लगा, वह भले ही जनता में प्रभाव डालने के लिए किया हो, लेकिन इससे यह भी राजनीतिक सन्देश सुनाई दे रहा है कि अब रायबरेली की सीट भी कांग्रेस के लिए आसान नहीं है। यह इसलिए भी कहा जा सकता है कि वहां लगभग सभी बड़े नेता उपस्थित हुए। यहां तक कि प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रोबर्ट वाड्रा भी कांग्रेस के विरासती राजनेता के तौर पर उपस्थित हुए। ऐसे में एक सवाल यह भी आता है कि एक ही परिवार के चार व्यक्तियों को कांग्रेस के बड़े नेताओं के रूप में प्रचारित करना निसंदेह कांग्रेस पर परिवारवादी होने को ही प्रमाणित करता है। जिस परिवारवाद के आरोप के कारण कांग्रेस असहज हो जाती है, आज कांग्रेस ने फिर से उसी रास्ते पर कदम बढ़ाने को अपनी नियति मान लिया है। हालांकि कांग्रेस ने आनन-फानन में राहुल गांधी को रायबरेली से उम्मीदवार बनाकर यह तो सन्देश दिया ही है कि भारत में रायबरेली ही राहुल गांधी के लिए सबसे सुरक्षित लोकसभा सीट है। यहां कांग्रेस का परम्परागत मतदाता है, वहीं यह क्षेत्र नेहरू-गांधी परिवार की विरासत भी है। कहा जाता है कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति अगर अपनी विरासत को विस्मृत कर देता है, तो उसे नए सिरे से अपनी जमीन तैयार करनी पड़ती है। और अगर विरासत के आधार पर अपने कदम बढ़ाता है तो उसकी आधी राह आसान हो जाती है। राहुल गांधी के सामने तमाम सवाल होने के बाद भी ऐसा लगता है कि उन्होंने अपनी आधी बाधा को पार कर लिया है। रायबरेली को कांग्रेस का गढ़ इसलिए भी माना जाता है कि क्योंकि यहां से इंदिरा गांधी के पति फिरोज खान दो बार सांसद रहे, उसके बाद इंदिरा गांधी भी सांसद रहीं। अब पिछले पांच बार से सोनिया गांधी लोकसभा का चुनाव जीती हैं। मजेदार बात यह भी है कि वर्ष 1977 के आम चुनाव में जनता लहर में इंदिरा गांधी को भी पराजय का दंश भोगना पड़ा। उसके बाद एक बार भाजपा ने भी परचम लहराया है। इसलिए यह कहा जाना कि रायबरेली में कांग्रेस आसानी से विजय प्राप्त करेगी, कठिन ही है। आज कांग्रेस की स्थिति देखकर यह भी कहने में गुरेज नहीं होना चाहिए कि आज की कांग्रेस के पास इंदिरा गांधी जैसा नेता नहीं है। जब इंदिरा गांधी चुनाव हार सकती हैं, तब आज तो कांग्रेस की स्थिति बहुत कमजोर है। ऐसा तो तब हुआ, जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का कोई अस्तित्व नहीं था, इसलिए कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अच्छी खासी जीत हासिल करती थी। लेकिन अब उत्तर प्रदेश का राजनीतिक परिदृश्य बदला हुआ है। अब कांग्रेस के पास पहले जैसा वोट बैंक भी नहीं है, हालांकि इस चुनाव में सपा का समर्थन कांग्रेस के पास है, इसलिए चुनाव में सपा के कार्यकर्ता भी राहुल का प्रचार करेंगे, ऐसे में निश्चित ही कांग्रेस का वजूद बढ़ेगा ही, यह तय है, लेकिन कितना बढ़ेगा, यह कहने में जल्दबाजी ही होगी। वर्तमान में कांग्रेस के लिए यह पेचीदा सवाल ही था कि कांग्रेस की ओर से अमेठी और रायबरेली से किसको उम्मीदवार घोषित किया जाए, क्योंकि इन दोनों सीटों पर प्रथम तो गांधी परिवार का पुख्ता दावा बनता था। इसलिए दोनों क्षेत्रों में से किसी एक से प्रियंका वाड्रा को चुनाव मैदान में उतारने की कवायद भी की जा रही थी।

# भाजपा की नाटकबाजी, जुमलेबाजी या गारंटी काम में आने वाली नहीं है : मायावती





## बसपा प्रमुख मायावती: बोलीं- अजय मिश्र टेनी ने इतना बड़ा कांड किया, इनकी जमानत जब्त करानी है

**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस और भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व की आड़ में जुल्म-ज्यादती चरम पर है। मुसलमान और अन्य अल्पसंख्यक परेशान हैं। बसपा सुप्रीमो ने जिले के किसानों और सिख समाज का जिक्र कर चुनावी समीकरण साधा।

बसपा सुप्रीमो ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि अब इनकी नाटकबाजी, जुमलेबाजी या गारंटी काम में आने वाली नहीं है। क्योंकि अब देश की जनता काफी हद तक इस बात को समझ चुकी है कि इनकी गारंटी और वादे जमीनी हकीकत में एक चौथाई तक पूरे नहीं हुए।

बसपा सुप्रीमो ने खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी पर भी हमला बोला। जिले के किसानों और सिख समाज का जिक्र करते हुए कहा कि यहां के सांसद ने किसानों का उत्पीड़न किया। कहा कि मुझे मालूम है यहां सिख समाज के काफी संख्या में हैं। जब भी किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन किया है तब भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने ज्यादती की। किसानों को जुल्म ज्यादती का शिकार होना पड़ा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में बसपा सरकार के समय किसानों के हित में किए गए कामों का जिक्र भी किया। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र में पूर्व की कांग्रेस की सरकार की तरह ही वर्तमान भाजपा सरकार की जातिवादी, सांप्रदायिक व पूंजीवादी सोच व नीतियों के चलते ही दलितों, पिछड़ों, मुस्लिम और अन्य वर्गों का पूर्ण रूप से विकास नहीं हो सका है।

बसपा प्रत्याशियों और पार्टी पदाधिकारियों ने बसपा सुप्रीमो मायावती का स्वागत मुकुट और हाथी भेंटकर किया। पूर्व मुख्यमंत्री को लखीमपुर खीरी प्रत्याशी अंशय कालरा व धौरहरा प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी ने मुकुट भेंट किया। वहीं सीतापुर सीट के प्रत्याशी ने हाथी भेंटकर स्वागत किया। बसपा सुप्रीमो के संबोधन को सुनने के लिए काफी संख्या में लोग जुटे थे।

### संबोधन में ईवीएम का भी जिक्र

बसपा सुप्रीमो ने अपने संबोधन में भाजपा-कांग्रेस पर तो हमला बोला ही ईवीएम का जिक्र भी किया। कहा कि आम चर्चा के मुताबिक वोटिंग मशीनों में कोई गड़बड़ी नहीं है। भाजपा की गारंटी भी उनके निशाने पर रही। कहा कि पूंजीवादी, संकीर्ण कार्य प्रणाली व कथनी-करनी में काफी अंतर होने की वजह से अब ऐसा लगता है कि इस बार भाजपा भी केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस आने वाली नहीं है।

## नौ मई को नीलकंठ मैदान में होगा युवा वाल्मीकि सम्मेलन




**जन एक्सप्रेस । गोला गोकरननाथ खीरी**

युवा वाल्मीकि स्वाभिमान सम्मेलन आगामी 9 मई को स्थानीय नीलकंठ सभागार में होगा। यह जानकारी देते हुए चंदन लाल वाल्मीकि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वंचित शोषित सामाजिक संगठनों के अखिल भारतीय परिसंघ ने कहा कि अपरान्ह एक बजे से प्रारंभ होने वाला कार्यक्रम वाल्मीकि समाज के युआवों के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिणिक व स्वाभिमान के लिए समर्पित होगा। चंदन लाल वाल्मीकि ने कहा इस युवा वाल्मीकि स्वाभिमान सम्मेलन के मुख्य अतिथि अजय मिश्र टेनी जी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री होंगे। विशिष्ट अतिथि विजय शुक्ल रिंकू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोला, कीर्ति महेश्वरी अध्यक्ष नगर पंचायत मैलानी होंगी। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जगमोहन लाल वाल्मीकि, राम प्रसाद वाल्मीकि, रतन लाल वाल्मीकि, कुंवर विकेंस, राज किरन, अजय महाजन, इंजी कुंवर आयुष्मान ने गोला की सभी वाल्मीकि वस्तियों के अलावा, मैलानी, कुकरा, संसारपुर, अहमदनगर, बांकेगंज, अजान, अमेठी, मूड़ा सवारान, गुलरिया, पड़रिया तुला, भीखमपुर, मूड़ा, सिकंदराबाद, ममरी, बिजुआ, मुड़िया हेमसिंह, रैनागंज, रमपुरवा, वैवहा वैनी, जम्हौरा, घरथनिया, अलीगंज, कुशमौरी, ओयल, मिल कॉलोनी में संपर्क कर वाल्मीकि नौजवानों को साधने का काम किया है।

चंदन लाल वाल्मीकि ने कहा सम्मेलन में युवाओं के साथ विजय शुक्ला रिंकू का विशेष सम्मान होगा। जगमोहन लाल वाल्मीकि ने कहा कि नगर पालिका परिषद गोला में जब से विजय शुक्ला रिंकू चेयरमैन बने हैं तब से सफाई कर्मचारियों की समस्याएं कम हुई हैं। उत्तरप्रदेश की गोला पहली ऐसी तहसील है जहां सेवा निवृत्त सफाई कर्मचारियों को उनके सेवा के बाद सेवानिवृत्त के दिन एक मुश्त लाखों में भुगतान किया जाता है।

# बाढ़ की सौगात कांग्रेस के लोगों ने यहां के लोगों को दी अजय मिश्र टेनी

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के 28 खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र 'टेनी' ने विधानसभा श्रीनगर के विकासखण्ड फूलबेहड़ एवं नकहा के ग्राम अचाकापुर, फूलबेहड़, बेहड़ सुतिया, नहर बाजार, रूद्रपुरवा, मूलचन्द्रपुरवा, शारदानगर एवं कोठिया में जनसम्पर्क किया।

भारतीय जनता पार्टी के 28 खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र 'टेनी' ने विधानसभा श्रीनगर के विकासखण्ड फूलबेहड़ एवं नकहा के ग्राम अचाकापुर, फूलबेहड़, बेहड़ सुतिया, नहर बाजार, रूद्रपुरवा, मूलचन्द्रपुरवा, शारदानगर एवं कोठिया में जनसम्पर्क के दौरान कहा कि जनपद सीतापुर क्षेत्र में बाढ़ आती थी हमारे जिले में बाढ़ नहीं आती थी लेकिन उस समय इस देश के एक प्रधानमंत्री थे उनके जिले को यहां से पानी चाहिए था वह रायबरेली को सिंचाई के लिए उन्होंने लखीमपुर में एक बांध बनाया और यहां से नहर रायबरेली गई है उस नहर का एक बूंद भी पानी हमारे क्षेत्र में सिंचाई के लिए प्रयोग नहीं होता है लेकिन बाढ़ की सौगात कांग्रेस के लोगों ने यहां के लोगों को दी थी जब ये बांध बना तो लखीमपुर भी ट्रांसपोर्टेशन्स से डम्प एरिया में बदल गया जब मैं 2012 में पहली बार विधायक बना था बाढ़ तब हमारे यहां एक बड़ी समस्या होती थी अब बाढ़ पर आपका क्षेत्र सहित एक या दो जगह रह गई है जहां पर बाढ़ आती है अन्यथा हम लोगों ने इसका लगातार सर्वे करके इसका भौगोलिक सर्वे भी हमने कराया है और साथ ही साथ इंजीनियरिंग के द्वारा भी किस तरह से इसको बनाया जाए इस पर भी हमने बहुत बड़े पैमाने पर काम किया है जिसके हमारे जिले की 80 प्रतिशत बाढ़ तो अब खत्म हो गई है। नहीं तो जहां-जहां लोग देखते थे जगह-जगह सड़कों पर पानी भरा होता था निघासन से ले करके पलिया तक और दूसरे एरियों में हमारे तिकुनियां साइड में बहुत पानी भरा होता था लेकिन वह सारा लगभग 80 प्रतिशत बाढ़ का हिस्सा हमारे जिले से खत्म हो गया है। जो सबसे बड़ा कारण था ये शारदानगर का बांध बना और यह नहर बनी उसके कारण लखीमपुर जिला बाढ़ से प्रभावित है। विधायक बनने के बाद मैंने जब प्रयास किया उसके बाद आपके क्षेत्र के विधायक जी ने बहुत प्रयास किया करोड़ों रूपये से टुकड़ों में कई योजनाएं बनाई अब समस्या यह है कि यह प्रकृति ने तो लखीमपुर को बाढ़ से प्रभावित नहीं किया लेकिन इस बांध ने प्रभावित कर दिया। अब बांध को तोड़ा नहीं जा सकता सरकार की योजना है इसके लिए हमको अलग-अलग टुकड़ों में ऐसी इंजीनियरिंग की जाए क्योंकि नदी का एक चरित्र होता है नदी चलती है तो कहां पर उसमें एंगल देना है किस तरह से आगे बढ़ेगी यह इंजीनियर को ही तय करना होता है। उसके कारण धीरे-धीरे हम वहां से ला रहे है कई जगहों पर हमने बांध बनाए है सैकड़ों करोड़ रूपये की योजना लखीमपुर में चल रही है। जो बाढ़ से रोकने के लिए है। आपके यहां भी कई योजनाएं हमने चलाई लेकिन उसका समुचित लाभ पूरी तरह से ऐसा हो जाए कि दोबारा उस पर काम करने की जरूरत न पड़े उसके लिए बहुत टेक्निक और इंजीनियरिंग के साथ-साथ भौगोलिक रूप से भी हम उस पर सर्वे करेंगे और उस पर काम भी चल रहा है।इसके साथ ही स्वर्णकार सेवा ट्रस्ट, लखीमपुर-खीरी के द्वारा लोकसभा सामान्य चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी के 28 खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र 'टेनी' को समर्थन दिया गया। कार्यक्रम में मंजू त्यागी विधायक श्रीनगर, विश्वनाथ सिंह प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख फूलबेहड़, रश्मि गुप्ता जिला मंत्री, सांसद प्रतिनिधि अरविन्द सिंह 'संजय', संजय मिश्रा सांसद प्रतिनिधि, गंगाराम, सतीश श्रीवास्तव, शिवभगवान मौर्या मण्डल अध्यक्ष फूलबेहड़, इन्द्रेश वर्मा, शब्देश वर्मा, ज्योति शुक्ला, आशीष श्रीवास्तव, नीरज गुप्ता, राजकिशोर मौर्या, आकाश तिवारी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बरातियों से भरी कार डिवाइडर से टकराकर पलटी

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

लखनऊ से बहराइच आ रही बारातियों से भरी कार मंगलवार की सुबह अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पलट गई, जिसमें कार सवार आठ लोग घायल हो गए। पीछे से आ रही बरातियों की दूसरी कार से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां एक की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। शहर के मोहल्ला नाजिरपुरा निवासी सारिक की शादी लखनऊ के चौक बाजार निवासी नसीम की बेटी नगमा से लखनऊ में सोमवार की रात होनी थी। लखनऊ से वापस लौटते समय मंगलवार की सुबह बरात में शामिल एक कार कैसरगंज थाना क्षेत्र के लखनऊ बहराइच हाईवे पर कोतवाली क्षेत्र करीम बेहड़ गांव के पास पहुंची तभी कार चालक दानिश को झपकी आ गई, जिससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पलट गई। दूसरी कार के लोगों ने पलटी हुई कार से हिना, अरविश, चांदनी, फजाइल, फरजान, रजिया और मोहम्मद जैन सहित आठ लोगों को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। जहां मोहम्मद जैन की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# चुनाव ड्यूटी से गैरहाजिर 135 अधिकारियों-कर्मचारियों पर शिकंजा

- चुनाव ड्यूटी से कई अधिकारी और कर्मचारी गैरहाजिर रहे। इन पर प्रशासन ने शिकंजा कस दिया है
- गैरहाजिर अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

**जन एक्सप्रेस । बरेली**

लोकसभा चुनाव में ड्यूटी से गैरहाजिर रहे 135 अधिकारियों और कर्मचारियों पर प्रशासन ने शिकंजा कस दिया है। जिलाधिकारी के आदेश पर सीबीगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इससे गैरहाजिर रहने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

मीरगंज विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर देश दीपक सिंह की तहरीर पर मोनिका, रिचा, लज्जावती, मानसी, हेमवती, संगीता, उर्मिला देवी, राजकुमार, शकील खान, कमल समेत अन्य पर रिपोर्ट कराई गई है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर बिथरी राजेंद्र चंद्रा ने गीता देवी, कुलदीप कुमार, ममता रानी शर्मा, बिंदु, गुलशिफा अंसारी, विजेंद्रपाल सिंह समेत अन्य गैराहाजिर कर्मचारियों पर रिपोर्ट कराई है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नवाबगंज गोविंद मौर्य की तहरीर पर कृष्ण कुमार शर्मा, लक्ष्मी देवी, अमित चौधरी, किरन राठौर, वीरपाल, विपिन कुमार, चंचल गंगवार, लक्ष्मी शर्मा, प्रताप सिंह, शकील इदरीसी पर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

### इनपर भी हुई रिपोर्ट

सहायक रिटर्निंग ऑफिसर भोजीपुरा ने भूपेंद्र सिंह, अशोक कुमार, राजेंद्र सिंह, गजेंद्र पाल, तुफैल अहमद समेत अन्य पर रिपोर्ट हुई है। सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक बीएसए संजय सिंह ने निधि रस्तोगी, किरन यादव, बालेश यादव, संगीता यादव, सरिता देवी, मीना देवी, कृति, संजीव कुमार, अमिश सक्सेना, विनोद, सुरेश पाल, मनोज कुमार, पूनम सिंह व कल्पना पर रिपोर्ट कराई है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर कैंट प्रमोद कुमार की तहरीर पर आदेश सिंह यादव, सोमनाथ सिंह, राजेंद्र प्रसाद गंगवार, पूरनलाल, रवि, नेपाल सिंह, रतना रानी, प्रियांशु सक्सेना, दुर्गावती, रितु केम, जगदीश, संजीव कुमार पाल, जितेंद्र कुमार कश्यप समेत अन्य पर सीबीगंज थाने में मामला दर्ज किया गया है।

## सीने पर तमंचे से गोली मारकर युवक ने दी जान

**जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर**

शाहजहांपुर के जलालाबाद थाना क्षेत्र में रामताल रोड निवासी शाहिद रजा खां के बेटे 19 वर्षीय हमजा ने घर की छत पर तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वह परिवार का इकलौता बेटा था। परिजन के अनुसार, वह बीमारी के चलते कई दिन से परेशान था। जलालाबाद के प्रतिष्ठित डॉ. खान बदायूंनी के प्रपौत्र हमजा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का मिस्त्री था। देर रात घर आने वाले हमजा के लिए मुख्य गेट खुला रहता था। पिता के अनुसार, रात करीब डेढ़ बजे के बाद वह घर पहुंचा। तब तक परिवार के सभी सदस्य सो गए थे। हमजा गेट का दरवाजा बंदकर छत पर स्थित कमरे में जाकर लेट गया। कुछ देर के बाद गोली चलने और चीखने की आवाज पर परिजन भागे-भागे कमरे में पहुंचे। हमजा लहूलुहान अवस्था में पड़ा था। वे लोग उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। हमजा ने सीने के बायीं ओर तमंचा रखकर गोली मारी थी। 315 बोर का फायर होने के चलते गोली पीठ से होते हुए निकल गई। उसका काफी खून बह गया था। पिता शाहिद रजा खां ने बताया कि बेटे को मिर्गी के दौरे आते थे। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अनिवार्य सेवा वोटरों की वोटिंग प्रारम्भ, मोहित ने डाला पहला वोट

**जन एक्सप्रेस । हरदोई।** मंगलवार से सीएसएन पीजी कॉलेज में हरदोई लोकसभा के अनिवार्य सेवाओं से जुड़े मतदाताओं की पोस्टल बैलट वोटिंग प्रारम्भ हुई। यह प्रक्रिया 9 मई तक चलेगी। मतदान प्रारम्भ होने के बाद सबसे पहले सूचना विभाग के कर्मचारी मोहित सिंह ने सबसे पहले वोट डाला। उसके पश्चात सूचना विभाग के कर्मचारी अकील अहमद ने मतदान किया। मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी डॉ राम प्रकाश के नेतृत्व में पूरी टीम लगायी गयी है।

### जिलाधिकारी ने किया मॉक पोल प्रक्रिया का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आज कमीशनिंग के बाद कराये जाने वाली मॉक पोल प्रक्रिया का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मॉक पोल के दौरान कोई कमी मिलने पर तत्काल एआरओ के संज्ञान में लाया जाये। किसी तकनीकी खराबी के लिए बेल से आये इंजिनियरों की सहायता लीं जाये। क्लियर करने के उपरांत मशीनों को सील किया जाये। बीयू व सीयू को अलग अलग अलग क्रम से रखा जाये। ताकि मतदान पार्टी को रवानगी से पूर्व सहूंलियत रहे। मॉक पोल की प्रक्रिया को प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों ने भी देखा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला सूचना अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### मतदान केन्द्रो तक आसानी से पहुँचने के रुट सुपरवाइजर की तैनाती

**जन एक्सप्रेस । हरदोई।** जिला निर्वाचन कार्यालय में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मतदान पार्टियों की सुविधाजनक रवानगी के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय शिक्षामित्रों को रुट सुपरवाइजर के रूप में लगाया जाये।कोटेदारों का भी रुट सुपरवाइजर के रूप में सहयोग लिया जाये ताकि कार्मिकों के मतदान केन्द्रो तक पहुँचने में आसानी हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### 10 मई से पोलिंग पार्टीज के वाहनों को किया जाएगा लाइनअप

**जन एक्सप्रेस । हरदोई।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र 31-हरदोई (अ0जा0) से सम्बन्धित पोलिंग पार्टीज की रवानगी सम्बन्धित मतदेय स्थलों के लिए 12 मई 2024 को सी0एस0एन0 पी0जी0 कालेज हरदोई से होनी है। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा है कि 10 मई से पोलिंग पार्टीज के वाहनों को सीएस0एन0 पी0जी0 कॉलेज हरदोई परिसर में इकट्ठा कर लाइनअप किया जायेगा। अत: 10 मई 2024 से सी0एस0एन0 पी0जी0 कॉलेज हरदोई का परिसर किसी भी प्रकार की राजनीतिक सभा के लिए उपलब्ध नही रहेगा।

### निर्वाचन व्यवस्थाओं में लगे अधिकारियों का आवश्यक प्रशिक्षण 10 मई को: सौम्या गुरूरानी

**जन एक्सप्रेस । हरदोई।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, निर्भिक एवं शान्ति पूर्ण ढ़ग से कराने की व्यवस्था में लगे समस्त अधिकारियों से कहा है कि उक्त के सम्बन्ध में एक आवश्यक प्रशिक्षण 10 मई 2024 को प्रात: 10 बजे जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में रसखान प्रेक्षागृह में आहूत किया गया है। उन्होने निर्देश दिये है कि सभी अधिकारी पूर्ण तैयारी के उक्त आवश्यक प्रशिक्षण में निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रभाग करें।

# हाईटेंशन विद्युत तार की चपेट में आने से पति पन्नी सहित दो लोगो की मौत

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



**हरपालपुर।** अरवल थाना क्षेत्र के तेरा पुरसौली गांव निवासी दम्पति की हाईटेंशन लाइन के तार की चपेट में आने से मौत हो गयी। पति पत्नी दोनो खेत मे खड़ी मूगफली की फसल की रखवाली करने गए थे।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के तेरा पुरसौली गांव निवासी रामभजन पुत्र रतन (60) अपनी पत्नी हेमकाली (55) के साथ मंगलवार को खेत मे खड़ी मूंगफली की फसल की रखबाली करने गए थे। बताया जा रहा है कि पड़ोसी खेत विपिन पुत्र सबीर यादव के खेत से निकली हाईटेंशन विद्युत लाइन के तार की चपेट में आने से पति पत्नी दोनो की मौके पर मौत हो गयी।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक रामभजन गांव निवासी हरदेवबक्श पुत्र गिरवर सिंह का खेत बटाई पर करता था जिसमे मूंगफली की फसल खड़ी है।मृतक के 3 पुत्र व 6 पुत्रियां है जिसमे से 4 पुत्रियों की शादी हो चुकी है।थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार ने बताया कि दोनो शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद बिधिक कार्यवाई की जाएगी।

## झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से अधेड़ की मौत का आरोप

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

**हरपालपुर।** अरवल थाना क्षेत्र के शेखापुर नगरिया गांव निवासी एक अधेड़ की झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से मौत होने का आरोप लगाते हुए मृतक के पुत्र ने थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के शेखापुर नगरिया गांव निवासी राजेश कुमार के मंगलवार को अचानक सीने में दर्द हुआ। जिससे उसको इलाज के लिए हरपालपुर थाना क्षेत्र के खरगपुर में क्लीनिक चला रहे डॉक्टर मुन्नू सिंह के यहाँ परिजन इलाज के लिए ले गए।आरोप है कि डॉक्टर मुन्नू सिंह ने राजेश को एक इंजेक्शन लगाया जिसके जिससे उसका शरीर काला हो गया परिजन राजेश को घर ले आये जहाँ उसकी मौत हो गयी।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची अरवल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# प्रधानों ने उठाई मतदाता जागरूकता की मशाल

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज रसखान प्रेक्षागृह में शाहाबाद व संडीला तहसील के ग्राम प्रधानों के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि ग्राम प्रधानों की ओर से दिया गया सन्देश समाज के बहुत बड़े हिस्से तक पहुँचता है। ग्राम प्रधान गांव के लोगों से लगातार संपर्क कर मतदान के लिए प्रेरित करें। लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा में महिलाओं, दिव्यांगों व युवाओं को समर्पित बूथ बनाये गए हैं। मतदान दिवस के लिए ग्राम प्रधान मतदान केन्द्रो पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने में अपना पूरा योगदान दें। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने कहा कि ग्राम प्रधान लोकतंत्र की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। ग्राम के लोगों को लोकतान्त्रिक प्रक्रिया में हिस्सेदारी करने के लिए प्रेरित करें और देश के लोकतंत्र को मजबूत करें।

# चौकीदार के पुत्र पर चोरी का आरोप लगाकर दबंगों ने पीटा

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

पाली। चौकीदार के 12 वर्षीय बेटे को गावं के ही कुछ दबंगों ने चोरी का आरोप लगाकर पीट दिया। इस दौरान मारपीट का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वारयल कर दिया। हालांकि समाचार पत्र वायरल वीडियो की पुष्टि नही करता है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने किशोर की मां की तहरीर पर पिता-पुत्र सहित पांच लोगों के विरुद्ध दलित उत्पीड़न व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

पाली थाने के रामनगरिया निवासी मुरारी पाली थाने में चौकीदार है। उनकी पत्नी सरला ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि रविवार को पुत्र अजीत (12) घर आ रहा था। तभी रास्ते में गावं के ही रामकिशन ने अपने बेटे अवनीश के साथ मिलकर उसे पकड़ लिया और गावं स्थित अपनी दुकान पर ले गए। बताया बेटे पर चोरी का आरोप लगाकर रामकिशन, अवनीश के अलावा अनुपम, रामनिवास, रामसेवक ने जाति सूचक गालियां देकर उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि दबंगो ने किशोर को उठाकर जमीन पर भी पटका। जिसमें उसे चोट आई है। रविवार को ही मारपीट का वीडियो भी गावं में किसी ने बनाकर वायरल कर दिया था। जिसमें कुछ लोग किशोर को घेरकर खड़े थे वीडियो में उसके साथ मारपीट करते भी लोग नजर आ रहे थे। किशोर की मां ने सोमवार को ही थाने पर तहरीर दी थी लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नही की थी। मंगलवार को महिला प्रार्थना पत्र लेकर सीओ कार्यालय शाहाबाद पहुंची।

जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

प्रभारी निरीक्षक एके राय ने बताया है कि किशोर की मां की तहरीर पर पिता-पुत्र सहित पांच लोगों के विरुद्ध दलित उत्पीड़न व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जंगल में संचालित अवैध शस्त्र फैक्ट्री सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



कोतवाली देहात पुलिस द्वारा क्षेत्र में संचालित अवैध शस्त्र फैक्ट्री सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच निर्मित तमंचे 12 बोर, चार अर्धनिर्मित तमंचे सहित बड़ी मात्रा में अवैध शस्त्र निर्माण संबंधी उपकरण एवं जिंदा व खोखा कारतूस बरामद कर सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया।

बताते चलें कि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात अनिल कुमार सैनी को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कोतवाली क्षेत्र के हरिहरपुर ग्रांट के जंगलों में तालाब के किनारे बनी एक झोपड़ी में कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध शस्त्र निर्माण व बिक्री का कार्य किया जा रहा है। पुलिस द्वारा सूचना को प्रमुखता से लेते हुए घटना स्थल पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए अबैध शस्त्र निर्माण में संलिप्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध शस्त्र एवं शस्त्र निर्माण कार्य की सामग्री बरामद की गई।पूंछतांछ में दोनो आरोपियो ने वसीम पुत्र रहीम निवासी बढैय्यनपुरवा निवासी थाना देहात कोतवाली व वीरू पुत्र किशोरी निवासी ओमपुरी थाना देहात कोतवाली बताया।ए एसपी नपेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास हैं उपरोक्त अभियुक्त वीरू पर 14 एवं वसीम पर छह मुकदमे पूर्व में विभिन्न थाना क्षेत्र पर पंजीकृत हैं पुलिस द्वारा अभिव्यक्तियों के खिलाफ सुसंगत धारा में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# नामांकन के प्रथम दिन सात प्रत्याशियों ने लिया नामांकन पत्र

## राजनीतिक दलों व निर्दल प्रन्याशियों, प्रतिनिधियों द्वारा लिये गये अब तक कुल 9 नामांकन फार्म

*** शान्तिपूर्ण व सुरक्षित वातावरण में संचालित हो रहा है नामांकन कार्य**

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर




लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु लोकतंत्र के महापर्व में 65 कुशीनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र नामांकन हेतु आज पहले दिन 1 प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जबकि 7 नाममांकन निर्दलीय प्रत्याशियों ने लिया।

नामांकन के प्रथम दिन राम अनुज मिश्रा द्वारा विजय दुबे हेतु दो सेट भारतीय जनता पार्टी, रामचंद्र सिंह द्वारा स्वंय के लिए एक सेट निर्दल, एवं निर्दल प्रत्याशियों के क्रम में अतुल द्वारा एक सेट , सुनील कुमार शुक्ला द्वारा एक सेट, अमीरुद्दीन द्वारा एक सेट व मुकेश पुत्र लक्ष्मी द्वारा एक सेट, तथा वेद प्रकाश द्वारा 2 सेट नामांकन पत्र लिया गया । इस प्रकार प्रथम दिन कुल 9 नामांकन पत्र का वितरण हुआ। नामांकन के प्रथम दिन भाजपा प्रत्याशी विजय दुबे पुत्र हरिप्रसाद ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था व वैरीकेटिंग के कड़े प्रबन्ध किये गये हैं। मुख्य गेट पर मेटल डिटेक्टर लगाये गये हैं जहां चेकिंग के पश्चात अन्दर के लिये प्रवेश दिया जा रहा है। कलेक्ट्रेट के अन्दर नामांकन स्थल पर जाने के लिये वैरीकेटिंग सीसीटीवी कैमरा एवं बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये हैं। वैरीकेटिंग पर पुलिस प्रशासन द्वारा सघन चेकिंग आदि की व्यवस्था की गई। अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहा। कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास वेटिंग रूम स्थापित किया गया है। पर्चा लेने व नामांकन दाखिल करने की अन्तिम तिथि 14 मई निर्धारित है।

## गम्भीर रोग से ग्रसित मतदान कार्मिको का किया गया चिकित्सीय परीक्षण

जन एक्सप्रेस । देवरिया

लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सफल सम्पादन के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय की अध्यक्षता में मतदान कार्मिकों के चिकित्सीय जॉच हेतु नामित मेडिकल बोर्ड की टीम द्वारा चिकित्सीय परीक्षण विकास भवन के गाँधी सभागार में किया गया। जाँच के समय जिला विकास अधिकारी व नामित चिकित्साधिकारी उपस्थित थे। कुल 87 कार्मिक उपस्थित हुए जिनका चिकित्सीय परीक्षण नामित चिकित्साधिकारी द्वारा किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि पुनः 08 मई से 12 मई तक मध्याह्न 12 बजे सायं 05 बजे तक विकास भवन के गाँधी सभागार में चिकित्सीय टीम द्वारा चिकित्सीय परीक्षण किया जायेगा। गम्भीर रोग से पीड़ित या अन्य बीमारियों से ग्रसित कार्मिक उक्त तिथि को चिकित्सीय टीम के समक्ष उपस्थित होकर चिकित्सीय परीक्षण करा सकतें हैं, जिससे मतदान ड्यूटी से मुक्त करने के सम्बन्ध में निर्णय लिया जा सके।

# ड्यूटी से गायब रहे ब्लॉक कार्यालय कर्मचारी: जिम्मेदार मौन

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर




जनपद के गोला खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में तैनात ब्लॉक कर्मचारी ड्यूटी से नदारद रह रहे हैंढ़ दरअसल, गोला ब्लॉक कार्यालय में पहुंची पत्रकारों टीम ने पाया कि कार्यालय में सिर्फ दो कर्मचारी मौजूद रहें। उपस्थिति कर्मचारियों ने बताया कि उनकी चुनाव ड्यूटी लगी हुई है, ब्लॉक के पिछले हिस्से में ग्राम पंचायत अधिकारियो को ब्लॉक द्वारा कमरे आवंटित किए गए हैं जहां रहकर वह जनता का आसानी से कर सके परन्तु जब मिडिया टीम ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी के कमरे पहुंची तो मात्र तीन कमरों में ग्राम विकास अधिकारियो को छोड़कर सभी कर्मचारी नदारद मिले। जबकि शासन के निर्देशानुसार कार्यलय में हस्ताक्षर पंजिका पर दस्तखत कर ही खण्ड विकास अधिकारी, सहायक खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी क्षेत्र में जा सकते हैं परंतु क्षेत्र में उपस्थिति के नाम पर ग्राम विकास अधिकारी हफ्तों कार्यलय आते ही नहीं है।

**जांच कर की जाएगी कार्रवाई - सीडीओ**

इस संबंध में पूछे जाने पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखपुर संजय कुमार मीना ने कहा कि कार्यलय में कर्मचारियों की उपस्थिति जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने जारी की अधिसूचना

जन एक्सप्रेस । देवरिया

जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने आयोग के निर्देश पर लोक सभा निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी कर दी है।नामनिर्देशन-पत्र रिटर्निंग आफिसर को या अंगद यादव, अपर उप जिलाधिकारी, सलेमपुर, सहायक रिटर्निंग आफिसर को अभ्यर्थी या (उसके किसी प्रस्थापक द्वारा) 14 मई, 2024 (मंगलवार) से अपश्चात् (लोक अवकाश दिन से भिन्न) किसी दिन 11 बजे पूर्वाह्न और 3 बजे अपराह्न के बीच कार्यालय रिटर्निंग आफिसर, न्यायालय जिलाधिकारी, कक्ष संख्या-5, कलेक्ट्रेट देवरिया में परिदत्त किये जा सकेंगे। नामनिर्देशन-पत्र के प्ररूप पूर्वोक्त स्थान और समय पर अभिप्राप्त किये जा सकेंगे। नामनिर्देशन-पत्र संवीक्षा के लिए कार्यालय रिटर्निंग आफिसर, न्यायालय जिलाधिकारी, कक्ष संख्या-5, कलेक्ट्रेट देवरिया में 15 मई, 2024 (बुधवार) को पूर्वाहन 11 बजे लिए जाएंगे। अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना या तो अभ्यर्थी द्वारा या उसके किसी प्रस्थापक द्वारा या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा जो अभ्यर्थी द्वारा उसे परिदत्त करने के लिए लिखित में प्राधिकृत किया गया हो ऊपर पैरा (2) में विनिर्दिष्ट आफिसरों में से किसी को उसके कार्यालय में 17 मई, 2024 (शुक्रवार) को 3 बजे अपराह्न के पूर्व परिदत्त की जा सकेगी। निर्वाचन 01 जून, 2024 (शनिवार) को पूर्वाह्न 7 बजे और अपराह्न 6 बजे के बीच मतदान होगा।

# बाल विवाह के विरुद्ध पूरे देश में उठाए जाएं सख्त कदम: आशा त्रिपाठी

जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज



कस्बे के दुर्गा मंदिर परिसर में मानव सेवा संस्थान सेवा के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बाल विवाह को रोकने में विफलता पर पंचों व सरपंचों को जिम्मेदार ठहराए जाने के साथ ही साथ जवाबदेही के मामले की तात्कालिक का संज्ञान लेते हुए हाई कोर्ट ने जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस की जनहित याचिका पर फौरी सुनवाई करते हुए जारी किए गए आदेश पर चर्चा हुई। प्रदेश में बाल विवाहों की रोकथाम सुनिश्चित करने के राजस्थान हाई कोर्ट के फौरी आदेश के बाद पूरे देश में इस तरह की आवाजें उठने लगी हैं कि उनके राज्य में भी इसी तरह के सख्त कदम उठाए जाएं।

मानव सेवा संस्थान सेवा की अध्यक्ष आशा त्रिपाठी ने कहा राजस्थान हाई कोर्ट का यह आदेश ऐतिहासिक है जिसके दूरगामी नतीजे होंगे। देश में शायद पहली बार ऐसा हुआ है जब पंचायती राज प्रणाली को यह शक्ति दी गई है कि वह सरपंचों को अपने क्षेत्राधिकार में बाल विवाहों को रोकने में विफलता के लिए जवाबदेह ठहरा सके। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी के तौर पर हम पूरे देश के जिलाधिकारियों से इसी तरह के कदम उठाने की अपील करते हैं। जमीनी स्तर पर हमारी पहलों ने यह साबित किया है कि बाल विवाह जैसे मुद्दों के समाधान में सामुदायिक भागीदारी सबसे अहम है। यह अदालती आदेश बच्चों की सुरक्षा के लिए समुदायों को लामबंद करने में स्थानीय नेतृत्व की जवाबदेही की जरूरत को रेखांकित करता है। इस दौरान मयंक त्रिपाठी,धर्मेंद्र सिंह, सत्रुजीत शाही, आशीष त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# रेलकर्मी का पत्नी संग फंदे से लटकता मिला शव

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

देवरिया जनपद निवासी रेल कर्मचारी का पत्नी के साथ लटकता मिला शव जांच में जुटी पुलिस।

पूरा मामला गोरखपुर जनपद का है जहां देवरिया के रहने वाले रामकृपाल कुशवाहा ने शाहपुर के रेलवे डायरी कॉलोनी क्वार्टर संख्या 260 ए में दो बच्चों के संग रहते थे पहली पत्नी की मौत के बाद रामकृपाल कुशवाहा ने दूसरी शादी की थी लेकिन मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बताया जा रहा है की पहली पत्नी के बेटे और बेटी को देखरेख करने में दूसरी पत्नी रोशनी ना खुश रहती थी जिस वजह से परिवार में अक्सर विवाद होता रहता था। रामकृपाल कुशवाहा अपनी दूसरी पत्नी से बच्चों को लेकर काफी परेशान था जिस वजह से पति-पत्नी में तल्खियां रहती थी। सोमवार की रात दोनों का शव फंदे के सहारे लटकता मिला। रात को सोते समय जब बेटा जगा तो पिता और मां का दूसरे कमरे में लटकते शव देखकर अपने बड़े पिता को फोन पर घटना की जानकारी दी और पुलिस को भी सूचित किया।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएमओ के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि कमरे से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें परिवार सुसाइड के कारण का पता लगाने में जुटा हुआ है, सुबह होते ही मंगलवार को उनके रिश्तेदार आवास पर पहुंच गए जहां मृत्यु की सूचना मिलते ही घर में चीख पुकार मच गई।

# बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुख सक्रिय हो प्रचार में लाएं तेजी: संतराज यादव



जन एक्सप्रेस । देवरिया

लोकसभा क्षेत्र सलेमपुर के भाटपार रानी विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल की अध्यक्षता में नगर के मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी संत राज यादव ने कहा कि बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखों को सक्रिय कर चुनावी प्रचार को तेज करने की जरूरत है। पन्ना प्रमुख अपने पन्ना के मतदाताओं से निरंतर संपर्क कर भाजपा के पक्ष में वोट करने का आग्रह करें। क्षेत्रीय विधायक सभा कुंवर कुशवाहा ने कहा कि भाटपार रानी विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ताओं के परिश्रम की पराकाष्ठा के बदौलत भाजपा प्रत्याशी सांसद रवींद्र कुशवाहा रिकॉर्ड वोट से जीत करके तीसरी बार संसद में पहुंचेंगे। जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है।

विधानसभा प्रभारी अजय उपाध्याय ने कहा कि चुनाव संचालन समिति के दायित्व धारी कार्यकर्ता अपने जिम्मेवारी का सक्रियता के साथ निर्वहन करें। विधानसभा संयोजक कुंज बिहारी सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेश में कानून का राज स्थापित किया है। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा नेता राजकुमार शाही, राघवेंद्र वीर विक्रम, सिंह डॉक्टर भानु प्रताप सिंह, त्रिपुनायक विश्वकर्मा, सुरेश तिवारी, सुरेन्द्र सिंह टुनटुन, शशि रंजन तिवारी, अनिल शाही, संजय पटेल, संजय सिंह, इंद्रभूषण कुशवाहा, राजन कुशवाहा, गुड्डू गोस्वामी, मनोज वर्मा, जितेंद्र कुशवाहा, मंटू पटेल, अमित शाही, जितेंद्र जायसवाल, संजय जयसवाल, देवा मौर्य, आनंद पियूष उपाध्याय, हृदय लाल शर्मा, गौतम प्रसाद उपस्थित थे।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लोकसभा कुशीनगर का नामांकन प्रारंभ एक प्रत्याशी ने दाखिल किया पर्चा



जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

कुशीनगर में मंगलवार को जिला मुख्यालय पर लोकसभा सीट 65 के लिए पहले दिन पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए पर्चा दाखिला प्रारंभ हुआ।

पहले दिन भाजपा उम्मीदवार विजय कुमार दूबे अपने प्रस्तावक के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और दो सेट में अपना नामांकन दाखिल किया।

नामांकन की प्रक्रिया को सफल व शांतिपूर्ण कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी जिला अधिकारी उमेश मिश्रा ने जनपदीय अधिकारियों के साथ नामांकन स्थल की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखा।

लोकसभा कुशीनगर से भाजपा के प्रत्याशी विजय कुमार दूबे के नामांकन में भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय,प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डा.संजय निषाद, राज्य सभा सांसद कुं आरपीएन सिंह,पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय, विधायक खड्डा विवेकानंद पांडेय, विधायक कुशीनगर पीएन पाठक, विधायक तमकुहीराज डा.असीम कुमार राय, विधायक फाजिलनगर सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, विधायक हाटा मोहन वर्मा, विधायक रामकोला विनय प्रकाश गौड़, विधायक पड़रौना सदर मनीष जायसवाल , सुरेंद्र प्रताप सिंह, राधेश्याम पांडेय, चन्द्र प्रकाश यादव चमन, धनंजय तिवारी,सहित भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी अधिक संख्या में मौजूद रहे।

# मोदी जी के प्रति जनता का प्यार, इस बार होगा चार सौ पार: विजय दूबे

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर



भाजपा आम जनमानस की गारंटी व नरेन्द्र मोदी जी का साथ देश का तेजी से हो रहे विकास के मुद्दों पर लोकसभा का चुनाव हो रहा है। जनता का अपार विश्वास और मोदी जी के प्रति प्यार इस बार के चुनाव में करा रहा है चार सौ पार का नारा साकार हो रहा है।

यह बातें कुशीनगर लोकसभा सीट से निवर्तमान सांसद व दुसरी बार भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दूबे ने अपना पर्चा दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत का मान विश्व में बढ़ा है। देश की जनता ने मोदी जी की गारंटी देश का भविष्य भाजपा के हाथों में सुरक्षित देख रही है। गांवों से लेकर शहरों का विकास तेजी से हो रहा है। किसानों के आय को दूना करने में सरकार नये तकनीकी का प्रयोग कर सबका साथ सबका विकास व सबके विश्वास पर खरा उतरने में मोदी सरकार सफल रही है। उन्होंने ने कहा कि आज किसी विपक्षी पार्टियों के पास कोई मुद्दा नहीं रह गया है। मोदी जी ने 370 हटाया,500 वर्षो से अधिक राम मंदिर का मुद्दा को नियमानुसार हल कर अयोध्या में भगवान प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण कराया तीन तलाक जैसे मुद्दे पर कानून बनाकर मुस्लिम महिलाओं को एक सम्बल प्रदान किया। गरीबों के लिए आवास, शौचालय, निःशुल्क राशन, गैस कनेक्शन आदि योजनाओं का लाभ देकर उन्हें उठाने का काम किया है। कुशीनगर लोकसभा में मेरे अथक प्रयास से अनेकानेक विकास कार्य कराए गए हैं।कहा कि मोदी सरकार ने जन कल्याणकारी योजनाएं चलाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया है।आज उसी के बदौलत भाजपा चार सौ पार करने जा रही है।

## राखी मणि त्रिपाठी बनीं 12वीं की जिला टॉपर

**जन एक्सप्रेस/सलेमपुर।** सीआईएससीई बोर्ड की 12वीं परीक्षा में लिटिल फ्लॉवर स्कूल सलेमपुर की राखी मणि त्रिपाठी ने 94 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टॉप किया है। समीरा खातून 92.75 : अंक प्राप्त कर दूसरा व ज्योति सिंह 92.50 : अंक प्राप्त तीसरे स्थान पर रहीं। 10वीं की छात्रा एंजल वर्मा ने 96.6 : अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया।जिले में 12वीं में पहला स्थान प्राप्त करने वाली मझौली राज के शंकरपुरा गांव की रहने वाली राखी मणि त्रिपाठी के पिता हरिकेश मणि त्रिपाठी फुलवरिया चौराहे पर कोल्डड्रिंक के होलसेलर हैं। माता सीमा गृहिणी हैं। परिणाम आने के बाद परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सभी ने राखी के माता-पिता को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया।

## सौरभ छंद सरोवर पुस्तक का हुआ विमोचन

**जन एक्सप्रेस/बरहज।** गौतम बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी नेपाल में आयोजित सार्क समिट एवं सह गौरव सम्मान समारोह में धरा धाम प्रमुख सौहर्द शिरोमणि, मानद कुलपति संत सौरभ लुंबिनी बौद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति डा. सुवर्ण लाल बजरचया ने कवयित्री सुनीता सिंह की पुस्तक श्सौरभ छंद सरोवर का विमोचन किया गया। सुनीता बरहज तहसील क्षेत्र के ग्राम भदिला दोयम की निवासी हैं। इनके पति नागेंद्र सिंह बार एशोसिएशन बरहज के अध्यक्ष है। इस मौके पर नगर प्रमुख लुंबिनी सजरुद्दीन खान, केंद्रीय अधिकारी नेपाल नवल किशोर यादव, प्रो.अजय शुक्ला, डा.ब्रजेंद्र नारायण, डा. रामकृपाल राय, डा.प्रेम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद में भाई ने भाई को पीट पीट कर मार डाला

**जन एक्सप्रेस/तरकुलवा।** थाना क्षेत्र के पोखरभिंडा गांव निवासी मुमताज (उम्र-55 वर्ष) पुत्र अहमद खां और उनके सगे छोटे भाई में काफी दिनों से जमीन का विवाद चलता है। दोनों भाईयों के घर के पीछे कुछ जमीन है। मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे आरोपी जमीन पर बाउंड्री करा रहा था। इसे लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई। थोड़ी ही देर में मारपीट होने लगी।

# व्यय प्रेक्षक ने किया नामांकन स्थल एवं निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर




लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 65-कुशीनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के व्यय चुनाव प्रेक्षक आसवा मनोज राजगोपाल का कुशीनगर के निर्वाचन कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का निरीक्षण किया। साथ में कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन कक्ष एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु लगाई गई बैरिकेडिंग का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में लगाए गए एकल परमिशन विंडो टीम, वीवीटी टीम, एमसीएमसी टीम, डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर, शिकायत टीम का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा की विज्ञापन से संबंधी व्यय में जीएसटी भी सम्मिलित किया जाए। सोशल मीडिया की निगरानी हेतु शपथ पत्र में दाखिल प्रत्याशियों के सोशल मीडिया अकाउंट के उपर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। कहा कि सभी लोग आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया की उनका मोबाइल नंबर 9452014156 है। इनके लाईजनिंग अधिकारी धर्मेंद्र कुमार कार्याधिकारी कार्यालय अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत मोबाइल नंबर 8744838297 है। प्रवास हेतु पथिक निवास के सूट नंबर -01 आवंटित किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमों व आदर्श आचार संहिता के अनुरूप जनपद कुशीनगर में लोकसभा निर्वाचन सम्पन्न होगा। जनपद का कोई भी नागरिकध्प्रत्याशीध्राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, लोकसभा निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन, कानून व्यवस्था व शांति हेतु,अवैध व्ययोंध्अवैध सामग्रियों के वितरण व प्रलोभन आदि से सम्बन्धित विभिन्न आयामों के परिपेक्ष्य में व्यय प्रेक्षक के मोबाइल नम्बर 9452014156 पर सूचित कर सकता है। साथ ही पथिक निवास में निर्धारित विजिटिंग आवर्स प्रातः 10 बजे से 11.00 बजे में मुलाकात कर अपनी शिकायतध् जिज्ञासाध्बात रख सकते है।

## कुशीनगर के व्यय चुनाव प्रेक्षक ने मजिस्ट्रेटों के साथ बैठकर, दिये आवश्यक निर्देश



जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

मंगलवार को व्यय चुनाव प्रेक्षक आसवा मनोज राजगोपाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न करायें जाने के उद्देश्य से निर्वाचन कार्य में लगाई गई व्यय टीमें वीडियो सर्विलांस निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन निगरानी टीम, वीवीटी टीम, एफएसटी टीम, लेखा टीम के साथ बैठक कर जानकारी ली और आवश्यक निर्देश भी दिए । व्यय चुनाव प्रेक्षक ने समस्त अधिकारी ध् मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता के नियमो का हर हाल में अक्षरशः पालन किया जाए। कहा कि जनसभा जो प्रत्याशियों के द्वारा आयोजित की जाती है उसका वीडियो अवश्य सुरक्षित रखें, तथा व्यय लेखा टीम सभी प्रकार के व्ययों का रिपोर्ट भी प्रेषित करें। बैठक में वरिष्ठ कोषाधिकारी परशुराम ओझा, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मतदान के दौरान लोगों में दिखा उन्साह शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ मतदान

**❋ ईवीएम और बहिष्कार की सूचना पर दौड़ते रहे अधिकारी**



जन एक्सप्रेस | आगरा

तीसरे चरण का मतदान मंगलवार को समाप्त हो गया। सीकरी क्षेत्र में वोट डालने के लिए लोगों में काफी उत्साह देखा गया। सुबह से बूथों पर लाइन लग गई। मतदान के दौरान ईवीएम एवं चुनाव बहिष्कार की भी सूचनाएं मिलती रहीं।

दिनभर चलता रहा अफवाहों का दौर विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश मतदान केंद्रों पर इस बार मतदाताओं की लाइन नहीं लगीं हैं, लेकिन अलग-अलग तरीके से मतदान केंद्रों पर आए वोटर्स ने जमकर वोट डाले।

कई गांवों में बंपर वोटिंग हुई किंतु देहाती गांवों में दिन भर अफवाहों का दौर बना रहा।

भाजपा प्रत्याशी सांसद राजकुमार चाहर, कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी रामनाथ सिंह सिकरवार, बसपा प्रत्याशी राम निवास शर्मा , निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. रामेश्वर सिंह प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया है। समूचे क्षेत्र में शांति पूर्ण ढंग से मतदान संपन्न होने की खबर है।

अधिकांश मतदान बूथों पर रहा सन्नाटाः लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा फतेहपुर सीकरी में चुनाव शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ क्षेत्र के अधिकांश मतदान केंद्रों पर सन्नाटा पसरा रहा छूट पुट तरीके से मतदान केंद्रों पर आए मतदाताओं ने जमकर वोट डाले।

विधानसभा क्षेत्र में दिन भर फैली अफवाहों ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस को खूब छकाया। मुस्लिम, जाटव मतदाता अछनेरा फतेहपुर सीकरी में बटते नजर आए तो वहीं किरावली कस्बे में मुस्लिम, ब्राह्मण, वैश्य, मल्लाह तथा गैर जाटव दलित मतदाताओं ने वोट डाले। कर्मचारी पानी पीने को तरसेः फतेहपुर सीकरी क्षेत्र के गांव मंडीगुड़ स्थित मतदान केंद्र पर पोलिंग कर्मचारी पीने के पानी को तरस गए, मंगोली कला गांव से खबर मिली कि ग्रामीणों ने मतदान रोक दिया है, लेकिन जब नायब तहसीलदार अमित कुमार मुद्गल मौके पर पहुंचे तो सूचना झूठी पाई गई।

पुलिस और प्रत्याशी समर्थकों में हुई झड़पः फतेहपुर सीकरी के गांव सामरा स्थित मतदान केंद्र पर पुलिस और प्रत्याशी समर्थकों के बीच हल्की कहासुनी हो गई अछनेरा के गांव धनौली स्थित मतदान केंद्र से पुलिस बल नदारद मिला । तहसीलदार देवेंद्र प्रताप ने उक्त मतदान केंद्र पर सुरक्षा की व्यवस्था की गई।

# सचिव प्रदीप रावत बेस्ट खेल प्रबन्धन के प्रतीक चिन्ह से सम्मानित

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़

उत्तर प्रदेश स्केटिंग खो खो संघ के अध्यक्ष विवेक बंसल पूर्व विधायक ने अलीगढ़ स्केटिंग क्लास के सचिव प्रदीप रावत को स्केटिंग खेल प्रतियोगिताओं एवं स्केटिंग खेल का कुशलता पूर्वक प्रबंधन करने पर बेस्ट खेल प्रबंधन का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष विवेक बंसल ने कहा प्रदीप रावत ने 15 वर्ष पूर्व स्केटिंग खेल को अलीगढ़ में बढ़ावा देकर बहुत बहुत मेहनत से अनगिनत खिलाड़ी तैयार किया। उन स्केटिंग खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल लाकर अलीगढ़ का नाम रोशन किया। 64 स्केटिंग खिलाड़ियों ने बेलगांव कर्नाटक में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में लगातार 96 घंटे चला कर अपना नाम दर्ज कराया।बहुत सारे खिलाड़ियों ने इंडिया बुक रिकॉर्ड, इंटरनेशनल बुक रिकॉर्ड, ग्लोबल बुक रिकॉर्ड, चिल्ड्रन बुक रिकॉर्ड, नेशनल रिकॉर्ड, एशिया बुक रिकॉर्ड एवं अन्य रिकॉर्ड में भी नाम दर्ज कराया है। स्केटिंग खिलाड़ी चंद्र सिंह चौधरी को 2022 में प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार मिल अलीगढ़ स्केटिंग क्लास का नाम रोशन किया। यह सारी मेहनत सचिव स्केटिंग प्रदीप रावत की है। सचिव प्रदीप रावत अलीगढ़ में स्केटिंग खो खो के खिलाड़ी तैयार कर रहे हैं और एक दिन स्केटिंग खो खो में भी राष्ट्रीय स्तर पर अलीगढ़ का नाम रोशन करेंगे। आज अलीगढ़ में स्केटिंग खिलाड़ियों की पहचान पूरे भारत में वर्ष में बनी हुई है जिसका श्रेय सचिव प्रदीप रावत को जाता है। विवेक बंसल ने कहा मैं उनको हार्दिक बधाई देता हूं।बधाई देने में ज्ञान प्रकाश सक्सेना ,विनेश ठाकुर, रिंकू दिक्षित, शमशाद मलिक, राहुल भाटी,डूंगर सिंह आदि उपस्थित थे।

## अवैध मादक पदार्थ सहित दो मादक तस्कर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़

थाना प्रभारी बन्नादेवी अलीगढ़ द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त विनोद उर्फ बिल्लू पुत्र चन्दन लाल अग्रवाल निवासी रघुवीरपुरी आर्यावर्त बैंक के सामने थाना बन्नादेवी अलीगढ़ हाल पता शिवपुरी शनिदेव मन्दिर के सामने गली मे थाना बन्नादेवी अलीगढ़ व बन्टी पुत्र जवाहर लाल धोबी वाली गली मस्जिद के पास रघुवीरपुरी थाना बन्नादेवी जिला अलीगढ़ को नगर निगम वर्कशाप तिराहे के पास से गिरफ्तारी किया गया। जिनके कब्जे से 15.39 ग्राम हीरोइन/स्मैक (72 पुडिया) एवं 1.100 कि0ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है अभियुक्तो से बरामद माल की अंतराष्ट्रीय कीमत लगभग 2,00,000 रुपये है।

## युवक को पुलिस ने बर्बरता से पीटा

जन एक्सप्रेस | आगरा

ताजगंज क्षेत्र स्थित नगर निगम में पुलिस ने एक युवक को बर्बरता का शिकार बना डाला। वोट डालने के बाद पत्नी का इंतजार कर रहे युवक को बुरी तरह पीटा। जिससे उसके शरीर पर चोटें भी आईं। पिटाई का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

थाना ताजगंज क्षेत्र के नगर निगम मतदान केंद्र पर सूरज नाम का युवक अपने माता-पिता और पत्नी के साथ वोट डालने आया था। इसी बीच उसे थोड़ी देरी हो गई तो पुलिसकर्मियों ने उसे खड़े होने का कारण पूछा। तो इसी बात को लेकर पुलिस ने युवक की डंडों से पिटाई कर दी। इस बात को लेकर युवक ने एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। उसका कहना है कि पुलिस लोगों के साथ ऐसा व्यवहार कर रही है । यह सही रवैया नहीं अपना रहे हैं।

वोट डालकर निकले युवक को नकाब पोसों ने डंडों से पीटा

जैतपुर। खेडा राठौर के पुरा भदौरिया गांव के बूथ पर मंगलवार को गोंसली के सुदामा बघेल अपनी पत्नी सुनीता देवी के साथ वोट डालकर घर लौट रहे थे। गांव की रमेश की दुकान के पास दो नकाब पोस (गमछे से मुंह बंधा हुआ) व्यक्ति आये और लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। भीड़ जमा होने पर हमलावर भाग गये। सुदामा बघेल का शिकायती पत्र और पीठ पर बने चोट के निशान की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष खेडा राठौर रोहिताश सिंह ने बताया कि मारपीट की शिकायत मिली थी पुलिस मौके पर पहुंची थी। नकाब पोस लोगों पर मारपीट का आरोप है।

# छर्रा और इगलास में बैनर लगाकर किया चुनाव बहिष्कार

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़



तीसरे चरण का मतदान मंगलवार को पूरे देश में हो रहा है। हाथरस लोकसभा में शामिल अलीगढ़ की इगलास और छर्रा विधानसभा में भी सुबह 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। लेकिन इन दोनों विधानसभाओं के तमाम बूथों पर सुबह से ही मतदान का बहिष्कार किया जा रहा है।

छर्रा विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में मंगलवार सुबह से ही ग्रामीण मतदान का बहिष्कार कर रहे हैं। उनका आरोप है कि जनप्रतिनिधि न तो गांव में आते हैं और न ही विकास काम करा रहे हैं। वहीं इगलास विधानसभा में भी यह विरोध देखने को मिला। ग्रामीणों ने सड़क न बनने के विरोध में मतदान का बहिष्कार किया। जिसके बाद एसडीएम ने उन्हें मनाकर वोटिंग शुरू कराई।

जानलेवा बिजली की लाइन न हटने से नाराजगी छर्रा विधानसभा क्षेत्र के गांव मलसई में ग्रामीणों ने मंगलवार को मतदान का बहिष्कार कर दिया। उनका कहना था कि गांव के बीच से 11000 वोल्ट की बिजली की तार जा रही है, जिसकी ऊंचाई बहुत कम है। इसके कारण आए दिन लोगों की जान पर बनी रहती है। पिछले दिनों एक युवक इसकी जद में आ गया था और उसकी मौत हो गई थी। लगातार शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल सिंह भी ग्रामीणों को समझाने पहुंचे, लेकिन परेशानी के आगे लोगों ने उनकी भी नहीं सुनी। हाथरस लोकसभा में शामिल छर्रा के गांव बमनोई में भी मंगलवार को ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार किया। ग्रामीणों ने श्रोड नहीं तो वोट नहीं के जमकर नारे लगाए और मतदान करने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि गांव में आने वाली सड़क सालों से टूटी है।

अगर कोई गर्भवती महिला इस रोड से गुजरती है तो ऐसी स्थितियां हो जाती हैं कि सड़क पर ही उसकी डिलीवरी हो जाए। क्षेत्र के विधायक रवेंद्र पाल सिंह पिछले 7 साल में एक बार भी गांव में झांकने नहीं आए। यह गांव अकराबाद ब्लाक के प्रमुख ठा. राहुल सिंह का गांव है और वह भाजपा से ही ब्लाक प्रमुख हैं। लोगों ने मंगलवार को जमकर नारेबाजी की।

इगलास में एसडीएम के मतदाताओं को समझाया अलीगढ़ की इगलास विधानसभा में भी ग्रामीणों ने मंगलवार को मतदान का बहिष्कार कर दिया। गांव नगला वीरा के गांव में बूथ संख्या 2 पर सुबह से ही सन्नाटा पसरा रहा और ग्रामीण धरना लगाकर बैठ गए। उनका कहना था कि सालों से गांव की सड़क नहीं बनी है।

जब प्रशासन को इसकी जानकारी हुई तो एसडीएम महिमा राजपूत, सीओ डॉ. कृष्ण गोपाल और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों ने बात की। एसडीएम ने उन्हें आश्वासन दिया कि चुनाव के बाद उनके गांव की सड़क तत्काल बनाई जाएगी। जिसके बाद ग्रामीण वोट डालने के लिए तैयार हुए और दोपहर में मतदान की प्रकिया शुरू हो सकी।

## पुलिस कमिश्नर व पुलिस उपायुक्त पूर्वी बूथों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | पिनाहट



मंगलवार को पुलिस कमिश्नर आगरा रविन्द्र जे गौड़ थाना बसई अरेला पहुंचे। जहां उन्होंने थाने व बूथों का निरीक्षण किया। इसके बाद पिनाहट ब्लॉक क्षेत्र के अपर प्राइमरी विद्यालय पिनाहट पहुंचे। जहां उन्होंने। बूथ संख्या 61, 62 व 63 पर हो रहे मतदान का बारीकी से निरीक्षण किया। बूथ पर तैनात कर्मचारी व पुलिस कर्मियों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी वार्ता की। इसके बाद थाने का निरीक्षण करने पहुंचे थाने के निरीक्षण के बाद मनसुख पुरा थाने पहुंचे। और मनसुख पुरा थाने का भी निरीक्षण किया। इसके बाद दोपहर करीब 2 बजे पुलिस उपायुक्त पूर्वी अमित शर्मा हुब्बलाल जूनियर हाई स्कूल स्थित बूथ संख्या 61, 62 व 63 पर पहुंचे। जहां उन्होंने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया।

# नए मतदाताओं ने साझा किया अपना पहला अनुभव

जन एक्सप्रेस | आगरा




लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की वोटिंग, मंगलवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। सुबह 7 बजे से ही मतदाताओं ने उत्साह दिखाते हुए, अपने अमूल्य मत का प्रयोग किया। कमिश्नरेट आगरा में चुनाव को सकुशल, शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु पुलिस आयुक्त आगरा जे. रविंद्र गौड द्वारा फतेहपुर सीकरी बजाज राष्ट्रीय इंटर कॉलेज पर भ्रमण कर मतदेय स्थलों की सुरक्षा-व्यवस्था का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कस्बा फतेहपुर सीकरी समेत देहात के ग्राम दुलारा, शिव पुरी, मंडी गुड़, मई बुजुर्ग , गुजरपुरा, दूरा,समरा, नगर समेत सभी बूथों पर फोर्स की मौजूदगी में शांतिपूर्ण मतदान हुआ। इस दौरान इस बार कई नए युवा मतदाताओं यश फौजदार, शिवांगी, दामिनी आदि में अपने मत को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। महिला मतदाताओं ने अपने पहले मतदान पर कहा कि वे सरकार की योजनाओं से प्रभावित हैं। महिला सुरक्षा, नारी सम्मान एवं महिलाओं के लिए अनेकों योजनाएं लाभकारी हैं।

युवाओं ने कहा वोट करना अच्छा अनुभव हैः हमने देश हित में मतदान किया है, जिसका अनुभव काफी शानदार रहा। वहीं युवाओं ने अपने पहले मतदान पर बताया कि, उन्हें मतदान करके महसूस हुआ कि अब वे भी देश हित की हिस्सेदारी में अपना योगदान दे रहे हैं। वे चाहते हैं कि, युवाओं को अच्छी शिक्षा और रोजगार मिले। वहीं कई बूथों पर बुजुर्ग मतदाताओं ने व्हीलचेयर पर आकर मतदान किया। उन्होंने बताया कि, देश के महापर्व पर वोट करना सबसे अच्छा अनुभव है। लेकिन दोपहर में भीषण गर्मी ने मतदाताओं के कदम रोक दिए।

पड़ा रहा सन्नाटाः ज्यादातर पोलिंग बूथों पर सन्नाटा पसरा मिला। शाम को मतदाताओं ने जोश दिखाते हुए, मतदान का प्रतिशत बढ़ाया। जिनमें महिलाओं की सहभागिता अधिक रही। चुनाव प्रतिशत थोड़ा कम रहने के पीछे, भीषण गर्मी सबसे बड़ा कारण रही। वहीं सभी बूथों पर चुनाव शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए, फोर्स द्वारा नजर रखी गई।

डीएम ने की समीक्षाः वहीं सुबह करीब 9 बजे सीकरी के शिवपुरी बूथ पर ईवीएम मशीन खराब होने पर डीएम ने आकर समीक्षा की। उन्होंने जल्द मशीन को ठीक कराकर मतदान शुरू कराया। थाना प्रभारी धर्मेंद्र दहिया पुलिस फोर्स सहित क्षेत्र में गश्त करते रहे।

फार्मेट-सी-1

**आपराधिक प्रकरणों के सम्बंध में घोषणा**

**(अभ्यर्थी के द्वारा समाचार पत्रों, दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु)**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अच्यर्थी का नाम और पता : **शैलेन्द्र कुमार**, ग्रा0-बरियन निवादा, जसवन्तपुर, कानपुर देहात
राजनितिक दल का नाम : **भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी**
(स्वतंत्र अच्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)
निर्वाचन का नाम : **लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024**
*निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **42-कन्नौज लोकसभा**

मैं **शैलेन्द्र कुमार** (अच्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अच्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के सम्बंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ।

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओ) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | A.C.M.M.-II कानपुर नगर | परिवाद संख्या-5506/2017 तिथि ज्ञात नहीं है | विचाराधीन | I.P.C. धारा-406, 504, 506 |

(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियां) | कार्यालय (यों) और लगाई गई सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

* राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

# धूप कम होते ही घरों से निकले मतदाता



जन एक्सप्रेस | आगरा

42 डिग्री तापमान के बीच आज जिले की दोनों सीटों पर शाम तीन बजे तक लगभग 46 प्रतिशत मतदान हो सका । धूप के चलते मतदाता घरों से कम निकले। जैसे ही शाम के 4 बजे तो बूथो पर महिलाओं और पुरुषों की भीड़ दिखाई देने लगी।

शहर की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक मतदान हुआ।

आज मतदान के दिन भीषण गर्मी में मतदाताओं का जोश देखते ही बन रहा था । जहां देखो सुबह से लेकर शाम तक मतदाताओं की कतार मतदान केन्द्रों पर लगी दिखाई दी। यह सिलसिला दोपहर गर्मी के चलते थोड़ा काम हुआ, लेकिन शाम चार बजे बाद वोटर घरों से निकले और अपने प्रत्याशी को वोट दिया। वहीं लोगों का कहना था कि एक ऐसा प्रत्याशी चाहते हैं जो विकास करें और जनता के मुद्दों को उठाए। सभी मतदान केद्रों पर त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिला। कोई प्रत्याशी अपनी पार्टी तो कोई दूसरे प्रत्याशी की अच्छाइयों को देखकर वोट करता नजर आया। हालांकि फैसला कुछ भी हो । जिस तरह मतदान हुआ है । उस हिसाब से परिणाम चौंकाने वाले होंगे।

## 15 बूथों पर हुआ 60% मतदान

जन एक्सप्रेस | आगरा

भले ही आसमान से आग बरसी हो। इस चिलचिलाती धूप में आगरा ग्रामीण के 15 बूथ पर काफी मतदान हुआ । जिसके चलते शाम 5 बजे तक 60 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

आगरा ग्रामीण से 15 बूथ पर रिकॉर्ड मतदान हुआ। जिसमें शाम 5 बजे तक 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ । हालांकि पूरे जिले की फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट पर 54-92 प्रतिशत के आसपास पहुंचा। वही आगरा सुरक्षित सीट पर शाम 5 बजे तक 51-13 प्रतिशत ही मतदान हुआ। जिससे लोगों ने कई दलों को नुकसान होने का अंदेशा भी जाते। ग्रामीण विधानसभा के लकावली कलाल खेड़िया तोरा बुढेरा महुआ खेड़ा इन सभी मतदान केदो के 15 बूथो पर रिकॉर्ड मतदान देखने को मिला। अधिकारियों की मांने तो फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट पर यहां सबसे अधिक मतदान की आशंका जताई जा रही है। कहीं मतदान समाप्त होने तक मतदान केदो पर लोग बैठे रहे। 6 बजे बाद पोलिंग पार्टियों द्वारा ईवीएम मशीनों को सील कर पोलिंग पार्टि खेरागढ़ मंडी समिति और आगरा नवीन गल्ला मंडी को रवाना हो गई।

## बिछड़े बालक को ताज सुरक्षा पुलिस ने परिजनों को सौंपा

जन एक्सप्रेस | आगरा



झारखंड के रांची से ताजमहल देखने आए पर्यटक विनोद कुमार पुत्र त्रिलोकी नाथ का एक वर्ष का बच्चा पश्चिमी गेट के पास से बिछड़ गया जो ताज सुरक्षा पुलिस की क्यूआरटी टीम के जवानों को ताजमहल पश्चिमी गेट के प्रवेश द्वार के सामने रोते हुए मिला। प्रभारी निरीक्षक ताज सुरक्षा श्री तिलक राम भाटी के निर्देशन में क्यूआरटी प्रभारी उप निरीक्षक शिवराज सिंह द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अनाउंसमेंट , सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साधनों का प्रयोग कर उसके परिजनों को 20 मिनट के अंदर खोज कर बच्चों को उनके सुपुर्द किया। बच्चे को पाकर माता-पिता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आगरा पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। बच्चों के परिजनों को खोजने वाली टीम में उप निरीक्षक शिवराज सिंह, मुख्य आरक्षी संजय कुमार, आरक्षी अनुज सिंह पौनिया और महिला आरक्षी लक्ष्मी देवी एवं महिला आरक्षी रूबी यादव सम्मिलित हैं।

## तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुरेश जैन ,जैन रत्न की उपाधि से सम्मानित

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़



सोमवार को टिमिट सभागार मुरादाबाद में श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति का प्रथम प्रांतीय सभा का आयोजन किया गया। जिसमें श्री दिगम्बर जैन महासमिति एवं महिला प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश द्वारा तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुरेश जैन को जैन रत्न की उपाधि से अलंकृत किया गया। संस्था के प्रांतीय महामंत्री राजीव जैन ने बताया कि सुरेश जैन जी द्वारा, शिक्षा सामाजिक,धार्मिक स्तर पर विशेष आयाम स्थापित किए गए है मेडिकल कॉलेज मे रोगियों की निस्वार्थ सेवा,कर्मशीलता,दानवीरता उनके धर्मपरायरण व्यकित्व को परिलक्षित करती है, उनकी कर्मठता एवं वचनवद्धता ने स्वच्छ नीयत और नीति का पालन करते हुए देश विदेश मे उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया है। ऐसे महान व्यक्तित्व को श्री दिगम्बर जैन महासमिति जैन रत्न की उपाधि से अलंकृत कर गौरवांवित होती है। इस मौके पर मुख्य रूप से संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मणिन्द्र जैन दिल्ली, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अनिल जैन मुरादाबाद, महामंत्री राजीव जैन, संयोजक मुनेश जैन, मीडिया प्रभारी मयंक जैन, प्रचार मंत्री दीपक जैन, नीरज जैन, सौरभ जैन अलीगढ़, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष शिखा जैन एवं अन्य शहरों के लोग उपस्थित रहे।

# जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का जिला स्तरीय अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण

* मरीजों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के निर्देशानुसार आज जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया। आज नगर मजिस्टेउट द्वारा जिला चिकित्सालय महिला का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, दवाई वितरण कक्ष, इमरजेंसी वार्ड, उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया गया। उप जिलाधिकारी सदर द्वारा जिला चिकित्सालय पुरूष का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दवाई वितरण कक्ष, ओपीडी, उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया गया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाऐं ठीकठाक पाई गई। उन्होंने साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।




उप जिलाधिकारी अमरिया ने सामुदायिक केन्द्र अमरिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर, ओपीडी, लैब, डॉट्स सेंटर, आयुष्मान कक्ष, लेबर रूम, औषधि वितरण कक्ष, फीमेल वार्ड, लू वार्ड, डेंटल का निरीक्षण किया तथा साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

उप जिलाधिकारी (न्यायिक) बीसलपुर द्वारा आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलसंडा का निरीक्षण। निरीक्षण के समय मौके पर डा0 मनीश राज शर्मा, प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलसंडा व फार्मासिस्ट आदि मौके पर उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। उपस्थिति पंजिका में 18 कर्मचारी कार्यरत है। मौके पर डॉ0 एस0के0सिंह अनुपस्थित पाए गए।

उप जिलाधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पूरनपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया। अवलोकन के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 अनिकेत गंगवार मौके पर नही मिले।



निरीक्षण के समय चिकित्साधिकारी डॉ0 मो0 राशिद एवं फार्मासिस्ट सुशान्त हलधर उपस्थित पाए गये, इनके द्वारा अवगत कराया गया कि डा0 अनिकेत गंगवार सरकारी कार्य से क्षेत्र में गये हुए है तथा उपस्थिति पंजिका के द्वारा कार्यरत स्टाफ मनोज कुमार सरोज एचईओ, रामवचन एनएमए तथा रमेशचन्द्र स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अनुपस्थि मिले। निरीक्षक के दौरान 18 सरकारी कर्मचारी व 37 संविदा कर्मचारी कार्यरत है। टीकाकरण कक्ष के निरीक्षण के पूनम उपस्थित पाई गई जो बच्चों का टीकाकरण कर रही थी। होम्योपैथिक विभाग के निरीक्षण के दौरान चिकित्सक एवं फार्मासिस्ट तथा नीलम काउन्सलर तथा हरप्रसाद नर्सिंग सहायक उपस्थित थे तथा इनके द्वारा कुत्ते काटे की वैक्सीन लगायी जा रही थी। चम्पा रानी आयुष फार्मासिस्ट व विवेकानन्द सिकदर दंत रोग टैक्नीशियन उपस्थित मिले तथा मरीजों की देखरेख की जा रही थी। नेत्र चिकित्सक उपस्थित पाए गए। कुष्ठ रोग कक्ष बन्द पाया गया डॉ0 मो0 राशिद के द्वारा बताया गया कि वह अवकाश पर है। शौचालय निरीक्षण के दौरान महिला/पुरूष शौचालय बन्द पाया गया पूछने पर बताया गया कि शौचालय चोक हो गये जिसकी मरम्मत कराने हेतु निर्देशित किया गया। आर0एन0टी0पी0 (टी0वी0) कक्ष का निरीक्षण किया गया। मौके पर अजीत कुमार एलटी, ठाकुर दास एसटीएलएस व आशीष कुमार यादव टीवीएचवी उपस्थित मिले और मरीजो को दवाएं दी जा रही थी।

तहसीलदार कलीनगर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र माधौटांडा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टार, दवाई वितरण रजिस्टर चेक किया। निरीक्षण के दौरान 02 स्थाई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए तथा अनुराग शुक्ला व डॉ0 राकेश कुमार अवकाश पर पाए गए। संविदा कर्मचारियों में मुकुल सिन्हा व जितेन्द्र कुमार अनुपस्थित पाए गए। स्टाक रजिस्टर की जांच के दौरान रजिस्टर अपडेट नहीं पाया गया जिसे पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल में साफ सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने के निर्देश दिये।

## तीस बेड का दियोरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देख रहा स्टाफ की राह

* आखिर कब होगी एमओआईसी की तैनाती।
* एक डॉक्टर, नर्सिंग सहायक, वार्ड व्याय और स्वीपर के सहारे चल रहा अस्पताल

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**

दियोरिया में करोड़ों रुपए की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उच्चीकृत किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अपने यहां चिकित्सा अधीक्षक की तैनाती की राह देख रहा है। चिकित्सा अधीक्षक के बिना दियोरिया कोतवाली में होने वाले मेडिकल परीक्षण के लिए बिलसंडा सीएचसी पर 25 किलोमीटर की दूरी तय करके जाते हैं। दियोरिया में जब सीएचसी का निर्माण कार्य शुरू किया गया था तब क्षेत्रवासियों को लगा था कि अब यहां पर इलाज की पर्याप्त व्यवस्था होगी और इलाज के लिए बीसलपुर नहीं जाना पड़ेगा लेकिन जल्द ही उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया। सीएचसी को निर्माण के बाद विभाग को हैंडओवर कर दिया गया लेकिन तैनाती के नाम पर मात्र एक नर्सिंग सहायक को भेजकर औपचारिकता पूरी कर ली गई है। यहां पर एक संविदा चिकित्सक डॉ अनुपम जायसवाल और वार्ड व्याय अश्विनी तथा एक नर्सिंग सहायक व एक स्वीपर की तैनाती है। तीन मंजिला इमारत में तीस बेड स्वीकृत किए गए हैं लेकिन अभी तक कोई भी बेड इस सीएचसी पर मौजूद नहीं है। जांच के लिए भी कोई मशीनें यहां पर नहीं पहुंची हैं।

**सीएचसी पर मौजूद मरीजों से जानते हैं उनकी राय**

- गांव भगौतीपुर निवासी डोरी लाल का कहना है कि यहां पर मात्र दवाई मिलती है। जांच के नाम पर यहां कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। जांच के लिए बीसलपुर, बिलसंडा या फिर पीलीभीत जिला अस्पताल जाना पड़ता है।
- गांव पैनियां हिम्मत निवासी रामनाथ का कहना है कि इतने बड़े अस्पताल में कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। जब अस्पताल बना था तब सोचा था कि अब यहां सभी जांचें उपलब्ध होगी लेकिन अभी तक यहां पर कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। करोड़ों रुपए की बिल्डिंग मात्र दिखावे के लिए बनाई गई है।

## तेज हवा के कारण 33000 हजार की लाइन का पोल गिरा

**जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा**

नगर पंचायत के वार्ड नंबर आठ चौड़ी गली मे तेज हवा के कारण 33000 हजार के वी लाइन का विद्युत पोल टूटने से मोहल्ला मे बड़ा हादसा होने से टला गनीमत रही बिजली नही आ रही थी उस वक्त नही तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

वही इस भीषण गर्मी मे विधुत आपूर्ति भी कई घंटे बाधित रही जिससे उपभोक्ताओ को गर्मी का समाना करना पड़ा। इधर मोहल्ला के लोगो की सूचना पर पहुंचे विभागीय अधिकारियों ने कडी मशक्कत के बाद दूसरा पोल लगाने पर पूर्ण रूप से विधुत लाइन को चालू किया। जेई सुखपाल ने जानकारी देते हुए बताया है की 33000 हजार की मे लगे पोल कापी पुराने और जर्जर हो चूके है इसीलिए तेज हवा के कारण पोल झुक कर गिर गया विभाग को बहुत पहले ही जर्जर पोल के बारे मे सूचना दे दी थी।



## ज़मीनी विवाद में दागी गई गोलियां एक व्यक्ति की गई जान

* कयार गोलीकांड में पिता की मौत, पुत्र व पुत्री घायल
* सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कयार गांव में मंगलवार सुबह बार्जा निकालने को लेकर हुआ था विवाद

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

सरायख्वाजा थाना क्षेत्र की कयार गांव में मंगलवार सुबह दो पक्षों में बार्जा निकालने को लेकर विवाद हो गया जिसमें एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर तमंचा से गोली चला दी।जिसमें 60 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गयी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कयार गांव के निवासी एजाज अहमद अपने मकान का निर्माण कर रहा था मकान का बार्जा निकालने को लेकर सोमवार को पड़ोसियो से विवाद हो गया था। आपसी बातचीत से मामला शांत हो गया था। आरोप है की मंगलवार की सुबह जब एजाज राजमिस्त्रियों को बुलाकर मकान का निर्माण शुरू कराया तो इसी दौरान पड़ोसी अरमान विरोध करना शुरू कर दिया अरमान का कहना था कि मकान का बार्जा उसके मकान से थोड़ी दूर पर होना चाहिए जिसको लेकर दोनों में कहा सुनी शुरू हो गई विवाद बढ़ता देख एहजाज के पुत्र रहीम और 18 वर्षीय सादिया भी मौके पर पहुंच गई इसी दौरान अचानक अरमान तमंचा से एजाज पर फायर कर दिया और एजाज के पेट में गोली लग गई। उधर हाथापाई में पुत्र रहीम 20 वर्ष और सादिया 18 वर्ष भी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। गोली के तड़-तडाहट की आवाज सुनकर आसपास के लोग दंग रह गए शोर गुल की आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हुए तो एजाज को जमीन पर गिरा देख सहम गए आनन-फानन में ग्रामीणों ने एजाज और पुत्र, पुत्री को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुँचाया, जहां चिकित्सको ने परिक्षण के बाद एजाज को मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है आरोपी को गिरफ्तार कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## शाहजहांपुर से पीलीभीत आने वाली ट्रेन में बोगी कम करने को लेकर किया गया हंगामा

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



आज पीलीभीत रेलवे स्टेशन पर अधिवक्ता एवं यात्रीगण ने शाहजहांपुर से पीलीभीत आने बाली ट्रेन में बोगी कम करने को लेकर हंगामा किया। अधिवक्ता एवं यात्री स्टेशन अधीक्षक के कार्यालय में पहुंचे तो स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में ताला पड़ा मिला अधिवक्ता सुधीर मिश्र ने फोन पर स्टेशन अधीक्षक से सम्पर्क किया तथा नारेबाजी शुरू कर दी तो स्टेशन अधीक्षक आये अधिवक्ताओं एवं यात्रियों ने स्टेशन अधीक्षक को बोगी कम होने की समस्या बताई राजकमल रामानन्द संजय सिंह सुजीत ने कहा कि ट्रेन में बोगियों की संख्या कम कर दी है जिससे यात्री लटक कर असुरक्षित यात्रा को मजबूर हैं पूर्णागिरि का मेला चल रहा हैं।

अत्यधिक भीड़ है पूर्वांचल के तीर्थयात्री शाहजहांपुर से बीसलपुर पीलीभीत होते हुए टनकपुर तक यात्रा करते हैं इस कारण ट्रेनों में भयंकर भीड़ हो रही है यात्रीगण को बोगियां कम होने से बहुत परेशानी हो रही है स्टेशन अधीक्षक ने कहा कि नई गाड़ियां चलाने के कारण ब्रांच ट्रेनों की बोगियां कम की गई है यह उच्चाधिकारियों द्वारा तय किया जाता है।

तब अधिवक्ता हेमन्त मिश्र ने स्टेशन अधीक्षक से उच्चाधिकारियों से बात करने को कहा काफी हंगामे के बाद स्टेशन अधीक्षक ने सीनियर डीओएम से मोबाइल पर बात की सीनियर डीओएम ने बताया कि शीघ्र ही समस्या का निस्तारण किया जाएगा। कम की गई बोगियां बढ़ा दी जाएंगी अधिवक्ताओं ने सीनियर डीओएम को टाइमटेबल के परिवर्तन हेतु भी बताया जिस पर लिखित प्रत्यावेदन देने को कहा गया। अधिवक्ताओं ने कहा कि यदि समस्याओं का निस्तारण नही किया तो यात्रियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए आंदोलन किया जाएगा। कल शाम को भी ट्रेन में बोगी कम होने की शिकायत अधिवक्ता हेमन्त मिश्र ने मण्डल रेल प्रवन्धक परिचालन से की तथा ट्रेन में भीड़ के फोटो भी भेजे।

इस हंगामे में अधिवक्ता हेमन्त मिश्रा, रामानन्द मिश्र, राजकमल रस्तोगी, संजय सिंह उपेंद्र बाजपेयी सुजीत सक्सेना राम सिंह शैलेंद्र दीक्षित सुधीर मिश्र विमल गौड़ धनपाल प्रजापति राजेश्वर वर्मा बाबूराम राठौर शुभम गुप्ता अनुज मिश्र कौशल गंगवार जितेंद्र रामलाल परविंदर, अनुज कुमार आदि लोग शामिल रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दियोरिया पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर।** दियोरिया पुलिस ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए चोरी की चार बाइकों सहित चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक उमेश सोलंकी के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस उपनिरीक्षक सलमान अली, उपनिरीक्षक अरुणेश भदौरिया, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल शंकर लाल, कांस्टेबल शिवम सैनी, कांस्टेबल आदित्य कुमार के साथ मुखबिर की सूचना पर जेठा पुलिया से गाजना सिंधारपुर नहर की ओर झाल के पास चार अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र ओमकार गांव गंधौरा थाना करेली, मेवाराम पुत्र देवीराम हिम्मत पुर दियोरिया कला, श्रीपाल पुत्र परमेश्वरी निवासी खरदहाई दियोरिया कला, भीमसेन पुत्र धनीराम निवासी आमडंडा को गिरफ्तार किया। जिनके पास से चार चोरी की गई बाइक हीरो सुपर स्पेलंडर, पैशन प्रो, दो हीरो एचएफ डीलक्स बरामद करते हुए गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों को अग्रिम कार्रवाई हेतु न्यायालय भेज दिया गया है।

### पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर।** महिला ने 2017 में प्रेम विवाह किया था। अब उसके पति व ससुरालीजन उसे मारते पीटते और घर से निकालने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है। आसरा आवास कालोनी निवासी रेखा ने मोहल्ला पटेल नगर निवासी दीपक पुत्र बाबूराम के साथ हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार प्रेम विवाह किया था। कुछ दिन तो मामला ठीक ठाक चलता रहा। इसके बाद उसका पति दीपक अपनी मां और बहन के कहने पर शराब पीकर उसे डंडों से पीटता है और पूरे पूरे दिन उसे भूखा प्यासा रखता है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि अगर पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की तो वह आत्महत्या करने पर मजबूर हो जायेगी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति दीपक उर्फ भूपेन्द्र, ऊषा देवी, रोली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

### श्रीकला धनंजय सिंह का पर्चा आज़ खारिज हुआ: अशोक सिंह

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** मंगलवार को श्रीकला धनंजय सिंह का पर्चा खारिज हो गया। क्यूँकि रास्ट्रीय पार्टी से उन्होंने नामांकन किया था, इसलिए मात्र एक प्रस्तावक पूर्व प्रमुख संतोष तिवारी रहे, ऐसा निर्वाचन गाइड लाइन भी है। यदि वह निर्दल होतीं तो 10 प्रस्तावक होते। इससे तस्वीर साफ हो जाती है कि उन्होंने पर्चा उठाया नहीं बल्कि खारिज हुआ। इसकी पुष्टि धनंजय सिंह के राजनीतिक प्रवक्ता अशोक सिंह ने की। इसी दौरान धनंजय सिंह के पिता एवं पूर्व विधायक राजदेव सिंह ने कहा की धनंजय सिंह के बहाने श्रीकला का टिकट बहन मायावती ने मेरे सामने फाइनल किया था, बाद में षड्यंत्र के तहत काट दिया गया, और बसपा घनश्याम खरवार आक्षेप इन्हीं पर लगाए की टिकट वापस ले लिया। दरअसल यह उनके जरिये पार्टी को हार का डर बाहर आया है। उन्होंने कहा कि श्री खरवार के डर का परिणाम इसी महीने मिलेगा भी, तब साबित होगा की धनंजय का प्रभाव जौनपुर की दोनों सीटों और पूर्वांचल मे क्या है? इसमें षड्यंत्रकारी मुँह के बल गिरे नज़र आएंगे। अशोक सिंह ने बताया कि अब दो दिन बाद जौनपुर की राजनीति में धनंजय सिंह नए तेवर, कलेवर में नज़र आएंगे, वह अपने समर्थकों की, कार्यकर्ताओ के साथ विचार- विमर्श करके कुछ बड़े कदम उठाएंगे।

### जौनपुर कलेक्ट्रेट परिसर में जमकर चला हाई वोल्टेज ड्रामा,निर्दल प्रत्याशी का पर्चा निरस्त

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर में निर्दलीय प्रत्याशी का हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला जौनपुर लोकसभा सभा क्षेत्र 73 से अमित सिंह ने निर्दल प्रत्याशी के रुप में पर्चा भरा था लेकिन पर्चा निरस्त होने पर जोर जोर से दहाड़े मारकर रोने लगें। उन्होंने कहा लोगों को न्याय दिलाने के लिए चुनाव लड़ने वाला था। अब लोगों को न्याय मिल चुका, साथ ही निर्दल प्रत्याशी ने कहा वकील की लापरवाही से मेरा सब कुछ बर्बाद हो गया। मैं घर खेत बेच कर चुनाव लड रहा था मेरा ख्वाब था कि एक ओट पाऊं लेकिन चुनाव लड़ूंगा वकील ने जितना रुपया मांगा उतना दिया उक्त बातें कहते हुए रोने की विडियो सोशल मीडिया पर तेजी वायरल हो रही है।



## गंगा स्नान के दौरान डूबकर युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस । वाराणसी**

वाराणसी जिले में गंगा में डूबकर मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। मंगलवार को फिर एक घटना सामने आई है। भेलूपुर थाना क्षेत्र के जानकी घाट के सामने गंगा में स्नान करने के दौरान एक युवक की डूबकर मौत हो गई। युवक सोमवार को दिल्ली से काशी घूमने के लिए आया था।

मंगलवार की शाम हिमांशु कुमार शर्मा (20) गंगा में स्नान करने के दौरान गहरे पानी में जाने से डूबने लगा। सूचना पर पहुंचे एनडीआरएफ के जवानों ने शव को खोज कर बाहर निकाला। उधर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक के पिता विनय कुमार शर्मा को पुलिस ने फोन से घटना की सूचना दी। परिजन शहर के लिए रवाना हो गए। मृतक नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के दुर्गापुरी एक्सटेंशन मंडोली का रहने वाला था। सोमवार की सुबह अपने साथी विक्रम कुमार और अरमान साहनी लुधियाना पंजाब के रहने वाले के साथ अस्सी स्थित होटल में रुका था। हिमांशु के साथी अरमान और विक्रम कुमार ने बताया कि सोमवार की शाम तीनों घूमते हुए मणिकर्णिका घाट के सामने पहुंचे थे। जहां चिताओं को जलते हुए देखकर हिमांशु ने बोला था कि मेरा भी घर इसी जगह बनेगा। उसको अपनी मौत का आभास हो गया था। साथी के मौत के बाद विक्रम और अरमान काफी दुखी हैं।

## कायाकल्प राज्य स्तरीय टीम ने सीएचसी सतहरिया का किया निरीक्षण

* समस्त रेकॉर्ड, लेबर रूम, पैथालॉजी, एक्सरे रूम, दवा के साथ साफ़ सफाई का किया निरीक्षण।

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



**मुंगरा बादशाहपुर।** कायाकल्प राज्य स्तरीय टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया का मंगलवार को निरीक्षण किया। इस दौरान समस्त चिकित्सक समेत सभी स्टाफ मौजूद रहे। कायाकल्प राज्य स्तरीय टीम कौशाम्बी से डा 0 हसनैन, डा 0 वंदना तथा जिले से डा 0 छितिज पाठक दोपर करीब बारह बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया पहुंचे। पहुंचने के बाद तीनों चिकित्सकों ने अस्पताल के समस्त रेकॉर्ड चेक किए। तत्पश्चत लेबर रूम, पैथालॉजी, एक्सरे रूम, दवा का स्टॉक, का गहनता के साथ निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने शौचालय, साफ पानी की सुलभता, कैम्पस की साफ सफाई की बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान टीम के चिकित्सकों द्वारा सभी स्टाफ का इंटरव्यू भी लिया गया। उनसे उनके कार्य के बारे मे पूछताछ की गई। डा वंदना द्वारा नीद की दवा लाकर के बाहर रखी होने पर संबंधित स्टाफ को फटकार लगाई गई। इस दौरान मौजूद अधीक्षक डॉ राजेश कुमार ने बताया कि कायाकल्प राज्य स्तरीय टीम के चिकित्सकों को निरीक्षण करने के बाद संतुष्टि जताई गई। उन्होंने आगे जानकारी स्वरूप बताया कि उक्त जांच में अस्पताल को प्वाइंट नंबर मिलता है। जिसके तहत अस्पताल को कायाकल्प अवार्ड मिलता है।

वह मिलने के बाद यहां की सुविधा में बढ़ोत्तरी हो जाती है।

इस दौरान अधीक्षक डॉ राजेश कुमार, डा0 बी एन गुप्त, डा 0 सुनील बिंद, डा 0 सी एस पांडेय, डा 0 शैलेंद्र सिंह के साथ ही फार्माशिष्ट रफीक, बृजेश कुमार, के साथ ही वार्ड ब्वाय विनय कुमार आदि लोग समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## 21 किलो 450 ग्राम अवैध गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के तरहठी मोड़ के पास से वाहन चेकिंग के दौरान सोमवार को मुंगरा बादशाहपुर पुलिस ने 21 किलो 450 ग्राम अवैध गाजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल के निर्देश व अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक मय हमराह के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहन की चेकिंग करने तरहठी मोड पहुंचे। जहा पर एसएसटी टीम के मजिस्ट्रेट करमचंद्र मौर्य, लल्लन प्रसाद मौर्य आर /ओ गौराकला, थाना चौबेपुर वाराणसी वर्तमान पदाधिकारी सहायक विकास अधिकारी (कृषि) सुजानगंज जौनपुर व उपनिरीक्षक मनोज राय मय हमराह भी मिले। हम लोग एसएसटी टीम के मजिस्ट्रेट के साथ संदिग्ध वाहन की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच प्रयागराज की ओर से क्क 70 ष्ठ 8666 ब्रेजा आती दिखी। जिसे रोकने पर रुक गई और कार में सवार एक व्यक्ति भागने लगा। जिसे दौड़कर पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह फरार हो गया। उक्त ब्रेजा कार चेक किया गया तो पीछे दो व्यक्ति दो अलग अलग प्लास्टिक बंडल, एक सूटकेस व बैग दिखा। जिसे खोला गया तो 21 किलो 450 ग्राम अवैध गाजा मिला। दोनो गिरफ्तार व्यक्तियों से कड़ाई से पूछताछ में बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के थाना रेडहा, ग्राम रूपही टाड निवासी गिरिजेश कुर्मी पुत्र शिव शंकर कुर्मी व यही का निवासी रतन संजय पुत्र स्व 0 चंद्रभूषण चौधरी अपना नाम व पता बताया।

जिसके कब्जे से कुल 21 किलो 450 ग्राम गाजा, एक ब्रेजा कार बरामद कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। इस संबंध मे थानाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान इन्हे गिरफ्तार कर इनके पास से उक्त गाजा बरामद कर जेल भेज दिया गया। ये काफी शातिर किस्म के तस्कर है।

## 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर**

पुलिस टीम जिगना थाना क्षेत्र के मछहा बंधा के पास से वाहनों की जांच कर रही थी। उस दौरान बाइक सवार एक युवक को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने पुलिस पर फायरिंग की। बचाव में पुलिस टीम ने भी फायरिंग की। पुलिस की गोली बदमाश आकाश बिंद (25) निवासी कलना गहरवार ढेगुअहा थाना विंध्याचल के बाएं पैर में लगी। मुठभेड़ में घायल बदमाश को उपचार के लिए पीएचसी सरोंई ले जाया गया। वहां से उसे ट्रॉमा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने उसके पास एक तमंचा, एक कारतूस और बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद की। सीओ लालगंज शैलेंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम फरार इनामी बदमाश की तलाश कर रही थी। सीओ ने बताया कि चोरी और टप्पेबाजी के मामले में वह फरार चल रहा था। उसके खिलाफ जिगना, देहात कोतवाली, विंध्याचल में चोरी, टप्पेबाजी, घोखाधड़ी समेत सात मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी नकली सोना बेचकर धोखाधड़ी भी कर चुका है। जिगना थाना क्षेत्र में एक मकान में भी चोरी की थी।

## जिलाधिकारी ने भीड़भाड़ वाली जगहों पर अस्थायी प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देशित किया है कि भीषण गर्मी को देखते हुए प्रमुख बाजारों, मुख्य मार्गो सहित ऐसी जगहें जहां पर प्रायः आमजनमानस की भीड़ होती है वहॉ पर थोड़ी-थोड़ी दूरी पर अस्थायी प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित कराये, जिससे इस भीषण गर्मी में आमजनमानस को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने जनपद के संभ्रान्त नागरिकों, स्वयं सेवी संस्थाओं आदि से अपील किया है कि वे भी अपने स्तर से अस्थायी प्याऊ की व्यवस्था करने हेतु अपने क्षेत्र के अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद से सम्पर्क करे और अपने-अपने पूर्वजों/प्रियजनों के नाम से इस पहल में अपना योगदान दे। उन्होंने बताया है कि नगर पालिका के द्वारा जगह का चयन किया जायेगा और शिलापट्ट पर लगवाने वाले का नाम या उनके पूर्वजों/प्रियजनों का नाम अंकित होगा। इस पुनीत कार्य के लिए अधिक से अधिक लोग अपना सहयोग अवश्य दे। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका जौनपुर पवन कुमार ने अवगत कराया है कि प्रथम चरण में अस्थायी प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित करने के पश्चात द्वितीय चरण में स्थायी प्याऊ की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने जनपद के संभ्रान्त नागरिकों, स्वयं सेवी संस्थाओं से अपील किया है कि अस्थायी/स्थाई प्याऊ की व्यवस्था हेतु सीयूजी नम्बर 8707073308 पर सम्पर्क कर सकते है।



# हाईवे का ट्रैफिक डायवर्जन प्लान फेल

* ट्रक चालक निजी फायदे के लिए दूसरों की जान डाल रहे खतरे में
* ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी चुस्त लेकिन वसूलीबाज उनसे दो कदम आगे

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**




लखनऊ में एलिवेटेड एक्सप्रेसवे के निर्माण के कारण जाम की समस्या झेल रहे जनमानस को इस समस्या से निपटने के लिए लखनऊ-कानपुर हाईवे से भारी वाहनों के सीधे लखनऊ जाने पर रोक लगा दी गई थी। तय हुआ था कि कानपुर और कानपुर देहात से भी भारी वाहनों के उन्नाव की ओर आने पर रोक लगाई जाएगी। लेकिन इसपर अमल नहीं हो पाया। उन्नाव में गदनखेड़ा चौराहा और पुरवा मोड़ से पूरा ट्रैफिक डायवर्जन किए जाने से रोजाना कई बार घंटों जाम लगता है। शुरुआती दिनों में डायवर्जन प्लान पर तो अमल हुआ लेकिन इसके बाद फिर सब पुराने ढर्रे पर आ गया। अब हालात बदतर हो गए हैं। उन्नाव मे पहुंचने वाले भारी वाहनों को दही थाना क्षेत्र में पुरवा मोड़ से मौरावां-पुरवा-मोहनलालगंज होते हुए लखनऊ भेजा जा रहा है। लेकिन वाहन चालक घूम कर जाने से अच्छा सीधे जाना अधिक पसंद करते हैं। इसी बात का फायदा कुछ अवैध वसूली करने वाले अज्ञात व्यक्ति करते है । यह लोग 300 से 500 रुपए लेकर पुरवा रोड पर चौकी के बगल से वाहनों को लाइट बन्द करवा कर रॉन्ग साइड से निकलवाते है। इस हरकत के कारण पुरवा रोड पर वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है। जिससे डाइवर्जन प्वाइंट पर जाम की स्थिति बनने से तैनात पुलिसकर्मी जाम खुलवाने में हलकान रहते है और अवैध वसूली बाज जेबें भरने में व्यस्त रहते है।

### क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी

इस मामले पर जब यातायात प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आपके सम्मानित समाचारपत्र द्वारा मामला संज्ञान मे लाया गया है। शीघ्र ही कुछ ऐसी व्यवस्था कर दी जाएगी कि कोई वाहन रॉन्ग साइड से न निकलने पाए।

### वसूलीबाजों के मुख्य अड्डे

भारी वाहनों से वसूली करने वाले लोग पुरवा रोड पर चौकी के पास झुंड बनाकर खड़े मिल जाते है। कभी गुमटियों के पीछे अंधेरे में पुलिस से छिपे रहते है। पुलिसकर्मियों के पहुंचने पर या तो अंधेरे का फायदा उठाकर छिप जाते है या फिर भाग जाते है। दारू के नशे में डूबे वसूली बाज चालकों से पैसा वसूल कर उल्टी दिशा से वाहन निकलवाते है जिससे सामने से आने वाले वाहनों के साथ कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है।



# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के स्वागत की सभी तैयारियां पूरी

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में केंद्रीय गृहमंत्री की जनसभा की तैयारी पूरी कर ली गई है। वे चौथे चरण में कन्नौज में होने वाले मतदान को लेकर भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के लिये चुनावी जनसभा करने आ हैं। चुनाव से पहले जिले में किसी राष्ट्रीय स्तर के नेता की ये पहली जनसभा है। इससे पहले बिधूना में मुख्यमंत्री ने जनसभा की थी जबकि पीएम मोदी ने इटावा से ही प्रत्याशी के लिए वोट की अपील की थी। जनसभा में 50 हजार से ज्यादा की भीड़ जुटने का दावा भाजपा नेता कर रहे हैं। मंच व पंडाल तायार हो गया है। मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया समेत भाजपाइयों तथा एसपी अमित कुमार आनंद ने मातहतों के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान 13 मई को होना है। इसके चलते 11 मई की शाम को प्रचार का धूमधड़ाका थम जाएगा। पार्टी के सूत्रों से पता चला है कि प्रचार के अंतिम दिन ही यहां एक बार फिर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचेंगे और रोडशो करके जनता के बीच कमल का प्रचार कर प्रत्याशी के पक्ष में वोट की अपील करेंगे। इसको लेकर भी सत्ता पक्ष की तरफ से तैयारी किए जाने की खबर है। फिलहाल इस संबंध में विस्तृत कार्यक्रम नहीं आया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### वाहन स्वामी अपने वाहन की लॉग बुक व डीजल पर्ची अवश्य प्राप्त कर लें

**जन एक्सप्रेस/औरैया।** सहायक वाहन प्रभारी निर्वाचन सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन ने समस्त वाहन स्वामियो को अवगत कराया कि जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु वाहनों को नवीन मण्डी स्थल,औरैया में दिनांक 10 मई को बुलाई गयी है। सभी भारी वाहनों (बसों) के स्वामियों को अवगत कराना है कि निर्वाचन हेतु अपने वाहन की लॉग बुक व डीजल पर्ची,उप संभागीय परिवहन कार्यालय, औरैया से दिनांक 09 मई तक अवश्य प्राप्त कर लें। कुछ वाहन स्वामियों द्वारा वाहन को निर्वाचन में उपलब्ध कराने से इंकार किया गया है जिसमें 10 बसे,15 बोलेरो,12 अर्टिगा शामिल है, उनके द्वारा वाहन 10 मई को मंण्डी में न लाये जाने पर निर्देशों की अवहेलना मानते हुए उनके विरुद्ध आयोग के दिशा निर्देशों के अंतर्गत कार्यवाही हेतु संस्तुति कर दी जायेगी। अत: वाहनों को 10 मई को नवीन मण्डी स्थल. औरैया में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### विद्यालयों में किया मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस/औरैया।** जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के दिशा निर्देशों में निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु शतत किये जा रहे स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में जनपद के विभिन्न विद्यालयों में मतदाता शपथ ग्रहण,छात्र-छात्राओं की श्रृंखला,मतदाता जागरूकता अंतर्गत परिचर्चा जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यालय के छात्र-छात्राये अपने मताधिकार के मूल को समझने तथा आमजन एवं अपने अभिभावकों को भी जागरूक करें कि लोकतंत्र की स्थापना में मताधिकार का जितना महत्व है और आपके मत का महत्व सामान्य है इसमें किसी प्रकार का छोटे बड़े ऊंचे-नीचे का भेदभाव नहीं होता है इसलिए आगामी 13 मई को जनपद में मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए एक अच्छे और मजबूत लोकतंत्र की स्थापना में सहभागी बने।कार्यक्रम जनपद के राजकीय हाई स्कूल मानपुर,1043 स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज सहायल, 1004 जनता इंटर कॉलेज ककोर,सर्वोदय इंटर कॉलेज साफर,नारायण इंटर कॉलेज मल्हौसी,जिला पंचायत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरैन, किसान इंटर कॉलेज भाग्यनगर , 1044 श्री सच्चिदानंद जन सहयोगी इंटर कॉलेज लहरापुर, विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय दिबियापुर,जनता इंटर कालेज असैनी,मानस इंटर कालेज कंचौसी,जनता इंटर कालेज सल्हापुर,पंडित प्रताप नारायण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहादुरपुर, गुलजारीलाल बालिका इंटर कॉलेज फफूंद,इन्दिरा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दिबियापुर में छात्र-छात्राओं ने मतदाता शपथ,गोष्ठी व अंताक्षरी प्रतियोगिता कर मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया।

### नगर पालिका परिषद द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**जन एक्सप्रेस/औरैया।** जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा पालिका के कर्मचारियों के सहयोग से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।मतदाता जागरूकता रैली पालिका कार्यालय से मुख्य बाजार होते हुए गौशाला रोड,फूलमती मंदिर,तहसील तिराहा,शहीद पार्क,सुभाष चौक होकर पालिका कार्यालय पर समाप्त हुई साथ ही सभी कर्मचारियों को मतदान शपथ दिलाई गई और आमजन को दिनांक 13 मई को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

### वरिष्ठ नागरिकों ने किया मासिक बैठक का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/औरैया।** दिबियापुर स्थित वरिष्ठ नागरिक कल्याण सेवा समिति की मई माह की मासिक सभा का आयोजन 5 मई को पूर्व निर्धारित स्थान दयानंद बाल विद्या मंदिर के परिसर में हुआ।बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष डॉ डी पी सिंह ने की।हवन और यज्ञ के उपरांत आयोजित इस सभा में सर्वप्रथम इस माह में उत्पन्न हुए श्री महेश्वर दयाल शर्मा,श्री ब्रह्म स्वरूप पाण्डेय,डॉ रामचंद्र दीक्षित तथा श्री दर्शन सिंह यादव का माल्यार्पण कर जन्मदिवस की बधाई दी गई और उनके लिए मंगल स्वास्थ्य की कामना की गई।इस मांगलिक वेला में सभी ने अपने हृदय के उद्गार व्यक्त किये तथा जन्म दिवस मनाने के करण समिति के प्रति आभार प्रकट किया।समिति के सभी सदस्यों के समक्ष डॉ एम पी शुक्ल,डॉ अजब सिंह,डॉ अशोक शर्मा,श्री अमरनाथ दीक्षित,श्री सत्यभान सिंह आदि ने भी अपने विचार प्रकट किया।कार्यक्रम का सफल संचालन समिति के कोषाध्यक्ष श्री के के सिंह चौहान ने किया।सदस्यों के निमित्त उत्तम स्वल्पाहार की व्यवस्था इस सभा के मेजबान डॉ डी पी सिंह ने किया।

### चुनाव कार्यालय का एसपी ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/कन्नौज।** एसपी अमित कुमार आनंद ने लोकसभा चुनाव के लिये बनाए गए चुनाव कार्यालय का निरीक्षण किया।एसपी ने यहां लोकसभा चुनाव को लेकर की जा रही तैयरियों का जायजा लिया और जरूरी निर्देश चुनाव सेल प्रभारी को दिये।एसपी के औचक निरीक्षण से चुनाव कार्यालय में हडक़ंप मच गया।लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ऑफिस में ही चुनाव कार्यालय की शुरुआत की गयी थी।यहां चुनाव की तैयारियों से सम्बंधित सभी तरह के काम शुरू किए गये थे। यहां चुनाव से पहले की गयी निरोधात्मक कार्यवाही का ब्यौरा, वर्नलेबल व क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर की गई कार्यवाही और कहां कितना फोर्स तैनात होगा।

# अन्नू टंडन के समर्थन में अखिलेश यादव ने की जनसभा

* पेपर लीक से नाराज नौजवान ही भाजपा का सफाया कर देंगे: अखिलेश

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



अखिलेश यादव सपा प्रत्याशी व पूर्व सांसद अन्नू टंडन के समर्थन में उन्नाव के जीआईसी मैदान में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। भीषण गर्मी में सभा में मौजूद लोगों का आभार जताया। कहा कि जन समर्थन बता रहा है कि उन्नाव में जो हवा चल रही है वह अन्नू टंडन को जीत ही नहीं, रिकॉर्ड जीत दिलाने जा रही है। पेपर लीक का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि नौजवानों ने तैयारी की, परीक्षा देकर लौटे तो पता चला कि पेपर लीक हो गया। पुलिस की भर्ती सहित 10 परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। 60 लाख नौजवान जो परीक्षा देकर आए थे। एक परिवार के अगर तीन लोग भी हैं तो 60 लाख का तीन से गुणा कर दें तो 1.80 करोड़ लोग सरकार से नाराज हैं और वह सरकार के खिलाफ मतदान करने का मन बना चुके हैं। प्रदेश की 80 लोकसभा सीट से भाग दें तो भरतीय जनता पार्टी का लोकसभा से 2.25 लाख वोट कम हो गया। यह पेपर लीक और नौजवान ही भाजपा का सफाया कर देंगे। जो नौजवान फौज में जाना चाहता था, देश की सेवा करना चाहता था, जो फौज की पक्की वर्दी पहनना चाहते थे उन्हें अग्निवीर बनाकर चार साल की कच्ची नौकरी कर दी। अगर भाजपा की सरकार आ गई तो हो सकता है कि पुलिस की नौकरी तीन साल की ही रह जाए। लोग पूछते हैं कि कैसे तीन साल की नौकरी हो जाएगी। तो हम कहते हैं कि क्या पता था कि बंदरगाह बिक जाएंगे। एलआईसी बिक जाएगी, बैंकें बैठ जाएंगी, क्या पता था कि आधी रात को नोट बंदी हो जाएगी।

### मीडिया दिखी नाराज़

अखिलेश यादव की जनसभा में पत्रकार बंधु खासे नाराज़ नजर आए। पत्रकार बंधुओ के बैठने की कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई थी साथ ही प्रत्याशी अन्नू टंडन के खास कार्यकर्ताओं द्वारा मीडिया कर्मियों के साथ भी बर्ताव अच्छा नहीं रहा। पत्रकारों ने सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव से अपनी नाराजगी भी दर्शाई।

## जिले की प्रतिभा ने बढ़ाया देश मे मान, कान्यकुब्ज संस्था ने किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

जनपद की एक और प्रतिभा ने देश मे कन्नौज का नाम रौशन किया है। यहां के वासु शर्मा ने गोला फेंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।कन्नौज का मान बढ़ाने पर आज कान्यकुब्ज शिक्षा एवं समाज सेवा समिति ने युवा खिलाड़ी को सम्मानित किया है।पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने उनकी हर तरह की मदद करने की बात कही है। कान्यकुब्ज शिक्षा एवम समाज सेवा समिति के अध्यक्ष नबाब सिंह यादव ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता की गोला फेंक प्रतियोगिता में पहला स्थान पाने वाले युवा खिलाड़ी को सम्मानित किया।

# अखिलेश ने बाबा गौरी शंकर मन्दिर में पूजा की तो भाजपाइयों ने गंगाजल से मन्दिर धोया

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

बाबा गौरीशंकर मंदिर में अखिलेश यादव ने सोमवार दोपहर को पूजा-अर्चना की। उनके जाने के बाद देर शाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर को गंगाजल से धोया। उनका आरोप है कि अखिलेश के साथ गैर-सनातनी लोग जूते-चप्पल पहनकर मंदिर में घुस गए थे। उन लोगों ने मंदिर को अपवित्र किया। लोगों का कहना है कि अखिलेश यादव जब बाबा गौरीशंकर मंदिर पहुंचे तो उनके साथ समर्थकों की भारी भीड़ थी। मुस्लिमों की तादात भी अच्छी खासी थी। ऐसे में पूरे मंदिर परिसर में लोग जूते-चप्पल पहनकर घूमते रहे। देर शाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर पहुंच कर पूरे परिसर की सफाई की। पानी से पहले मंदिर की धुलाई की। फिर गंगा जल का छिड़काव किया। हर हर महादेव का नारा लगाया। उनका तर्क था कि बाबा गौरीशंकर मंदिर के गेट पर लिखा है कि यहां गैर सनातनियों का प्रवेश वर्जित है।



दूसरी ओर अखिलेश यादव ने कन्नौज के बोर्डिंग ग्राउंड की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- कन्नौज की जनता इस चुनाव में इतिहास बनाने जा रही है। भाजपा को रिकॉर्ड वोटों से हराएगी। भाजपा ने झूठे वादे किए थे, जनता उनसे महंगाई, बेरोजगारी, चुनाव चंदा वसूली और शिक्षा-स्वास्थ्य की बदहाल स्थिति को लेकर सवाल पूछ रही है। इस बार जनता ने भाजपा सरकार को पलट दिया है। जनता भाजपा के खिलाफ पहले दूसरे चरण की तरह तीसरे, चौथे चरण में और ज्यादा मतदान करने जा रही है। अखिलेश ने कहा, अब भाजपा के मन की बात नहीं बल्कि संविधान की बात होगी। भाजपा नेताओं की मनमर्जी नहीं चलेगी। अब 140 करोड़ देशवासियों की बात होगी। भाजपा का सब गणित फेल होगा। यह चुनाव बाबा साहब के संविधान को बचाने का चुनाव है। एक तरफ संविधान बचाने वाले समाजवादी लोग है तो दूसरी तरफ संविधान के भक्षक भाजपा के लोग है। देश की जनता संविधान बचाने वालों के साथ खड़ी हो गयी है। भाजपा का सफाया होना तय है।

# मतदान ड्यूटी कार्मिक और पत्रकार मतदाताओं ने किया मतदान

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 42 कन्नौज संसदीय क्षेत्र के आवश्यक सेवा श्रेणी के मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने के लिए मतदाता सुविधा केंद्र, कलेक्ट्रेट मेन हॉल में बनाया गया है। आज 07मई को एसेंशियल सर्विस के अंतर्गत आने वाले 8 पत्रकार मतदाताओं ने डाक मतपत्र से मतदान किया। शेष एसेंशियल सर्विस के मतदाता दिनांक 08 व 09 को मतदान कर सकेंगे द्य उल्लेखनीय है कि इस बार भारत निर्वाचन आयोग ने एसेंशियल सर्विस के मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्रदान की है जिसमें पत्रकारों द्वारा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया द्य पत्रकारों का कहना है कि आयोग द्वारा दी गयी सुविधा सराहनीय है द्य अधिकतर आवश्यक सेवा में लगे कार्मिक मतदान दिवस के दिन मीडिया कवरेज के कारण कुछ पत्रकार मतदान करने से वंचित रह जाते थे जिसकी पीड़ा आयोग ने समझी और पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने हेतु सुविधा प्रदान की। इसी क्रम सेंट जेवियर्स स्कूल, पुलिस लाइन कन्नौज में दो पालियों में आयोजित मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में डयूटी पर लगे मतदान कार्मिको के द्वारा सेंट जेवियर्स स्कूल में बनें मतदाता सुविधा केन्द्र पर डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार विधानसभा 198-कन्नौज मे 50, 196-छिबरामऊ में 52, 197-तिर्वा में 78 एवं अन्य जनपद में कार्यरत जनपद के मतदाता 22 कुल 202 कार्मिकों ने मतदान किया। जनपद में डयूटी पर लगाये गये आज तक कुल 609 कार्मिकों को ई0डी0सी0 चुनाव डयूटी प्रमाणपत्र वितरित किये गये। इससे मतदान डयूटी पर लगे कार्मिक जिस मतदेय स्थल पर तैनात होगें, उसी मतदेय स्थल पर अपना वोट डाल सकेगें।

# मौसम के साथ ही चढ़ा कन्नौज का भी सियासी पारा
## अमित शाह, राहुल और मायावती सब वोट मांगने आएंगे

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

मौसम के तापमान के साथ ही सियासी पारा भी चरम पर है। इसके साथ ही मतदान दिवस को पांच दिन का समय शेष है। तीसरे चरण का मतदान संपन्न होने के साथ ही राष्ट्रीय नेताओं का फोकस चौथे चरण पर है। इस क्रम में बुधवार को यानी कल गृह मंत्री अमित शाह कन्नौज पहुंचेंगे और भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगेंगे। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की सभा 9 मई को तेराजाकेट में प्रस्तावित है। इसी तरह से 10 मई को सपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी कन्नौज में जनसभा करके गठबंधन के पक्ष में माहौल बनाएंगे। तिर्वा के डीएन कॉलेज छात्रावास मैदान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के स्वागत की तैयारी के क्रम में आज शाम पंडाल बनकर तैयार हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के सूत्रों की मानें तो बुधवार को दोपहर बाद गृह मंत्री



अमित शाह का हेलीकॉप्टर यहां उतरेगा। इसके बाद आयोजित होने वाली विशाल जनसभा को संबोधित कर वे भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोटों की अपील करेंगे। मामला गृहमंत्री का होने से सुरक्षा को लेकर सभी इंतजाम पुलिस व प्रशासन द्वारा पूरे कर लिए गए हैं। बहुजन समाज पार्टी सूत्रों से जानकारी मिली है कि पार्टी सुप्रीमो मायावती परसों यानी नौ मई को तेराजाकेट के एक कॉलेज के मैदान से प्रत्याशी इमरान बिन जफर के पक्ष में वोट मांगेंगी। इस कार्यक्रम को लेकर तैयारी में पार्टी कार्यकर्ता लगे हैं। पिछले चुनाव में सपा से गठबंधन के चलते पार्टी का प्रत्याशी मैदान में नहीं था तो कैडर वोट पूरी तरह भाजपा को गया था। इस बार यह वोट पार्टी के पक्ष में ही जाने के आसार हैं। समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के लिए यह चुनाव प्रतिष्ठा और साख का है। ऐसे में देश भर में प्रचार के साथ ही कन्नौज की जनता से जुड़ाव को भी कम नहीं करना चाहते हैं। यही कारण है कि अब तक तीन दौरे कर चुके हैं और अब 10 मई को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ विशाल जनसभा करने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि कभी कन्नौज की धरती से राजनीति शुरू करने वाले अखिलेश इस बार जीत सुनिश्चित करने के साथ ही इसका अंतर बढ़ाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं हैं। समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के लिए यह चुनाव प्रतिष्ठा और साख का है। ऐसे में देश भर में प्रचार के साथ ही कन्नौज की जनता से जुड़ाव को भी कम नहीं करना चाहते हैं। यही कारण है कि अब तक तीन दौरे कर चुके हैं और अब 10 मई को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ विशाल जनसभा करने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि कभी कन्नौज की धरती से राजनीति शुरू करने वाले अखिलेश इस बार जीत सुनिश्चित करने के साथ ही इसका अंतर बढ़ाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं।

# बिल्हौर में भाजपा नेता के घर चोरों ने साफ किए हाथ

* घटना की जांच पड़ताल में जुटी पुलिस मामले को मान रही संदिग्ध

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**

बिल्हौर तहसील कार्यालय के समीप रेलवे लाइन के दूसरी तरफ वरिष्ठ भाजपा नेता के घर घुसे चोर सूटकेस में रखी नगदी और लैपटॉप चोरी कर फरार हो गए. चोर ज्वैलरी के लिए घर खंगालते रहे. किंतु सफल नहीं हो सके। सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की शांति नगर बिल्हौर निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र गुप्ता कस्बे में बर्तन की दुकान चलाते हैं। व्यवसायी के पुत्र अधिवक्ता रितेश गुप्ता ने बताया रात लगभग 11:30 बजे आगरा से घर पहुंचा था इस कारण लगभग 12 बजे तक घर के सभी लोग जाग रहे थे. इसके पश्चात सभी के सोने के बाद उनके घर में घुसे चोर उनके कमरे में रखा सूटकेस जिसमें 125000 रुपए रखे हुए थे और उनके भाई की जेब में पड़े तीन हजार रुपए तथा एक अन्य कमरे में रखा बेटे का लैपटॉप चोरी कर ले गए। चोरों ने अंदरुनी कमरे में रखी सेफ का लाक आदि खोलकर ज्वैलरी तलाश करने का भी प्रयास किया। किंतु सफल नहीं हो सके। सुबह लगभग 3 बजे जागने पर उन्हें घटना की जानकारी हुई। एसीपी अजय त्रिवेदी ने बताया टीम लगी है जल्द खुलासा होगा।

### दुकानदारी व इमरजेंसी के लिए रखते थे रुपए

घर के बाहरी कमरे में सो रहे व्यवसाई के सर के पास रखे बैग में सोमवार शाम दुकान से बिक्री कर लाए गए लगभग बीस हजार रुपए रखे थे। वो वैसे ही रखें रहे और कमरे में रखे पैसों के सूटकेस के अतिरिक्त अन्य किसी भी सामान को टच नहीं किया। व्यवसायी के अनुसार वह अपने सूटकेस में दो से तीन लाख रुपए हमेशा किसी इमरजेंसी से निपटने के लिए रखते थे।


### घटना को संदिग्ध मान रही पुलिस

जहां एक ओर पीड़ित परिवार छत के रास्ते चोरों के घर में घुसने की आशंका जाहिर कर रहा है. वहीं पुलिस का मानना है कि जब घर चारों तरफ से बंद था तो चोरों की एंट्री घर में कैसे हुई. कहीं वह शाम को ही तो घर में छुपकर नहीं पड़ गया था. कमरे से केवल सूटकेस को ही उठाना भी किसी जानकार आदमी का काम प्रतीत होता है. कहीं इसमें किसी करीबी का ही हांथ तो नहीं।

### बेटे को दे देते तो बच जाते रुपए

व्यवसायी के अनुसार उनके बेटे को एक लाख रुपए की आवश्यकता थी। बेटे के मांगने पर उन्होंने देने के लिए भी कह दिया था। लेकिन उससे पहले ही घर में चोरी हो गई। बेटे के मांगने पर उसे तुरंत रुपए दे दिए होते तो शायद बच जाते।

# ककवन पट्टा की याचिका प्रयागराज हाईकोर्ट मे खारिज




**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में वर्ष 2020-21 मे ककवन ग्राम पंचायत मे हुए कृषि आंवटन और आवासीय आवंटन को चैलेंज करते हुए प्रयागराज उच्च न्यायालय में राम जी द्वारा याचिका डाली गई थी तथा आवंटन प्रक्रिया में तत्कालीन उपजिलाधिकारी व ग्राम प्रधान द्वारा प्रस्ताव को अवैध बताया था जिसमें यह भी बताया गया कि मानक के विपरीत जाकर पात्रताओं का चयन किया गया इसके बाद जनहित याचिका हाईकोर्ट में दाखिल की गई थी जिसको उच्च न्यायालय ने अवैध करार करते हुए खारिज कर दिया है ग्राम प्रधान राजू स्वर्णकार ने बताया कि जस्टिस मनीष कुमार निगम ने आवंटन प्रक्रिया पर किसी भी टिप्पणी से इंकार करते हुए जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। बता दें कि पूर्व मे हुआ पट्टों के पुर्नविचार की याचिका पूर्व प्रधान स्वराम सिंह के द्वारा भी उच्च न्यायालय मे डाली गई थी। जिसको भी माननीय न्यायालय ने खारिज कर दिया था। वही मामले में ग्राम प्रधान राजू स्वर्णकार द्वारा बताया गया कि इससे पहले के कार्यकाल में प्रीति सोनी के द्वारा आवंटन किया गया था जिसको लेकर तमाम लोग विवाद खड़ा किया था लेकिन माननीय उच्च न्यायालय ने अपना आदेश सुनाया जिसके कारण सत्य की जीत हुई। आदेश की सूचना लगते ही ग्राम सभा के पट्टा धारक गरीब भगवान के मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की ओर प्रसाद बांटा उन्होंने कहा गरीबों को अब झोपड़ी बनाने से कोई नेता नहीं रोक सकता है। भगवान ने हम सबकी सुन ली है बड़ा मुश्किल से हमको आवास के लिए पट्टे हुए थे वहीं पर गांव के ही छुट भैया नेता निरस्त कराने में लगे थे और धमकाते थे कि हमको भी समझो नहीं तो हम पट्टा कैंसिल करा देंगे यह लोग बेवजह परेशान कर रहे थे।

# कांग्रेस ने बाबा साहेब की पीठ में छुरा घोंपा : पीएम

## एमपी में कहा, हमें 400 सीटें चाहिए ताकि मैं कांग्रेस-इंडी की हर साजिश को रोक सकूं




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। खरगोन/धार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर कांग्रेस पर धर्म के नाम पर आरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कर्नाटक का उदाहरण देकर कांग्रेस और इंडी अलायंस को घेरा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब अंबेडकर की पीठ में छुरा घोंपा है। संविधान की पीठ में छुरा घोंपा है। मोदी ने कांग्रेस के सारे वादों इरादों की पोल खोल दी है। पीएम मोदी ने मंगलवार को खरगोन और धार में चुनावी सभाएं की। उन्होंने कहा कि मुझे 400 सीटें चाहिए ताकि मैं कांग्रेस और इंडी गठबंधन की हर साजिश को रोक सकूं। उन्होंने कहा कि जब तक मोदी जिंदा है। नकली सेक्युलरिज्म के नाम पर भारत की पहचान मिटाने की कोई भी कोशिश मोदी सफल नहीं होने देगा। पीएम का ये 7वां दौरा है। वे एमपी में अब तक 8 जनसभा और 2 रोड शो कर चुके हैं। पीएम मोदी ने कहा- इस बार कांग्रेस और उनके सब साथियों को चुन-चुनकर राजनीति से साफ कर देना। ये बाबा साहब अंबेडकर को बड़ी श्रद्धांजलि होगी। क्योंकि उन्होंने बाबा साहब अंबेडकर की पीठ में छुरा घोंपा है। संविधान की पीठ में छुरा घोंपा है। मोदी ने कांग्रेस के सारे वादों इरादों की पोल खोल दी है।

### कांग्रेस, इंडी गठबंधन की साजिश रोकने के लिए चाहिए 400 सीटें

पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले आजकल एक नई अफवाह उड़ा रहे हैं। ये कहते हैं कि मोदी को 400 सीटें मिल गई तो वो संविधान बदल देगा। ऐसा झूठ चलाते हैं। मोदी को 400 सीटें चाहिए ताकि मैं कांग्रेस और इंडी गठबंधन की हर साजिश को रोक सकूं।

मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस का पाकिस्तान प्यार चरम पर पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन वाले अपनी अपनी विरासत बचाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। इंडी वालों की एक फेवरेट कहावत है। आपना काम बनता... भाड़ में जाए जनता... इस लोकसभा चुनाव में एक महीने के अंदर एमपी

### कांग्रेस का परिवार बाबा साहब अंबेडकर से नफरत करता है

मोदी ने कहा- परिवारवादियों ने अपना महिमा मंडन करने के लिए झूठा इतिहास लिखा और अब ये संविधान को लेकर भी झूठ गढ़ने लगे हैं। कांग्रेस का ये परिवार बाबा साहब अंबेडकर से घोर नफरत करता है। कांग्रेस ने अंबेडकर की राजनीति को खत्म करने की हर साजिश रची।

### भारत की पहचान मिटाने की कोशिश सफल नहीं होने दूंगा

पीएम मोदी ने कहा, मैं आज दो टूक कह रहा हूं। ये कांग्रेस वाले और उनके सारे चट्टे-बट्टे जरा कान खोलकर सुन लो। जब तक मोदी जिंदा है। नकली सेक्युलरिज्म के नाम पर भारत की पहचान मिटाने की कोई भी कोशिश मोदी सफल नहीं होने देगा। ये हजारों वर्ष पुराने भारत को उसकी इस संतान की गारंटी है।

### मैंने कांग्रेस के दिमाग का एक्सरे किया है

पीएम मोदी ने कहा- शहजादे तो ऐसी चीज लेकर आए हैं कि दुनिया में ऐसा कोई सोच ही नहीं सकता। वो कहते हैं आपकी संपत्ति का एक्सरे करेंगे। मैंने कांग्रेस का सबका एक्सरे करके रखा है। उनके दिमाग का एक्सरे किया है।

### कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है

मोदी ने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस सरकार है, उन्होंने रातों-रात सरकारी हुकूम निकाला। ऐसा कानून निकाला कि कर्नाटक में जितने मुसलमान हैं उन्हें ओबीसी बना दिया। इसी मॉडल को वे पूरे देश में लागू करना चाहते हैं।

### कांग्रेस की नजर आपकी कमाई और आपके आरक्षण पर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, कांग्रेस की नजर आपकी कमाई और आपके आरक्षण पर पड़ी है। वह किसी न किसी बहाने आपकी संपत्ति भी लूटना चाहते हैं और आपके आरक्षण पर भी डाका डालना चाहते हैं। तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस एससी-एसटी-ओबीसी के हक का आरक्षण धर्म के आधार पर लूट चलाकर बांटना चाहती है।

### कांग्रेस का पाकिस्तान प्यार चरम पर पहुंच गया है

पीएम मोदी ने कहा, ये लोग देश में आग लगाने की बातें कर रहे हैं। कांग्रेस-इंडिया गठबंधन को आस्था और देशहित की परवाह है। कांग्रेस का पाकिस्तान प्यार चरम पर पहुंच रहा है। कांग्रेस के एक पूर्व सीएम ने कहा- हमारी सेना आतंकी हमले करती है, पाकिस्तान तो निर्दोष है।

### एक धर्म के लोगों को एकजुट होकर वोट देने को कहा जा रहा

कांग्रेस के लोगों ने भी घोषणा कर दी है कि मोदी के खिलाफ वोट जिहाद करो यानी मोदी के खिलाफ एक खास धर्म के लोगों को एक जुट होकर वोट करने को कहा जा रहा है। कांग्रेस किस स्तर पर उतर आई है। निराशा ने कांग्रेस को कहां ले जाकर पटका है। क्या वोट जिहाद आपको मंजूर है।

### गठबंधन की कहावत, अपना काम बनता भाड़ में जाए जनता

इंडी गठबंधन वाले अपनी अपनी विरासत बचाने के लिए चुनाव लड़ रहे। अपने बच्चों को अपनी पार्टी सौंपकर जाने के लिए। इन्हें आपके सुख दुख से कोई फर्क नहीं पड़ता। इंडी वालों की एक फेवरेट कहावत है। आपना काम बनता... भाड़ में जाए जनता...

# कश्मीर के कुलगाम में 2 आतंकी ढेर

## लश्कर कमांडर बासित डार मारा गया, फायरिंग से घर में आग लगी, इसी में आतंकी छिपे थे



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। श्रीनगर

जम्मू कश्मीर के कुलगाम में मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने 2 आतंकवादी को मार गिराया। अभी भी एनकाउंटर जारी है। ऑपरेशन पूरा होने के बाद मारे गए आतंकवादियों की पहचान की जाएगी। एनकाउंटर में लश्कर का टॉप कमांडर बासित डार मारा गया है। उस पर 10 लाख रुपए का इनाम घोषित था। बासित कश्मीर में कई गैर स्थानीय और अन्य लोगों की हत्या में शामिल रहा है। इसके अलावा मारे जाने वाले दूसरे व्यक्ति का नाम फहीम अहमद है। वह ओवर ग्राउंड वर्कर था, जो आतंकियों की मदद करता था। हालांकि, फहीम को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। एनकाउंटर के दौरान सुरक्षाबलों ने उस घर में ब्लास्ट किया, जहां आतंकी छिपे थे। इससे घर में आग लग गई। मारे गए दोनों आतंकियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि उन्हें रेडवानी पाईन इलाके में आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सोमवार देर रात तलाशी अभियान शुरू किया था, जो मुठभेड़ में बदल गया।

### 4 मई को हुआ था आतंकी हमला

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में 4 मई को एयरफोर्स के जवानों पर हुए आतंकी हमले में एक जवान शहीद हो गया। हमले में पांच जवान घायल हुए। इलाज के दौरान एक जवान की मौत हो गई। यह हमला पुंछ के शाहसितार इलाके में हुआ। आतंकियों ने सुरक्षाबलों के दो वाहनों पर भारी फायरिंग की। इसमें से एक वाहन एयरफोर्स का था। दोनों गाड़ियां सनाई टॉप जा रही थीं। आतंकियों की गोलियां वाहन के सामने और साइड वाले शीशे को पार कर गईं।

# भाजपा में शामिल हुईं राधिका खेड़ा, बोलीं, राम और हिंदू विरोधी है कांग्रेस

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस की प्रवक्ता रहीं राधिका खेड़ा ने भाजपा का दामन थाम लिया है। खेड़ा ने दो दिन पहले कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिया था। राधिका खेड़ा ने अपने साथ छत्तीसगढ़ में दुर्व्यवहार करने और साजिश रचने का आरोप लगाया था। बीजेपी में शामिल होने के बाद कांग्रेस की पूर्व नेता राधिका खेड़ा ने कहा कि रामभक्त होने के नाते रामलला के दर्शन करने पर कौशल्या माता की धरती पर मेरे साथ दुर्व्यवहार किया गया। खेड़ा ने कहा कि मुझे भाजपा सरकार, मोदी सरकार का संरक्षण नहीं मिला था। आज की कांग्रेस महात्मा गांधी की कांग्रेस नहीं है, यह राम विरोधी, हिंदू विरोधी कांग्रेस है। इससे पहले राधिका खेड़ा ने कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद कहा था कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस के संचार विभाग के चेयरमैन सुशील आनंद शुक्ला ने अपने दो साथियों के साथ रायपुर के पार्टी ऑफिस में उनके साथ अभद्रता करने की कोशिश की। जब उन्होंने इसके बारे में पार्टी के शीर्ष नेताओं को जानकारी दी, तब आरोपी नेताओं के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की गई। यहां तक कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और जयराम रमेश तक सबको इस आपत्तिजनक घटना के बारे में बताया गया, लेकिन आरोपी नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद हताश होकर उन्होंने कांग्रेस पार्टी को अलविदा कह दिया। राधिका खेड़ा ने कहा था कि घटना 30 अप्रैल की है। शाम को लगभग छह बज रहे थे। मैं पार्टी ऑफिस में कुछ काम कर रही थी। उसी समय छत्तीसगढ़ कांग्रेस का प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला अपने दो साथियों - नितिन भंसाली और सुरेंद्र वर्मा - के साथ कमरे में आया। ये दोनों लोग भी छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रवक्ता हैं। इसके एक साथी ने कमरा पीछे से बंद कर लिया। कमरा किसने बंद किया, यह मैं नहीं देख पाई, लेकिन कमरा बंद होने की आवाज सुनते ही मैंने अपना फोन निकाल लिया और कैमरा चालू कर दिया। मैंने चिल्लाना शुरू कर दिया। इसके बाद बाहर निकलकर मैंने इस घटना की जानकारी सबको दी। लेकिन किसी ने कोई कार्रवाई नहीं की। जब इस घटना के छह दिन बीत जाने के बाद भी ऐसे अपराधियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, मैंने कांग्रेस छोड़ने का फैसला कर लिया।

# शराब घोटाला: सीबीआई मामले में मनीष सिसोदिया को बड़ा झटका, 15 मई तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मामले में एक बार फिर दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को झटका लगा है। सीबीआई मामले में मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 15 मई तक बढ़ा दी है। इससे पहले बीती तीन मई को उच्च न्यायालय ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की ओर से आबकारी नीति मामले में जमानत की मांग को लेकर दायर याचिकाओं पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने मामले की सुनवाई आठ मई तय की है। अदालत ने सिसोदिया को सप्ताह में एक बार हिरासत में पत्नी से मिलने की इजाजत भी दे दी। दरअसल, ईडी ने कहा कि उसे पत्नी से मिलने के लिए हिरासत में पैरोल की मांग करने वाली सिसोदिया की याचिका पर कोई आपत्ति नहीं है। ट्रायल कोर्ट ने 30 अप्रैल को सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की गई थी। सिसोदिया 26 फरवरी, 2023 से हिरासत में हैं।

# केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने नहीं दिया कोई फैसला, बिना आदेश दिए उठी बेंच

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



दिल्ली शराब घोटाले में जेल में बंद दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई, लेकिन सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की बेंच बिना कोई आदेश दिए उठ गई। अब सुप्रीम कोर्ट बेंच गुरुवार या फिर अगले हफ्ते केजरीवाल की याचिका पर आदेश पारित कर सकती है। केजरीवाल ने कोर्ट में अंतरिम जमानत देने की मांग की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए 3 मई को जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा था कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर विचार किया जा सकता है ताकि वे चुनाव प्रचार में शामिल हो सकें।

### सिंघवी बोले, केजरीवाल के खिलाफ सबूत नहीं

केजरीवाल की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की तरफ से एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलीलें रखीं। केजरीवाल के वकील सिंघवी का कहना है कि मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई सबूत नहीं हैं और उनकी गिरफ्तारी गैरकानूनी है। जांच एजेंसी के सामने पेश न होना गिरफ्तारी का आधार नहीं हो सकता। वहीं एसवी राजू का कहना है कि गिरफ्तारी का फैसला सिर्फ जांच अधिकारियों का ही नहीं था, बल्कि एक स्पेशल जज द्वारा भी इसका फैसला लिया गया था। सिंघवी से कहा कि अगर हम अंतरिम जमानत देते हैं तो केजरीवाल बतौर सीएम आधिकारिक काम नहीं कर पाएंगे क्योंकि इससे समस्या हो सकती है और हम सरकार के कामकाज में दखल नहीं देना चाहते।

### ईडी ने किया केजरीवाल की जमानत का विरोध

मामले की सुनवाई के दौरान ईडी ने कोर्ट को बताया कि अरविंद केजरीवाल साल 2022 में गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान 7 स्टार ग्रैंड हयात होटल में ठहरे थे और होटल के बिल का भुगतान चनप्रीत सिंह द्वारा किया गया था। चनप्रीत सिंह पर आरोप है कि गोवा चुनाव में आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार के लिए उन्हें ही कथित तौर पर फंड मिला था। ईडी के वकील एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत का विरोध करते हुए कहा कि यह राजनीति से प्रेरित मामला नहीं है। हम इस मामले में हो रही राजनीति को लेकर चिंतित नहीं हैं, लेकिन हमारी चिंता सबूतों को लेकर है। शुरुआत में अरविंद केजरीवाल पर हमारा फोकस नहीं था और न ही ईडी केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई का विचार कर रही थी, लेकिन जैसे जैसे जांच आगे बढ़ी तो केजरीवाल की भूमिका साफ हो गई।

### केजरीवाल की जमानत पर कोर्ट के 4 कमेंट

1. जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा- केजरीवाल कोई आदतन अपराधी नहीं हैं।
2. यह एक अभूतपूर्व परिस्थिति है। लोकसभा चुनाव जारी हैं। वो दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री हैं।
3. अगर चुनाव नहीं चल रहे होते तो अंतरिम जमानत का सवाल ही नहीं उठता था।
4. चुनाव 5 साल में सिर्फ एक बार होते हैं।

### जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट की शर्त

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अगर जमानत दी जाती है तो केजरीवाल सरकारी काम में दखल नहीं देंगे। वो अपने आधिकारिक कार्य नहीं करेंगे। ऐसा हुआ तो हितों का टकराव पैदा होगा और हम यह नहीं चाहते।

### अरविंद केजरीवाल ने शर्त मानी

केजरीवाल ने कहा- हम किसी फाइल पर साइन नहीं करेंगे। शर्त है कि एलजी किसी भी काम को इस आधार पर ना रोकें कि फाइल पर साइन नहीं है। ऐसा कुछ नहीं बोलूंगा, जो नुकसान पहुंचाने वाला हो।

# पुलिस ने प्रसारित किए प्रज्ज्वल के अश्लील वीडियो: कुमारस्वामी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू

जेडीएस नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना के अश्लील वीडियो मामले में कर्नाटक के पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी ने राज्य के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार पर गंभीर आरोप लगाए। कुमारस्वामी ने कहा कि इस मामले में गंदी राजनीति की जा रही है। कुमारस्वामी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जो घटना घटी, वो नहीं होनी चाहिए थी। 21 अप्रैल को पूरे राज्य में एक पैन ड्राइव प्रसारित की गई। पुलिस अधिकारियों ने भी इस पैन ड्राइव को प्रसारित किया। इसे बंगलूरू ग्रामीण, मांड्या और हासन सीटों पर जानबूझकर प्रसारित किया गया। कुमारस्वामी ने बताया 21 अप्रैल की रात नवीन गौड़ा नाम के एक शख्स ने प्रज्ज्वल रेवन्ना के वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किए। जिसके खिलाफ हासन सीट पर प्रज्ज्वल रेवन्ना के चुनाव एजेंट पूर्णचंद्र ने हासन पुलिस में 22 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई।

# रील बनाने के लिए लगा दी जंगल में आग, डीजीपी बोले, लोगों की मानसिकता हो चुकी खराब

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। देहरादून




जंगल में जान बूझकर आग लगाने के मामले में पुलिस ने 10 मुकदमे दर्ज किए हैं। इनमें चार लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि छह अज्ञात हैं। वन विभाग ने 351 मुकदमे दर्ज किए हैं, जिसमें 290 अज्ञात, जबकि 61 नामजद मुकदमे हैं। पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार के मुताबिक, वन, पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम ऐसे लोगों की पहचान कर रही है। डीजीपी अभिनव कुमार ने कहा, कुछ लोगों की मानसिकता इतनी खराब हो चुकी है कि रील बनाने के लिए जंगल में आग लगा दी। ऐसे एक मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं मुख्य सचिव ने कहा, सरकार उन गांवों को पुरस्कृत करेगी, जहां ग्रामीणों ने अपने गांवों को जंगल की आग से बचाने का काम किया है। वनाग्नि प्रबंधन समिति के तहत भी पुरस्कार की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में जंगल की आग बेकाबू हो गई है। गढ़वाल से कुमाऊं तक सोमवार को 20 जगह जंगल धधके, जिससे 52 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र जल गया। गढ़वाल में सबसे अधिक 10 और कुमाऊं में नौ घटनाएं हुई हैं। आग पर काबू पाने के लिए एनडीआरएफ के साथ ही एयरफोर्स की मदद ली जा रही है। हेलिकॉप्टर से दो राउंड में लगभग पांच हजार लीटर पानी का छिड़काव किया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया, हेलिकॉप्टर से आग बुझाने का अभियान जारी रहेगा। वहीं, कृत्रिम बारिश के लिए तकनीकी संस्थाओं को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

# व्लादिमीर पुतिन 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बने

## 33 शब्दों में शपथ ली, कहा, दुश्मनों से भी रिश्ते सुधारेंगे, सेना ने 21 तोपों की सलामी दी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मॉस्को



व्लादिमीर पुतिन 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बन गए हैं। मॉस्को के ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस में पुतिन ने 33 शब्दों में शपथ ली। यह वही जगह है, जहां रूस के जार परिवार के 3 राजाओं (एलेक्जेंडर 2, एलेक्जेंडर 3 और निकोलस 2) की ताजपोशी हुई थी। शपथ के बाद पुतिन ने कहा, हम और मजबूत होंगे। हम उन देशों के साथ अपने रिश्ते मजबूत करेंगे जो हमें दुश्मन समझते हैं। मैं जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए हरसंभव कोशिश करूंगा। रूस में 15-17 मार्च को हुए चुनाव में पुतिन को 88 प्रतिशत वोट मिले थे। उनके विरोधी निकोले खारितोनोव को सिर्फ 4 प्रतिशत वोट मिले थे। रूस में हुए पुतिन के शपथ ग्रहण समारोह का अमेरिका, ब्रिटेन और कई यूरोपीय देशों ने बहिष्कार किया है। पुतिन ने इससे पहले साल 2000 में पहली बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। इसके बाद से 2004, 2012 और 2018 में भी वे राष्ट्रपति बन चुके हैं। शपथ के बाद अपनी स्पीच में पुतिन ने कहा कि हम पश्चिमी देशों के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। यह उन पर निर्भर करता है कि वे हमसे बातचीत करना चाहते हैं या नहीं। पश्चिमी देशों ने लगातार रूस में विकास को रोकने की कोशिश की है।

### शपथ ग्रहण में कौन-कौन शामिल हुआ

शपथ ग्रहण समारोह में रूस की फेडरेल काउंसिल के सदस्य (सीनेट के सांसद), स्टेट डूमा के सदस्य (निचले सदन के सांसद), हाईकोर्ट के जज, अलग-अलग देशों के राजदूत और डिप्लोमैटिक कॉर्प्स शामिल हुए। 2018 में पुतिन के चौथे शपथ ग्रहण में जर्मनी के पूर्व चांसलर जेरहार्ड श्रोडर समेत करीब 6 हजार लोग मौजूद रहे थे। इसका लाइव टेलीकास्ट भी किया गया था। समारोह के बाद रूस के ऑर्थोडॉक्स चर्च के प्रमुख पेट्रिआर्क राष्ट्रपति के साथ कैथेड्रल चर्च में प्रार्थना की। यह प्रथा साल 1498 से जारी है, जब मॉस्को के प्रिंस दिमित्री इवानोविच का विवाह हुआ था। सेरेमनी की शुरुआत में रूस का प्रेसिडेंशियल बैंड वही धुन बजाता है, जो 1883 में एलेक्जेंडर 3 की ताजपोशी के वक्त बजाई गई थी।

# मुसलमानों को तो आरक्षण मिलना ही चाहिए: लालू यादव

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना



लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी समेत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी नेता मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर इंडी गठबंधन पर हमला कर रहे। दरभंगा की जनसभा में पीएम मोदी ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस और राजद पूरे देश में कर्नाटक मॉडल लागू करना चाहती है। पिछड़ों का हक छीन मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है। अब इस मामले पर इंडी गठबंधन के वरीय नेता और राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने बड़ा बयान दिया है।

### पीएम मोदी-अमित शाह जनता को भड़का रहे

ओबीसी का हक छीन कर मुसलमानों को देने के सवाल पर लालू प्रसाद ने स्पष्ट कहा कि मुसलमानों को तो आरक्षण मिलना ही चाहिए। लालू प्रसाद ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह जनता को भड़का रहे हैं। इंडी गठबंधन से डर गए हैं। इसलिए जनता को भड़का रहे हैं। कांग्रेस की सरकार बनने पर धर्म के आधार पर आरक्षण के सवाल पर लालू प्रसाद ने कहा कि एनडीए वालों संविधान को खत्म करना चाहते हैं। लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। जनता के जेहन में यह बात आ गई है। जनता सब कुछ समझ चुकी है।

### भाजपा ने किया पलटवार

राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने लालू के बयान पर पलटवार करते हुए एएनआई से कहा, भाजपा और पीएम मोदी जिन आशंकाओं को व्यक्त कर रहे थे वे अब पूरी तरह से सच साबित होती दिख रही है। मुस्लिम आरक्षण का जिन्न इंडी गठबंधन के चिराग से बाहर निकल कर दक्षिण से लेकर अब गंगा के मैदान तक पहुंच कर भारत के आकाश पर दिख रहा है। लालू प्रसाद यादव ने जो बयान दिया है उसमें गौर करने लायक बात ये है कि हां मिलना चाहिए। आगे सबसे गंभीर शब्द था पूरा का पूरा यदि पूरा का पूरे मुस्लिम समाज को आरक्षण मिलना चाहिए तो ये साफ हो गया कि एससी, एसटी और ओबीसी का हिस्सा मारकर वे मुस्लिम समाज को आरक्षण देना चाहते हैं। ये आशंका सत्य साबित हो गई। इससे एक और बात साफ हो गई की अब राजद के वाई समीकरण में रूप्राथमिक हो गया और वाई पीछे रह गया। प्रचलित धारणा के हिसाब से रूका अर्थ मुस्लिम और वाईयादव माना जाता था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)